खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम : 09°C

मुरादाबाद, गुरुवार 4 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 110 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार : राहुल पेज 2



विराट कोहली वनडे बैटिंग रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंचे खेल टाइम्स



भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना सम्पादकीय



अफगानिस्तान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा पेज 12



हैदराबाद : सिकंदराबाद में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते अग्निवीर।

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे



■ रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी, जंग के समय मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते (आरईएलओएस) को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज व संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था। रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा। इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी। इस समझौते के तहत जंग या किसी सैन्य संघर्ष के दौरान मिलिट्री बेस इस्तेमाल करने की इजाजत -शेष पृष्ठ दो पर

## पुतिन की यात्रा से पहले दिल्ली में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू हो रही दो दिवसीय भारत यात्रा से पहले राष्ट्रीय राजधानी में असाधारण, बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह हाई-प्रोफाइल यात्रा दिल्ली में लाल किले के पास हुए पूरे देश को झकझोर देने वाले आतंकी हमले के ठीक 25 दिन बाद हो रही है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। इसे देखते हुए सात-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रूसी खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं। और सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनके यात्रा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपी व यूपी समेत 5 राज्यों के एयरपोर्ट पर उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों के एयरपोर्ट में बुधवार को उड़ानें प्रभावित रहीं। इनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं। कहीं पर तकनीकी समस्या को वजह बताया गया तो किसी एयरपोर्ट पर क्रू की कमी की बात सामने आई। दिल्ली में चेक इन प्रोसेस में दिक्कत आई, जिसके बाद उसे मैन्युअल कर दिया गया। सबसे ज्यादा असर इंडिगो की फ्लाइट पर पड़ा। देशभर में इसकी 70 उड़ानें कैंसिल की गईं। जिसमें से 11 मध्य प्रदेश की थीं। वहीं हैदराबाद में 13, बेंगलुरु में 42 फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ीं। वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्रियों को बताया गया कि माइक्रोसॉफ्ट विंडोज ने दुनियाभर में बड़ी सर्विस आउटेज की रिपोर्ट दी है।

### राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, बीकानेर में तापमान 4.7 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में दिसम्बर की शुरुआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार से तापमान और गिर सकता है। इसका असर इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा और सर्दी बढ़ेगी। इससे पहले मंगलवार को भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रहा। राजस्थान में बुधवार से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्डवेव का येलो अलर्ट रहेगा। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### प. बंगाल में 32000 टीचर्स की नौकरी नहीं जाएगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 32000 प्राइमरी टीचर्स की नौकरी अब नहीं जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने बुधवार को 2023 का फैसला पलट दिया। जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस रीताब्रत कुमार मित्रा की बेंच ने कहा कि 9 साल बाद नौकरी खत्म करने का प्राइमरी टीचरों और उनके परिवारों पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। 2023 में जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय की सिंगल बेंच ने 2016 में भर्ती हुए टीचरों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। इस भर्ती के खिलाफ कुछ कैंडिडेट ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

# सरकार ने संचार साथी एप की अनिवार्यता हटाई

## कहा: इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही, जन भागीदारी बढ़ाना था उद्देश्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संचार साथी एप को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है..




■ एप पर बढ़ रहा था राजनीतिक घमासान
■ अब तक 1.4 करोड़ डाउनलोड
■ रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्रॉड मामलों की जानकारी भेज रहे

. संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन को हटाने का फैसला लिया है। बता दें कि केंद्र सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 28 नवम्बर को सरकार से आदेश मिलने -शेष पृष्ठ दो पर

### डुप्लीकेट IMEI नंबर से बढ़ रहा साइबर क्राइम

**नई दिल्ली।** भारत में 1.2 अरब से ज्यादा मोबाइल यूजर्स हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा मार्केट है, लेकिन फर्जी या डुप्लीकेट आईएमईआई नंबर की वजह से साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आईएमईआई एक 15 डिजिट का यूनीक कोड होता है, जो फोन की पहचान करता है। अपराधी इसे क्लोन करके चोरी के फोन को ट्रैक से बचाते हैं, स्कैम करते हैं या ब्लैक मार्केट में बेचते हैं। सरकार का कहना है कि यह एप पुलिस को डिवाइस ट्रेस करने में मदद करेगा। सितम्बर में डीओटी ने बताया था कि 22.76 लाख डिवाइस ट्रेस हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि संचार साथी एप से यूजर्स को सीधा फायदा मिलेगा। चोरी का फोन होने पर आईएमईआई चेक करके तुरंत ब्लॉक कर सकेंगे। फ्रॉड कॉल रिपोर्ट करने से स्कैम कम होंगे, लेकिन एप डिलीट न होने से प्राइवेसी ग्रुप्स सवाल उठा सकते हैं। सरकार के मुताबिक, यूजर कंट्रोल कम होगा। भविष्य में एप में और फीचर्स जुड़ सकते हैं, जैसे बेहतर ट्रैकिंग या एआई बेस्ड फ्राड डिटेक्शन। डीओटी का कहना है कि यह टेलीकॉम सिक्योरिटी को नेक्स्ट लेवल पर ले जाएगा।

# बांग्लादेश डिपोर्ट की गई गर्भवती महिला को वापस लाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: कानून इंसानियत से बड़ा नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह नौ महीने की गर्भवती सोनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए परिवार को वापस भारत लाने की मांग की गई थी।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी। उन्होंने साफ किया कि यह अनुमति मानवीय आधार पर होगी। इससे नागरिकता से जुड़े मुद्दों पर सरकार का रुख प्रभावित नहीं होगा। दरअसल सोनाली खातून और परिवार के 5 लोगों को बांग्लादेशी होने के शक में जून में दिल्ली से हिरासत में लिया गया था। इसके बाद 27 जून को उन्हें सीमा पार बांग्लादेश भेज दिया गया था। कोर्ट इस मामले में आगे की कार्यवाही 10 दिसम्बर को करेगा, जिसमें परिवार के अन्य सदस्यों की वापसी पर सुनवाई होगी। सोनाली, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस को उनके बांग्लादेशी होने का शक था।

केंद्र सरकार ने जून में परिवार को देश से निकाला था



### 15 मिनट में बात खत्म कीजिए, दिल्ली दंगा मामले में आरोपियों के वकीलों को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को एक महत्वपूर्ण निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में बहस काफी लंबी हो चुकी है, इसलिए अब समय सीमा तय की जा रही है। अदालत ने आरोपियों के वकीलों से कहा कि वे अपनी मौखिक दलीलें 15 मिनट में सीमित रखें। इस दौरान न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने यह भी कहा कि आरोपियों की दलीलों पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की तरफ से की जाने वाली सफाई या जवाब 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 9 दिसम्बर के लिए तय की है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के वकीलों को उनके स्थायी पते जमा करने का भी निर्देश दिया।

# जल्द लागू होगी ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता को मजबूत करने के उद्देश्य से खिड़की से मिलने वाले तत्काल टिकटों के लिए ओटीपी आधारित टिकट वितरण प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।



रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह नई व्यवस्था अगले कुछ दिनों में देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर लागू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रेलवे ने जुलाई में ऑनलाइन तत्काल टिकटों के लिए 'आधार' ओटीपी सिस्टम लागू किया था। इसके बाद अक्टूबर में सभी सामान्य आरक्षण बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली शुरू की गई थी। इन दोनों पहल को यात्रियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया, जिससे टिकट वितरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी। विज्ञप्ति के मुताबिक रेलवे द्वारा नवम्बर में काउंटर बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित तत्काल टिकट प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था।

# दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भाजपा को दो सीटों का नुकसान

■ नौ से घटकर सात सीटें हुईं, कांग्रेस का खाता खुला, 'आप' की तीन सीटें बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों पर उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने 7, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस-ऑल इंडिया फॉर्वर्ड ब्लॉक ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है। इससे पहले 12 वार्डों में से 9 भाजपा और 3 आप के पास थे।

दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद हुए इस पहले चुनाव में पार्टी को 2 सीटों का नुकसान हुआ है। वहीं, कांग्रेस अपना खाता खोलने में कामयाब रही है। बीजेपी ने जिन वार्डों में जीत दर्ज की उनमें द्वारका-बी, अशोक विहार, ग्रेटर कैलाश, दिचाऊं कलां, शालीमार बाग-बी, विनोद नगर और चांदनी चौक शामिल हैं। आप ने नरैना, मुंडका, दक्षिणपुरी और एक अन्य सीट जीती। कांग्रेस के सुरेश चौधरी ने संगम विहार-। से 3628 वोटों की बढ़त से जीत हासिल की। यह कांग्रेस की एकमात्र जीत रही। चांदनी महल से एआईएफबी के मोहम्मद इमरान जीते। इन 12 वार्डों में मतदान 30 नवम्बर को हुआ था। इस बार मतदान प्रतिशत 38.51 फीसदी रहा, जो 2022 में 250 वार्डों पर हुए चुनावों के 50.47 फीसदी टर्नआउट से काफी कम है। इस उपचुनावों में भाजपा ने जिन 2 सीटों को खोया है, वो दोनों सीट आप को मिली है। आप को भी अपनी 2 पुरानी सीटों पर हार मिली, इस वजह से उसके पास पहले की तरह 3 ही सीटें रही।

# कांग्रेस ने मोदी का चाय बेचते एआई वीडियो किया पोस्ट

■ चाय बोलो, चाय चाहिए बोलते दिखाया गया
■ भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें पीएम को चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है।

दूसरे हाथ में ग्लास है। वीडियो में मोदी को जोर-जोर से चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए बोलते दिखाया गया गया है। एआई वीडियो में पीएम रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस एआई वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डा. रागिनी नायक ने पोस्ट किया है। रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नामदार कांग्रेस ओबीसी समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से पीएम का एआई वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितम्बर को बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पीएम मोदी और उनकी मां का एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था कि साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। वीडियो में दो किरदार दिखाए गए। इनमें एक बुजुर्ग महिला को दिखाया गया, जो शक्ल से पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन जैसी दिख रही थीं।



# मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

जगदलपुर, वार्ता

■ ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद, और बढ़ सकती है मारे गए नक्सलियों की संख्या

**दंतेवाड़ा व** बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान बलिदान हो गए हैं, जबकि दो जवान घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी, जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एएलआर राइफलें, .303 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया है। मारे गए माओवादियों की पहचान की जा रही है। इस ऑपरेशन में बीजापुर डीआरजी के दो जवान बलिदान हो गए हैं। बलिदान हुए जवानों के नाम प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी, डीआरजी, आरक्षक दुकारू गोंडे, डीआरजी, जवान रमेश सोड़ी, डीआरजी हैं। बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चौतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चौतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया 90.30 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर गिरा

**मुंबई।** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नए निचले स्तर तक गिर गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था। शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी। बाजार में अभी कारोबार जारी है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी रुपया कमजोर हुआ।

### बीएचयू में जमकर हुआ बवाल, छात्रों व सुरक्षाकर्मियों में पथराव

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर पथराव हुआ। परिसर कुछ देर के लिए जंग के मैदान जैसा बन गया। तोड़फोड़ में कई गमले, वाहन और कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलते ही कई थानों की पीएसी बल मौके पर पहुंचा तथा काफी मशक्कत के बाद स्थिति नियंत्रित की। घटना की शुरुआत राजाराम छात्रावास के पास हुई, जहां एक वाहन ने कथित तौर पर एक छात्रा को टक्कर मार दी। शिकायत करने पहुंचे छात्रों के साथ सुरक्षाकर्मियों की बहस हो गई। दूसरी ओर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि कुछ छात्र एक अन्य लड़के से पहले से ही विवाद कर रहे थे। जब उन्हें रोका गया, तो वे सुरक्षाकर्मियों से ही उलझ गए। देखते-देखते बड़ी संख्या में छात्र जमा हो गए।

## सीएम के अवैध घुसपैठियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# यूपी के हर मंडल में बनेंगे डिटेंशन सेंटर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सीएम का रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार
■ 17 नगर निगम निकायों में सूची तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अवैध घुसपैठ को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार की तरफ से रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए अभियान को और भी तेज कर दिया है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 प्रमुख नगर निगम निकायों में काम करने वाले संदिग्ध विदेशी नागरिकों की सूची तैयार करने का काम शुरू हो गया है।

सरकार की तरफ से हर मंडल में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने के आदेश दे दिए गए हैं। घुसपैठियों की पहचा कर उन्हें हिरासत में लेकर उनके देश निर्वासित करने का भी निर्देश दे दिया गया है। बता दें कि सरकार की तरफ से ये कार्रवाई नवंबर 2025 से चल रही थी। हाल ही में लखनऊ में मंत्री आवास के पास बने अवैध बस्तियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों (डी) को अवैध प्रवासियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया मुख्यमंत्री ने 17 शहरी स्थानीय निकायों जैसे लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, वाराणसी, कानपुर, आगरा के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में काम करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी मूल के लोगों की सूची तैयार करें। यह सूची कमिश्नर और आईजी को सौंपी जाएगी, जो पहली चरण में डिटेंशन सेंटर स्थापित करने का काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि यूपी में भी विदेशी घुसपैठियों को निर्वासित करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर डिटेंशन सेंटर बनाए जाने हैं। सीएम योगी के निर्देश के बाद इसकी प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। उनको वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी होने तक डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए जगह तलाशी जा रही हैं। शासन की तरफ से अधिकारियों को घुसपैठियों को रखने के लिए खाली सरकारी इमारतों, सामुदायिक केंद्र, पुलिस लाइन, थाने चिह्नित करने का निर्देश भी दे दिया गया है। दिल्ली में इस समय18 डिटेंशन सेंटर हैं। गोमती नगर में चेकिंग अभियान के लिए आए पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस्ती में रहने वाले लोगों से उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड चेक किए जा रहे हैं। इनमें से ज़्यादातर लोग हरदोई और सीतापुर के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम इनका वैरिफिकेशन करते रहते हैं। पुलिस प्रशासन ने कहा कि अभी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के ज़रिए वैरिफिकेशन किया जा रहा है।

### यूपी के कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया, तो प्रमोशन नहीं

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने 31 जनवरी 2026 से पहले सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया ह। सरकार ने कहा है कि 1 फरवरी 2026 से होने वाली किसी भी विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) में उन कर्मचारियों का नाम तक नहीं लिया जाएगा, जिन्होंने संपत्ति का ब्योरा नहीं भरा होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि कई कर्मचारी सोचते थे कि ये सिर्फ औपचारिकता है। अब जब प्रमोशन रुकने और कार्रवाई की बात आई है तो सबके होश उड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश में अब सरकारी जॉब करने वालों की जेब और संपत्ति दोनों पर सरकार की नजर रहेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि जो भी अधिकारी और कर्मचारी 31 जनवरी 2026 तक अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं डालेंगे, उनका प्रमोशन (पदोन्नति) हमेशा के लिए रुक जाएगा, इतना ही नहीं उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।

# प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करा रही सरकार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ विपक्ष के नेता ने मोदी सरकार पर बोला हमला

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार पर अरावली पहाड़ियों पर प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार आने वाली पीढ़ियों के हितों की अनदेखी कर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रही है।

राहुल गांधी ने यह टिप्पणी कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के एक अखबार में प्रकाशित उस लेख के संदर्भ में की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार अरावली पहाड़ियों के लिए पर्यावरणीय परिभाषा बदल रही है और इससे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरु से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है। वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने सवाल किया क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए। श्रीमती गांधी ने अपने लेख में लिखा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। उच्चतम न्यायालय ने भी इसे बरकरार रखा है। उन्होंने लिखा कि गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय श्रृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए प्रभावशाली रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। इससे पहले ही अवैध खनन ने मानव जीवन पर बुरी तरह नुकसान पहुंचाया है। गांधी ने कहा कि इस तरह की नीति बदलाव अवैध खनन करने वालों और माफियाओं को अरावली श्रृंखला के 90 प्रतिशत हिस्से को नष्ट करने के लिए खुला निमंत्रण

# अंबेडकर की पुण्यतिथि पर ताकत दिखाएगी बसपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मायावती शामिल नहीं होंगी

**लखनऊ।** आगामी 6 दिसम्बर को बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी अपनी ताकत का प्रदर्शन करेगी। हालांकि पुण्यतिथि के मौके पर इस बार सार्वजनिक तौर पर कार्यक्रम में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती शामिल नही होंगी।

उन्होंने कहा है कि डा. भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल तथा गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) स्थित 'राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल' में भारी संख्या में पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि उनके नेतृत्व में बनी उत्तर प्रदेश की बीएसपी सरकार ने हमेशा बहुजन समाज के महापुरुषों, संतों, गुरुओं और समाज सुधारकों को पूर्ण आदर-मान दिया है और उनकी स्मृति में अनेक भव्य स्मारकों, पार्कों व योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने विशेष रूप से महात्मा ज्योतिबा फुले, राजा छत्रपति शाहूजी महाराज, श्री नारायण गुरु, परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर तथा मान्यवर श्री कांशीराम सहित अन्य महान विभूतियों का उल्लेख किया और कहा कि समाज सुधार के उनके योगदान को सदैव बीएसपी ने सम्मानित किया है।

मायावती ने कहा कि उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर सरकारी प्रबंधन के कारण जिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उसे देखते हुए अब वे अनेक कार्यक्रमों में स्वयं उपस्थित नहीं होंगी, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के इन कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखेगी और उनके अनुयाई महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहेंगे।

# निहाल अयोध्या समन्वय समिति के राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी नियुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता



■ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक ने पुष्प भेंट कर दी मुबारकबाद

**लखनऊ/मुजफ्फरनगर।** अयोध्या सदभावना समन्वय समिति की एक बैठक संस्था के कार्यालय पर आयोजित हुई, जिसमें संस्था ने सर्वसम्मति से एवं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पंडित अमरनाथ मिश्रा के निर्देश पर लखनऊ निवासी निहाल हैदर रिजवी को अयोध्या सदभावना समन्वय समिति का राष्ट्रीय प्रसार प्रचार प्रभारी नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि निहाल रिजवी पिछले कुछ वर्षो से मुजफ्फरनगर स्थित किदवई नगर में निवास कर रहे हैं। इस उपलक्ष्य में हुसैनी वेल्फेयर सोसायटी मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष रौनक हसनैन जैदी(राजू) एवं समाजसेवी शबी हैदर ने उनकी नियुक्ति पर उनके निवास पर पहुंचकर पुष्प भेंट किए और मुबारकवाद दी।

### आयुष्मान योजना के तहत स्वीकृत राशि के दुरुपयोग का लोकसभा में उठा मामला

**नई दिल्ली।** आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों के उपचार के दौरान अनेक निजी अस्पतालों की ओर से मंहगे पैकेज के जरिए अनुचित लाभ उठाए जाने और फर्जी बिल दिए जाने का मामला बुधवार को लोक सभा में उठाया गया और सरकार से इसका दुरुपयोग रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की गई। भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चौधरी ने शून्य काल के दौरान कहा कि अनेक निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत आए मरीजों के उपचार में मंहगे पैकेज दिखाकर उनके कार्ड की पांच लाख रुपये की पूरी राशि खर्च कर देते हैं, जिससे उन्हें और उनके अन्य परिजनों को आगे उपचार के लिए योजना की कोई राशि नहीं बचती। इससे आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। चौधरी ने कहा कि कई अस्पताल फर्जी बिल बनाकर इस योजना के तहत स्वीकृत राशि हड़प लेते हैं।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 85106.81
निफ्टी 225.986



सोना रु. 128550
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)




चांदी रु. 189906
प्रति किलो



# रुपये में कमजोरी से लुढ़के शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



रुपये में ऐतिहासिक गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे दिन गिरावट रही और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 26,000 अंक से नीचे उतर गया। एक दिन पहले 90 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद रुपया आज और 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। इससे बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 31.46 अंक (0.04 प्रतिशत) नीचे 85,106.81 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह करीब 375 अंक गिरकर 84,763.64 अंक तक उतर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 46.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 225,986 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयर भी टूट गए। सार्वजनिक बैंकों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, वित्त, एफएमसीजी, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी गिरावट में रहे। आईटी कंपनियों और निजी बैंकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में बीईएल का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक में भी 1.50 फीसदी से ज्यादा गिरावट रही। टीसीएस का शेयर करीब डेढ़ फीसदी चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

### नए ऑर्डर, उत्पादन बढ़ने से सेवा क्षेत्र में तेजी

**मुंबई।** नए ऑर्डर और उत्पादन वृद्धि की रफ्तार बढ़ने से नवम्बर में देश के सेवा क्षेत्र में तेजी रही। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी भारत सेवा पीएमआई अक्टूबर के 58.9 प्रतिशत से बढ़कर नवम्बर में 59.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में वृद्धि को और उससे नीचे रहना गिरावट को दिखाता है।

# राकेट की स्पीड से भाग रही है चांदी, सोने के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली।** बुधवार को चांदी में तूफानी तेजी देखी गई। एमसीएक्स में दोपहर 3 बजे तक चांदी ने 189,906 रुपये प्रति किलो पहुंचकर नया रिकार्ड बना लिया। अगर ऐसी बढ़ोतरी जारी रहती है तो बहुत जल्द 1 किलो चांदी का भाव 2 लाख रुपये प्रति किलो पहुंच सकता है। वहीं 10 ग्राम सोना 957 रुपए महंगा होकर 1,28,550 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,27,593 रुपए का था। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

चांदी के दाम आज ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार ये आज 3,504 रुपए बढ़कर 1,78,684 रुपए हो गया है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं।

इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में इस समय काफी उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में कुछ निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया। शादियों का सीजन शुरू होने से भी सोने की डिमांड बढ़ गई है।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट रही, जबकि चीनी के भाव बढ़ गए। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,842.17 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,841.35 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल नरम हुआ। दाल-दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल और उड़द दाल 19.19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। चना दाल की कीमत सात रुपये और मसूर दाल की दो रुपये प्रति क्विंटल घटी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा तीन रिगिट फिसलकर 4,156 रिगिट प्रति टन रह गया। वहीं जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 प्रतिशत गिरकर 52.38 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 31 रुपये और वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल 22 रुपये सूरजमुखी तेल 11 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुए। सरसों तेल की कीमत भी छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7865.85 रुपये, मसूर काली 8161.63 रुपये, मूंग दाल 10085.26 रुपये, उड़द दाल 10365.22 रुपये, तुअर दाल 10615.08 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2841.35 रुपये और चावल 3842.17 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...**

नहीं होगी। यह सिर्फ लॉजिस्टिक सपोर्ट और पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन के लिए है। लॉजिस्टिक सपोर्ट का मतलब है कि देश एक-दूसरे की सेनाओं को जरूरत पड़ने पर ईंधन, सामान, मरम्मत जैसी मदद दें। वहीं, पीस-टाइम मिलिट्री कोऑपरेशन का मतलब है कि शांतिपूर्ण समय में दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सहयोग करें। रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में अब तक के सबसे अहम रक्षा समझौतों में से एक माना जा रहा है। यह एक डिफेंस लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज समझौता है। इसके जिसके तहत भारत और रूस की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य बेस, बंदरगाह, एयरफील्ड और सप्लाई पाइंट का इस्तेमाल कर सकेंगी। यह उपयोग सिर्फ ईंधन भरने, मरम्मत, स्टाक रिफिल, मेडिकल सपोर्ट, ट्रांजिट और मूवमेंट जैसे कामों के लिए होगा। भारत ने ऐसे ही समझौते अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के साथ किए हैं। अब रूस भी इसमें शामिल हो रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

**सरकार ने...** के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। कंपनी ने कहा था कि यह कदम आईफोन यूजर्स के निजी डेटा को खतरे में डाल सकता है। एपल ने एक न्यूज एजेंसी के हवाले से कहा था कि कंपनी अपनी चिंताएं सरकार के सामने रखेगी। मंत्रायल के मुताबिक यह एप जन भागीदारी को बढ़ावा देता है, क्योंकि नागरिक किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की रिपोर्ट कर सकते हैं और खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस एप का कोई अन्य उद्देश्य नहीं है और यदि उपयोगकर्ता चाहें तो वे इसे कभी भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं। बता दें कि स्मार्टफोन में एप के प्री-इंस्टालेशन को 90 दिनों के भीतर अनिवार्य बनाने के आदेश के बाद विपक्ष ने संसद में कड़ा विरोध दर्ज कराया था। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दूरसंचार विभाग के निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराते हुए इसे तानाशाही करार दिया था। वहीं, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी आरोप लगाते हुए कहा था कि मोदी सरकार का फोन में संचार साथी एप इंस्टॉल करने का आदेश लोगों की निजता और आजादी पर खुला हमला है। हालांकि, विपक्ष के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप के जरिये जासूसी बिल्कुल भी संभव नहीं है। यह एप लोगों की सुरक्षा और मदद के लिए बनाया गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक पहले सरकार ने कहा था कि एप फोन में अनिवार्य होगा और इसे डिलीट नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, विवाद बढ़ने पर दूरसंचार मंत्री ने ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को बताया था कि जरूरत न होने पर एप को फोन से डिलीट किया जा सकता है। सरकार द्वारा एक्स पर जारी बयान के मुताबिक, अब तक 1.4 करोड़ लोग यह एप डाउनलोड कर चुके हैं और रोजाना लगभग 2000 ऑनलाइन फ्राड मामलों की जानकारी भेज रहे हैं। बयान में कहा गया कि एप डाउनलोड करने वाले उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में कहा कि हमारी ऋषि परंपरा में दिव्यांगता को किसी की कमजोरी नहीं माना गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्य स्तरीय विश्व दिव्यांग दिवस 2025 कार्यक्रम में यह बातें कहीं। योगी ने कहा कि दिव्यांगजनों के साथ-साथ कुष्ठावस्था पेंशन की राशि को भी 2,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये किया गया है। कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण के लिए अनुदान राशि 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 की गई है। योगी ने कहा कि मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक है। दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। आपकी हिम्मत, आपकी प्रतिभा और आपकी सफलता ही 'नए भारत' की शक्ति है। उन्होंने कहा कि विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर दिव्य कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया एवं दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री व मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा है कि दिव्यांगता का शिकार होने पर एक बच्चा यदि परिवार में उपेक्षित कर दिया जाता है, तो ऐसा बच्चा परिवार और समाज का संबल न मिलने के कारण जिदगी भर उपेक्षित और कुंठित दिखता है, जबकि यदि हम उन्हें संबल दे दें, तो अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

### सपा के जिसका नाम कट रहा हो, वो हमसे मिले: राजभर

**लखनऊ।** सपा लगातार निर्वाचन आयोग पर सूची से नाम काटने का आरोप लगा रही है। इस बीच सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के जिसका नाम जहां कट रहा हो, वो हमसे आकर मिल लें, उनका नाम दुरस्त करा देंगे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इसे चुनाव आयोग की सही और आवश्यक कार्रवाई बताया है। वर्षो से मृत लोगों के नाम और दोहरी प्रविष्टियां सूची में कायम थीं, जिन्हें हटाकर सूची को पारदर्शी बनाया जा रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गृह क्लेश में जहर खाया उपचार के दौरान मौत

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** एक व्यक्ति ने गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे काशीपुर उत्तराखंड स्थित केवीआर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम बादशाहपुर निवासी सरदार मजनेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके पिता सुखदेव सिंह (58 वर्ष) ने गृह क्लेश के चलते मंगलवार की दोपहर लगभग 11:30 बजे अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए काशीपुर उत्तराखंड स्थित केवीआर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मंगलवार की देर शाम उनकी मृत्यु हो गई। परिजन शव को घर ले आए और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस ग्राम बादशाहपुर पहुंची और पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मजनेन्द्र सिंह ने बताया कि वह दो भाई हैं। उसके पिताजी की दो एकड़ कृषि भूमि है। उसका बड़ा भाई और भाभी उसके पिता सुखदेव सिंह से बंटवारे के नाम पर आधी कृषि भूमि मांग रहे थे, जबकि उसके पिता. जी ने एक हिस्सा अपने पास रखते हुए कृषि भूमि को तीन हिस्सों में बांट दिया था परंतु उसका बड़ा भाई और भाभी इस बंटवारे से संतुष्ट नहीं थे और आए दिन पिताजी के साथ विवाद करते रहते थे। मंगलवार सुबह भी इसी को लेकर घर में विवाद हुआ था, जिसके चलते उसके पिताजी ने यह कदम उठाया। मजनेन्द्र सिंह ने पुलिस से आरोपी बड़े भाई और भाभी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। उधर वरिष्ठ उप निरीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि मृतक सुखदेव सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुजफ्फरनगर रैली की कामयाबी से बढ़ा खुर्शीद मंसूरी का कद



## मुरादाबाद मंडल में संगठन की स्थिति मजबूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी की पिछले दिनों मुजफ्फरनगर में आयोजित ऐतिहासिक रैली की कामयाबी से पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी का कद बढ़ गया है।

गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर में आयोजित रैली की कामयाबी से आजाद समाज पार्टी के नेता व कार्यकर्ता फूले नहीं समा रहे है। इस रैली की कामयाबी के लिए पार्टी के जिम्मेदार नेताओं ने पूरी मेहनत की थी। इस रैली में सबसे ज्यादा भीड़ मुरादाबाद मंडल और खासतौर पर जनपद बिजनौर से गई थी। रैली की कामयाबी और इसे अब तक की सबसे बड़ी रैली साबित करने के लिए पार्टी के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने पूरी मेहनत की थी। कड़ाके की ठंड में भी उन्होंने पसीना बहाया। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने बेहतर तालमेल बनाया और समर्थकों की भारी भीड़ ले जाने के लिए शानदार व्यवस्था की। जिसकी वजह से सैकड़ों वाहनों से आसपा कार्यकर्ता व समर्थक मुजफ्फरनगर पहुंचे। उनके द्वारा जगह-जगह बैठकों का आयोजन कर सभी को मुजफ्फरनगर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इसी का नतीजा रहा कि रैली पूरी तरह से ऐतिहासिक हो गई और चोरों तरफ इसकी चर्चा है। राजनीतिक पंडित भी मान रहे है कि इस रैली की सफलता से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समीकरणों में बदलाव आएगा।

दूसरी तरफ मंडल अध्यक्ष मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी रिकार्ड सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार आसपा के सहयोग से ही बनेगी और एक दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि आसपा को कमजोर समझने की कतई भी भूल न करें। आसपा सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि बाबा साहब और कांशीराम के सपनों का भारत बनाने के लिए चलाया जा रहा मिशन है। यह मिशन जरूर परवान चढ़ेगा।

# किरतपुर के सुल्तान के बिजनौर से चुनाव लड़ने की चर्चाएं तेज

## समर्थकों के द्वारा डाला जा रहा भारी दबाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर के सुल्तान चेयरमैन अब्दुल मन्नान के बिजनौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की चर्चाएं काफी तेज हो गई है। सूत्र बताते है कि समर्थकों के द्वारा उन पर बिजनौर से चुनाव लड़ने का भारी दबाव डाला जा रहा है।

मालूम हो कि किरतपुर नगर पालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान की छवि गरीब अवाम के नायक की तरह है। उन्हें किरतपुर का आम आदमी पसंद करता है। जबकि माफिया व लूट खसौट करने वाले सफेदपोश उनके खिलाफ साजिश रचने से बाज नहीं आते है। जब नगर पालिका के चुनाव आते है, तो उनके सभी सफेद पोश विरोधी आपसी मतभेद भूला कर एक साथ आ जाते है। फिर भी वह अब्दुल मन्नान को नहीं हरा पाते है। पिछले कई चुनाव में यह नजारा देखा जा चुका है। चुनाव परिणाम सामने आने के बाद विरोधी हाथ मसलते रह जाते है। अवाम का लगाव ही अब्दुल मन्नान की असली ताकत है। चेयरमैन अब्दुल मन्नान भी अपने अवाम के दुख-दर्द में मजबूती के साथ खड़े रहते है।

सूत्र बताते है कि अवाम अब उन्हें बिजनौर से विधायक देखना चाहता है। क्योंकि बिजनौर विधान सभा क्षेत्र में कोई भी ऐसा मजबूत नेता नहीं है, जो गरीब अवाम में सुख-दुख में पूरी ईमानदारी के साथ काम आ सकें। जब भी कोई आफत आती है, तो यहां के कमजोर नेता अपने ड्राइंग रूम में कैद हो जाते है। वह बाहर निकल कर अवाम की मदद करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाते है। जिसकी वजह से जनपद में सबसे ज्यादा उत्पीड़न गरीब व दबे कुचले अवाम का बिजनौर विधान सभा क्षेत्र में हो रहा है। यहां पर अवाम का कोई पुरसाने हाल नहीं है। ऐसे में अवाम को किरतपुर नगर पालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान से काफी ज्यादा उम्मीदें है। अवाम का मानना है कि अब्दुल मन्नान न तो लालची और न ही डरपोक नेता है। वह सही को सही और गलत को गलत कहने की हिम्मत रखते है। अगर वह बिजनौर से विधायक बनते है, तो गरीब अवाम के घरों में उस दिन ईद और दीपावली जैसी खुशीया मनाई जाएगी। दलित समाज में भी अब्दुल मन्नान की मजबूत पकड़ है। वह दलितों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है।

सूत्रों का कहना है कि समर्थक भी चेयरमैन अब्दुल मन्नान पर बिजनौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का भारी दबाव डाल रहे है। सूत्रों का कहना है कि समर्थकों के द्वारा बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में उनके पक्ष में माहौल तैयार किया जा रहा है।

# वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण को लेकर बेचैनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** वक्फ संपत्तियों के ऑनलाइन पंजीकरण को लेकर नगर व क्षेत्र में लोगों में बेचैनी देखी जा रहा है। सरकार द्वारा 5 दिसंबर अंतिम तिथि निर्धारित कर दी गई है, लेकिन बीते चार-पांच दिनों से उम्मीद पोर्टल बहुत कम काम कर रहा है पोर्टल न खुलने के कारण रजिस्ट्रेशन अधर में लटका हुआ है, जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पोर्टल बंद रहने से वे न तो दस्तावेज अपलोड कर पा रहे हैं और न ही पंजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा पा रहे हैं। कई लोग रोजाना साइबर कैफे और अन्य साधनों पर चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पोर्टल न चलने से सभी प्रयास निष्फल साबित हो रहे हैं। अंतिम तिथि नजदीक आने के कारण रजिस्ट्रेशन पूरा होना चुनौतीपूर्ण दिख रहा है। नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी सी.एम. सुलेमान अंसारी एडवोकेट ने सरकार से समय सीमा बढ़ाए जाने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक पोर्टल सुचारू रूप से काम नहीं करता, तब तक 5 दिसंबर की अंतिम तिथि रखना अव्यवहारिक है। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और समय की कमी के कारण कई संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन अधूरा रह जाएगा, जिससे भविष्य में विवाद की आशंका भी बढ़ सकती है। सुलेमान अंसारी ने शासन-प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि तकनीकी खराबी देखते हुए अंतिम तिथि बढ़ाई जाए।

# बीएलओ की मौत पर सपा का बड़ा कदम

## शोभा देवी के परिवार को मिलेंगी 2 लाख की आर्थिक सहायता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं बीएलओ शोभा रानी की मौत के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान उनके मौहल्ला बड़वान स्थित आवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोभा रानी के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। पार्टी फंड से दो लाख रुपये की सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला बड़वान निवासी शोभा रानी 26 नवंबर को बीएलओ की ड्यूटी पर तैनात थीं, तभी अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें मुरादाबाद रैफर कर दिया। मुरादाबाद अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अत्यधिक कार्य दबाव बनाए जाने से बीएलओ सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कम समय और अधिक कार्य के दबाव के चलते प्रदेश में कई कर्मचारियों की मौत और आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि बीएलओ की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए और समय-सीमा बढ़ाई जाए, ताकि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

पूर्व मंत्री ने शोभा रानी के पति कृपाल सिंह और पुत्र दीपक से मिलकर ढांढस बंधाया तथा पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वा. सन दिया। उन्होंने कहा कि परिवार की सहायता के लिए पार्टी कदम बढ़ा चुकी है। आगे भी किसी सहायता की आवश्यकता होगी तो पार्टी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को 2 लाख की आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा दिया है।

मौके पर बृजमोहन प्रजापति, क्षेत्रपाल प्रजापति, रिंकू, आसिफ अंसारी सहित कई अन्य मौजूद रहे। मौहल्ले के लोगों ने भी पूर्व मंत्री से मांग की कि सरकार बीएलओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## एक नजर

### हनुमान मंदिर के पुजारी की मौत



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुकरपुरी स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी डालचंद उम्र करीब 75 पुत्र देवी सिंह की बुधवार को अचानक मृत्यु हो गई। जानकारी मिलते ही गांव में तरह तरह की चर्चाओं का माहौल बन गया। मृत्यु की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ताकि मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सके। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पुजारी डालचंद पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे, जिसके चलते उनकी मौत होना बताया जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुजारी की मृत्यु की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### अनिता राठौर की जमानत निरस्त

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध सिंह ने फर्जी डिग्री के आरोप में तथा एक महिला की इलाज के दौरान लापरवाही बरतने और गर्भ में ही बच्चे की मृत्यु हो जाने के मामले में आरोपित झोलाछाप महिला अनीता राठौर की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। वादी खुशनसीब पुत्र मुस्तफा ने थाना किरतपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा था कि मई 2022 में उसकी सात माह की गर्भवती पत्नी रिहाना का इलाज अनीता राठौर से चल रहा था। अनीता राठौर ने उसकी पत्नी के गर्भावस्था के दौरान इलाज में लापरवाही बरती और गलत इलाज किया है, जिस कारण उसके बच्चे की मौत हो गई। आरोप लगाया कि अनीता राठौर ने कोई मेडिकल प्रशिक्षण नहीं ले रखा और न ही मेडिकल के संबंध में कोई उसके पास डिग्री है। जो कागजात है वह सब फर्जी हैं। पुलिस ने उक्त मामले में अनीता राठौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और विवेचना के बाद गंभीर धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। आरोपित अनीता राठौर 17 मई 2025 से जिला कारागार में बंद है। उक्त मामले में न्यायाधीश सुबोध सिंह ने मामला गंभीर पाते हुए आरोपित अनीता राठौर की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

# झूठ-सच के बीच फंसा बिजली विभाग

## रातों-रात कटे पेड़, लकड़ी गायब- शिकायत होते ही वापस मंगवाकर रखवाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** बिजलीघर परिसर में हरे पेड़ों की अवैध कटान ने बिजली विभाग की कार्यशैली को एक बार फिर कठघरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई रात में चोरी-छिपे कराई गई, कटी हुई लकड़ियां तुरंत गायब करा दी गई, और जैसे ही मामला मीडिया में पहुंचा, विभाग ने आनन-फानन में लकड़ियां वापस मंगवाकर परिसर में रखवा दीं। इस पूरे घटनाक्रम ने विभाग की नीयत को गंभीर रूप से संदिग्ध बना दिया है।

सूत्रों के अनुसार, मामले को शांत करने के लिए कुछ कर्मचारियों को हटाने का दिखावटी कदम उठाया गया, लेकिन पेड़ कटाई का वास्तविक आदेश देने वालों पर कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया है।

### ग्रामीणों के बड़े सवाल

पेड़ों की कटाई रात के अंधेरे में ही क्यों की गई? कटी लकड़ियां परिसर से हटाकर गायब क्यों कराई गईं? शिकायत के तुरंत बाद लकड़ियां वापस मंगवाने की क्या मजबूरी थी? यदि पेड़ ट्रिपिंग कर रहे थे, तो नियमानुसार दिन में अनुमति लेकर कटाई क्यों नहीं की गई? जेई ने पत्रकारों से पेड़ कटने की बात पर जानकारी से क्यों इन्कार किया? ग्रामीणों का कहना है कि यह तकनीकी आवश्यकता नहीं, बल्कि 'आर्थिक लाभ' की मंशा से किया गया कार्य प्रतीत होता है। कटे पेड़ों के पास सूखे पत्ते डालकर पूरे मामले को सामान्य दिखाने की कोशिश भी की गई।

### जेई की कार्यशैली फिर विवादों में

ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी जेई की कार्यशैली को लेकर विवाद खड़े हो चुके हैं। एक बार किसानों ने बिजलीघर पर धरना दिया था, जिसके बाद बढ़ते दबाव को देखते हुए जेई ने मौके पर पहुंच कर भाकियू पंचायत में माफी मांगी थी। अब एक बार फिर वैसी ही स्थिति उत्पन्न होने से लोगों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का सवाल है-'क्या विभाग हर बार गलती करेगा और अधिकारी माफी मांगकर ही मामले को दबाते रहेंगे?' इस पूरे मामले ने बिजली विभाग की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

### किसानों की समस्याएं जस की तस

किसानों का कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन अभी भी गंभीर खतरा बनी हुई है। जब भी समाधान की मांग की जाती है, विभाग का एक ही जबाव होता है-'लाइन शिफ्टिंग के लिए एस्टीमेट तैयार करना पड़ेगा।'

उधर, अधिकारियों के बयान भी लगातार बदलते रहे हैं। पहले कहा गया कि उन्हें पेड़ कटाई की जानकारी नहीं थी, अब नया दावा है कि 'पेड़ ट्रिपिंग कर रहे थे इसलिए काटने पड़े।'

# प्रसव के दौरान महिला की मौत से तनाव का माहौल

## चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव गोवर्धनपुर नंगली में प्रसव के दौरान हुई जटिलताओं के चलते एक महिला की मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक और तनाव का माहौल बन गया। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

गांव गोवर्धनपुर नंगली निवासी सोनम (22) पत्नी पुष्पेंद्र सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने मंगलवार को दारानगर गंज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने एक पुत्र को जन्म दिया। ग्रामीणों के अनुसार प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा परिजनों ने महिला को बिजनौर एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर फैलते ही उसके मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे, जहां दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप के चलते तनाव व मारपीट की स्थिति बन गई। बाद में ग्रामीणों की मध्यस्थता से दोनों पक्षों में समझौता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी संग्राम सिंह पुलिस बल के साथ देर रात गांव पहुंचे और परिस्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गैस एजेंसी के सेल्समैन का रुपयों से भरा थैला गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नहटौर रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गैस एजेंसी के एक सेल्समैन ने थैला छिनने की बात कही। उसके अनुसार थैले में करीब बीस हजार रुपये रखे थे, जो कथित रूप से बदमाश ले उड़े।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके को खंगाला। हल्दौर कोतवाल किशन अवतार सिंह ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, फिर भी पुलिस खुद पहल करते हुए जांच कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पूरा घटनाक्रम संदिग्ध नजर आ रहा है, इसलिए हर बिंदु की गहराई से पड़ताल की जा रही है। सेल्समैन से भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है। घटना की खबर फैलते ही लोगों में चर्चा तेज हो गई है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटनाओं से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगते हैं। पुलिस ने पेट्रोल पंप व आस-पास स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि दावे की वास्तविकता सामने आ सके।

## हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्दौर।** करीब दो माह पहले फतेह अली शाह बाबा के उर्स मेले में नवाजिश का कुछ युवकों से विवाद हुआ था, जो बाद में ग्रामीणों के हस्तक्षेप से शांत हो गया था। बावजूद इसके आरोपियों ने उससे रंजिश रखना जारी रखा। मंगलवार देर शाम करीब नौ बजे नवाजिश अपने बने नए मकान से पैदल घर लौट रहा था। तभी गांव के मदरसे के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा और हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलते ही परिजन उसे अस्पताल ले गए। उधर, पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी वाजिद पुत्र मुश्ताक, सलीम पुत्र हनीफ तथा वसीम उर्फ बाला पुत्र अनीस के खिलाफ जानलेवा हमला सहित संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 16 आशाओं को चेतावनी पत्र जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पीएचसी कासमपुर गढ़ी के अंतर्गत संस्थागत प्रसवों में माह अप्रैल से अक्टूबर तक सरकारी अस्पताल में प्रसव न कराने वाली 16 आशाओं को चेतावनी पत्र जारी कर कार्य में सुधार के निर्देश पीएचसी प्रभारी ने दिए हैं।

पीएचसी प्रभारी डॉ. सर्वेश निराला ने बताया कि पीएचसी के अंतर्गत अलग अलग उपकेंद्र के अंतर्गत गांव में तैनात 16 ऐसी आशाओं को दूसरा चेतावनी पत्र जारी किया गया है। जिन्होंने अप्रैल 2025 से अक्टूबर माह तक कोई भी संस्थागत प्रसव नहीं कराया जिससे समय से लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है और न ही आशाओं ने नसबंदी, एनसीडी व टीकाकरण कार्यक्रम में कोई रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि पीएचसी के अंतर्गत आने वाली उषा देवी, पवन देवी, कमलेश देवी, सविता देवी, सोमा देवी, आशा देवी, सुशीला देवी, रुक्मेश देवी, पूजा देवी, सुनीता, पूनम, पिंकी, राकेश रानी, भगवती को दूसरा चेतावनी पत्र जारी कर राजकीय कार्य मे सुधार लाने के निर्देश दिए है। उनका कहना है कि यदि आशाएं कार्यक्रम में सुधार नहीं करती है तो उच्च अधिकारियों को उनकी सेवा समाप्ति के लिए अवगत कराया जाएगा।

## पटाखा छोड़ती बुलेट बाइक सीज

**किरतपुर।** मोटर साइकिल व बूलेट द्वारा पटाखा छोड़ते घूम रहे युवाओं पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शहर की सड़कों पर आवारगी की तरह घूमते फिर रहे अमीर जादों पर पुलिस का चाबुक चलने लगा है।

बुधवार की शाम पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया और शहर में पटाखा छोड़ती हुई चल रही बूलेट को पकड़ा। बस स्टैंड पर वाहन चैकिंग अभियान के तहत पुलिस ने बूलेट को सीज कर दिया। है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा देवी के निर्देशन में चले अभियान में कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने पटाखे फोड़ती सड़क पर चल रही बूलेट को पकड़ा और उसे सीज कर दिया। कस्बा इंचार्ज ने चेताया है कि वह आवारगी करने वाले और चाहे कोई कितनी ही पहुंच वाला क्यों ना हो उसे किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जायेगा।

## जनपद में पुलिस का दोहरा मापदण्ड

# बाइकों पर सख्ती, अवैध ट्रालों पर मेहरबानी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पुलिस और यातायात विभाग के अधिकारियों के द्वारा चोरों पर कहर एवं डकैतों पर रहम की तर्ज पर बाइकों पर तो सख्ती बरती जा रही है, लेकिन अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टर-ट्रालों पर मेहरबानी की जा रही है।

गौरतलब है कि जनपद में पुलिस विभाग एवं यातायात विभाग पूरी तरह से पक्षपाती बना हुआ है। चाहें यातायात माह हो या सामान्य दिन, वाहन चैकिंग अभियान के दौरान बाइक चालकों के ही चालान काटे जाते है। हैलमेट न पहनने एवं तीन सवारियां बिठाने पर बाइकों के चालान कर दिए जाते है। अगर कागज न हो तो बाइक को सीज भी कर दिया जाता है। मगर गन्ने का सीजन शुरू होते ही सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ट्रालों को सीज नहीं किया जा रहा है। पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारियों की आंखों के सामने से बिल्कुल ही अवैध और ओवरलोड ट्राले धड़ल्ले से निकल जाते है, मगर न जाने किस डर और लालच में गिरफ्तार हो कर उनके द्वारा न तो इन ट्रालों को रोक कर सीज किया जाता है और न ही ट्रैक्टरों के कागज चैक किए जाते है। यह ट्राले पूरी तरह से अवैध होते है। न तो इनका रजिस्ट्रेशन नंबर होता है और न ही इनका कोई टैक्स जमा किया जाता है। दो ट्रकों के बराबर गन्ना इन ट्रालों में भरा जाता है। इन ओवर लोड़ ट्रालों की वजह से कमीशन खाकर बनाई गई सड़के भी क्षतिग्रस्त हो रही है। इन ट्रालों की वजह से सड़कों पर जाम भी लग जाता है और लगातार हादसे हो रहे है। फिर भी इन्हें सीज न किया जाना साबित कर रहा है कि इन्हें चलने देने में करोड़ों का भ्रष्टाचार हो रहा है। हर साल जब गन्ने का सीजन शुरू होता है, तो सड़कों पर यह अवैध ट्राले दिखाई देने लगते है। गन्ने का सीजन खत्म होते ही इन्हें एक तरफ खड़ा कर दिया जाता है। पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारियों के इस दोहरे मापदण्ड व भ्रष्टाचार की वजह से उनकी आलोचना हो रही है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि रिश्वतखोरों से इसके अलावा क्या उम्मीद की जा सकती है। बाइक चालकों से मोटी रिश्वत नहीं मिल सकती है, इसलिए उनका चालान कर दिया जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बैंक ऑफ बड़ौदा में चोरी का खुलासा

## पुलिस ने तीन माह पूर्व हुई बाइक चोरी के छह आरोपियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा की दीवार में कुंबल लगाकर मोटरसाइकिल चोरी करने की सनसनीखेज वारदात का किरतपुर पुलिस ने सवा महीने बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित कुल छह अपराधियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कबाड़ में कटी मोटरसाइकिल के पार्ट्स तथा 14,600 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार 22 अगस्त 2025 की रात भोजपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में अज्ञात बदमाशों ने बैंक की दीवार में कुंबल लगाकर अंदर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। अगले दिन 23 अगस्त को बैंक मैनेजर अरुण रावत ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई थी। मंगलवार की शाम पुलिस ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शिवा पुत्र राम सिंह, मोनू उर्फ अजय पुत्र गोपी, निवासी ग्राम बकली थाना कोतवाली शहर बिजनौर सूरज पुत्र ललित, निवासी शांति नगर, गेट नंबर 2, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर राहुल पुत्र बाबूराम, निवासी फरीदपुर मान पमडावली, थाना कोतवाली देहात आकाश पुत्र सुरेंद्र, निवासी काजीपाड़ा, थाना कोतवाली शहर बिजनौर तथा एक बाल अपचारी शामिल है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कुंबल लगाकर घरों और प्रतिष्ठानों में खड़ी मोटरसाइकिलों को चोरी कर लेते थे और बाद में उन्हें कबाड़ के भाव मकेनिक को बेच देते थे। तीन महीने पहले इसी गैंग ने भोजपुर रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में कुंबल लगाकर मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने बाल अपचारी को बाल सुधार गृह की प्रक्रिया के तहत तथा अन्य पाँचों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि गैंग के अन्य साथियों और खरीददारों की भी तलाश की जा रही है। इस खुलासे को क्षेत्र में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** साइबर अपराध जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम खजूरा जट, नहटौर डिग्री कॉलेज में बुधवार को पुलिस ने ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने कहा साइबर क्राइम अपराध रोकने के लिए पुलिस जहां सक्रिय है वही अपराध को रोकने में जनमानस सहयोग करके पूर्ण सहभागिता करें।

प्राप्त समाचार के अनुसार बुधवार को नहटौर डिग्री कॉलेज में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले काफी दिनों से साइबर अपराध के मामले काफी संख्या में बड़े हैं। इसके लिए जागरूकता एवं सावधानी ही इसका बचाव है। यदि कोई व्यक्ति आपसे ओटीपी के बारे में जानकारी करता है। उसे किसी भी कीमत पर ओटीपी की जानकारी साजा ना करें। धोखे से किसी व्यक्ति के साथ कोई भी साइबर अपराध हो जाए तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना दें। ताकि उसे समय से अपराध रोकने में कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी कालर आपके रिश्तेदार बनाकर फोन करता है, तो उसे जांच पड़ताल के बाद ऑनलाइन पैसे दे। अगर कोई लोन के लिए ऑनलाइन लिंक भेजता है, तो उसको ना खोले। वह आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। किसी लालच में आकर ऑनलाइन पैसा बढ़ाने जैसे फ्रॉड के झांसे में ना आए क्योंकि वह आपको शुरू में पैसा देकर बाद में बड़ा रकम ले सकते हैं। अगर फिर भी किसी के साथ पैसे का फ्रॉड हो जाता है, तो तत्काल शिकायत पर आपका खाता होल्ड कराया जाएगा और उचित कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने इस मामले में छात्र-छात्राओं को जन जागरण अभियान चलाकर इस अपराध को रोकने में पुलिस का सहयोग करके पूर्ण सहभागिता करें।


### एक नजर

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के संवेदनशील मामले में कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अभियुक्त को मौके से पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रवि कुमार पुत्र स्वर्गीय गोविंद सैनी निवासी ग्राम मुर्तजानगर उर्फ गंगाधरपुर थाना स्योहारा के रूप में हुई है। उसके ऊपर वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अपराधी की जगह सिर्फ जेल है। अपराध करने वालों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और अपराध की रोकथाम पहला लक्ष्य है।

## महेंद्रपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत



**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर दासी निवासी महेंद्रपाल सिंह को अल्हैपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संगठन का कहना है कि महेंद्रपाल सिंह लंबे समय से किसानों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिला अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि नए ब्लॉक अध्यक्ष संगठन को मजबूत बनाते हुए किसानों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। मनोनयन पर ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## पटाखा बाइक पर कार्यवाही की मांग

**कासमपुरगढ़ी।** हाईटेक मोटरसाइकिल से पटाखे की आवाज पर पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते आवारा घूम रहे नव युवकों ने अपनी मोटरसाइकिल पर नए-नए तरीके की आवाज वाले साइलेंसर लगाकर गली-मौहल्में में बिना किसी कार्य के घूमते देखे जा रहे हैं। ऐसे युवकों को न समाज की परवाह है और न पुलिस प्रशासन की। पुलिस प्रशासन भी इन युवाओं के प्रति जागरूकता नहीं दिख रही है और न ही ऐसे लोगों के प्रति कोई कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पटाखे वाले बाइकों के साइलेंसरों से वृद्ध एवं बीमार लोगों को हार्ट अटैक जैसी अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष कर तो बुजुर्ग व छोटे बच्चों को घर से बाहर निकलना भी दुभर हो गया है। क्षेत्र के जाने-माने कई ग्रामीण हाशिम खान, सरताज अंसारी, राजेंद्र सिंह, सतीश कुमार, लड्डन रियाज, अहमद आदि ने ऐसे आवारा नवयुवकों के विरुद्ध पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिससे ग्रामीणों को एवं बीमार व्यक्तियों को राहत की सांस मिल सकें। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह का कहना है कि ऐसे युवकों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। पुलिस के चंगुल में आने पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## सपा की बैठक छह को

**बिजनौर।** सपा के कार्यालय प्रभारी अहमद खिजर ने बताया कि पार्टी की मासिक बैठक छह दिसंबर को 11 बजे आयोजित होगी। इस मौके पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस भी मनाया जाएगा। उन्होंने सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से इस बैठक में शामिल होने के लिए कहा है।

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**नहटौर।** मौहल्ला खेड़ा थाना हल्दौर निवासी सलीम (32 वर्ष) पुत्र बुंदु अपनी बाइक से नहटौर-नूरपुर मार्ग से नूरपुर की ओर से घर वापस आ रहा था। जब उसकी बाइक ग्राम सराय के मोड़ पर पहुंची तो अचानक बाइक फिसल गई। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। इस मामले की सूचना परिजनों को दे दी। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि यह मामला जानकारी में नहीं है।

### एक नजर

## व्यापारी नेता ने बांटे कंबल



**राजा का ताजपुर।** व्यापारी नेता महबूब आलम सलमानी ने सैकड़ों लोगों को कंबल वितरित किये। इस मौके पर महबूब सलमानी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा धर्म इंसान की सेवा करना है। यही इंसानियत है। कड़ाके की ठंड में लोग आग के आगे तापकर अपना जीवन व्यतीत करने पर मजबूर होते है। ऐसे गरीब लोगों की पहचान कर उन्हें ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह सेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को गर्म कंबल प्रदान किये गए है। कार्यक्रम में महबूब आलम, जाबिर अली, मौहम्मद यूसुफ सिद्दीकी, मौहम्मद जैद, मौहम्मद राशिद अली, पुनीत कुमार, सरदार कमलजीत सिंह नूर, इंतजार अहमद, रुही परवीन आदि मौजूद रहे।

## विदेशी पर्यटक ने की जंगल सफारी



**रेहड़।** बर्लिन जर्मनी निवासी विदेशी पर्यटक कैरेन सोन्या मोनिका डिशीस (82 वर्ष) अपने आगरा निवासी मित्र संजय (53 वर्ष) व श्रीमती विवेंद्र (50 वर्ष) के साथ जंगल सफारी के लिए बुधवार दोपहर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के केहरीपुर जंगल स्थित रेंज कार्यालय पहुंची। जहां वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर व अन्य वन कर्मियों ने उनका स्वागत किया। इसके पश्चात विदेशी पर्यटक ने अपने मित्रों के साथ दूसरी शिफ्ट में दोपहर 2:00 बजे से शाम तक अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का आनंद लिया।

## एफआईआर वापस लेने की मांग



**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय आह्वान पर जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी एवं ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में इंदिरा बाल भवन बिजनौर में एफआईआर की प्रतियां जलाई गई। इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में दिल्ली जंतर मंतर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में 25 नवंबर को देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारियों ने शांति पूर्ण प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद दिल्ली प्रशासन द्वारा एनएमओपीएस के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव विजेंदर धारीवाल, रेलवे के साथी सर्वजीत सिंह और रूपेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई जो अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा। इस अवसर पर सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा, राजकीय वाहन चालक महासंघ के जिला मंत्री हेमराज सिंह, विकास पाठक, सुनील कुमार, राजीव कुमार, अजय कुमार, स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पाल, पूर्व मंत्री पंकज कटारिया, सतवीर सिंह, मुजफ्फर इस्लाम, मनोज कुमार यादव आदि ने पुरानी पेंशन बहाली के क्रांतिकारी साथियों पर दिल्ली प्रशासन द्वारा हुई एफआईआर की पर रोष व्यक्त किया।

# कोई भी बच्चा टीकाकरण से न छूटे : डा. स्नेही

## 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सीएचसी क्षेत्र में टीका उत्सव का शुभारंभ हो गया। मंगलवार को आयोजित सत्रों का उद्घाटन वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्य यादराम सिंह और सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान बच्चों को ओपीवी की खुराक भी पिलाई गई।



अधीक्षक डा. स्नेही ने बताया कि दिसंबर माह में नियमित टीकाकरण के तहत कुल 30 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों और गर्भवतियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए समय पर सात बार टीकाकरण आवश्यक है। डा. स्नेही ने कहा कि टीका उत्सव की सभी गति. विधियां यूविन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएंगी। पूर्व पंजीकृत बच्चों का टीकाकरण अद्यतन किया जाएगा तथा अपंजीकृत बच्चों को भी पंजीकृत कर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। सीएचसी अधीक्षक ने अमीरपुर व जमापुर उपकेंद्रों पर भी टीका सत्रों का उद्घाटन किया। शहरी क्षेत्रों में पार्षदों द्वारा बूथों का उद्घाटन किया गया। छूटे हुए बच्चों को कवर करने के लिए बीआरटी टीम महिला आरोग्य समिति और स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है। सभी सत्र स्थलों पर एनाफाइलेक्सिस किट और पैरासिटामोल सिरप उपलब्ध करा दिए गए हैं। अधीक्षक ने सभी एएनएम को निर्देशित किया कि एईएफआई प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाएं और किट हर सत्र पर अनिवार्य रूप से रखें।

कार्यक्रम में हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, वीएस फार्मासिस्ट हरीश कुमार, प्रदीप रावत, योगेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार, एएनएम दुशाला व सरिता चौहान, सीएचओ रेणु, डीईओ राशि अनम, एआरओ आलोक कुमार सहित स्वास्थ्य टीम मौजूद रही।

## भाकियू ने सौंपा मांग पत्र

**बुंदकी।** भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अनेकों किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ किसानों की गन्ने से सम्बंधित अनेकों मांगों को लेकर एक मांग पत्र बुंदकी शुगर मिल के महाप्रबंधक को दिया। जिसमें किसानों की अनेकों मांगें रखी गई । मिल गेट में तोल पुरानी व्यवस्था से की जाए तथा नई व्यवस्था से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। मिल गेट पर गन्ने का तोल का समय छह बजे की बजाय पूर्व की तरह दस बजे किया जाए। स्पेशल पर्ची का समय बढ़ाया जाए तथा मिल से निकलने वाली मैली उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाए। समस्याओं का शीघ्र निदान किया जाए। नहीं तो यूनियन आंदोलन को विवश होगी। मांग पत्र में देने में बलजीत सिंह, पुखराज सिंह, बिजेंद्र सिंह, मुखिया अनिल कुमार, इमरान अहमद, विजेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, महेंद्र सिंह, अनिल चौहान, रामभजन सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# विकास के काम तेज करने में जनता का सहयोग जरूरी : ईओ

## जनता एसआईआर फॉर्म को हल्के में न लें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि सरकार का एसआईआर मतगणना पुनरीक्षण कार्यक्रम कोई औपचारिक काम नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जानकारी आधारित प्रक्रिया है, जो आने वाली सभी सरकारी योजनाओं की नींव तय करती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक परिवार की सही और अद्यतन जानकारी ही विकास को गति देती है।

अधिशासी अधिकारी ने अपील की कि एसआईआर (स्टैंडर्ड इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) फॉर्म को गंभीरता के साथ भरें। उन्होंने कहा कि यह केवल कागज नहीं, बल्कि उन्हीं लाभार्थियों की पहचान का आधार है, जिन्हें भविष्य की योजनाओं का वास्तविक हकदार माना जाएगा।

### एसआईआर फॉर्म क्यों भरना जरूरी?

हर परिवार की सटीक जानकारी का सरकारी रिकॉर्ड तैयार होता है। गलत डेटा की वजह से योजनाएं अक्सर सही लोगों तक नहीं पहुंच पातीं। समय पर फॉर्म भरने से विकास कार्यों की गति बढ़ती है। भविष्य की योजनाओं के लिए यही डेटा सबसे महत्वपूर्ण आधार बनता है।

### नागरिक क्या करें?

बीएलओ के आने पर सही तथा पूरी जानकारी दें। फॉर्म को पूरा पढ़कर ध्यान से भरें। कोई भी तथ्य छूटे नहीं। जन्मतिथि, सदस्यों की संख्या, आय, व्यवसाय आदि। समय सीमा का पालन अवश्य करें। फॉर्म को औपचारिकता समझकर लापरवाही न करें। गलत जानकारी न दें। भविष्य में योजनाओं में दिक्कत आ सकती है।

उन्होंने बताया कि यदि फॉर्म समय पर जमा नहीं होता, तो योजनाओं के लाभ में देरी होती है और विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। अधिशासी अधिकारी ने टीम के बीएलओ और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि जनता का सहयोग इस अभियान की सफलता के लिए बेहद आवश्यक है।

## वक्फ संपत्तियों को ऑनलाइन दर्ज करने के लिए और समय बढ़ाया जाए : एड. तलहा मकरानी

### घंटों में भी नहीं हो पा रहा रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** उम्मीद सेंट्रल पोर्टल रजिस्ट्रेशन 2025 पर वक्फ संपत्तियों को तय समय सीमा के अंदर दर्ज करने के लिए प्रत्येक मुतवल्ली अपनी तैयारी के साथ ऑनलाइन दर्ज करने के लिए कंप्यूटर सेंटर पर घंटों तक बैठने के बाद भी वेबसाइट हैंग होने के कारण वक्फ संपत्तियां दर्ज नहीं हो पा रही है और अगर वेबसाइट हैंग रहती है, तो निर्धारित पांच दिसंबर तक समय बीत जाएगा और वक्फ संपत्तियां दर्ज होने से रह जाएगी। एड. तलहा मकरानी समा. जसेवी ने भारत सरकार से वेबसाइट हैंग होने के कारण पांच दिसंबर से आगे समय बढ़ाने की मांग की है। ताकि वक्फ संपत्तियां शत प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज हो जाए।



**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद संख्या 203/2025

1- बरकत पुत्र अकबर अली आयु लगभग 51 वर्ष निवासी ग्राम मुस्तफापुर तैय्यब, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**-वादी**

**बनाम**

1- ईद अली पुत्र अकबर अली आयु लगभग 55 वर्ष निवासी ग्राम मुस्तफापुर तैय्यब, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

2- जरीफा पुत्री अकबर पत्नी मौ. सादिर आयु लगभग 60 वर्ष निवासी ग्राम मिलक मुकीमपुर, परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

3- मोमिना पुत्री अकबर पत्नी इकबाल आयु लगभग 51 वर्ष निवासी ग्राम भवानीपुर उर्फ जिगरीवाला, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा बरकत वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा बरकत मुसबफा ईद अली पुत्र अकबर अपने मूजिव एक्ट 7 सन 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा बरकत ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 10 मास 12 सन 2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त उक्त के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जूनियर डिविजन मुकाम नगीना में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक 10.12.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

## जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

**धामपुर।** अज्ञात चोरों ने पंजाब नेशनल बैंक के निकट स्थित एक जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर लगभग 70 हजार रुपये की नगदी और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह दुकान मालिक के आने पर हुई।

ग्राम बसेड़ा कुंवर निवासी सूर्य प्रताप सिंह धामपुर में क्षत्रिय नगर के पास जन सेवा केंद्र संचालित करते हैं। जानकारी के अनुसार वह रोजाना की तरह मंगलवार देर शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब वह जन सेवा केंद्र पर पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा देखकर वह दंग रह गए। अंदर जाकर देखने पर पाया कि अलमारी में रखी करीब 70,000 रुपये की नगदी और कुछ महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी हो चुके थे। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने हाईस्कूल की परीक्षा 1995 में महाराष्ट्र बोर्ड मुम्बई से पास की है। जिसमें मेरा अनुक्रमांक B052178 है। मेरे पासपोर्ट में इजफार अहमद (IZFAR AHMAD) लिखा है जो कि अशुद्ध है जबकि मेरा शुद्ध नाम (IZFAR AHMED) जिसका साक्ष्य में मैंने अपने अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र, पैन कार्ड संलग्न किये है। मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम शुद्ध/संशोधन कराना चाहता हूं। **इजफार अहमद पुत्र श्री निसार अहमद निवासी मौहल्ला हवेलीतला, जाब्तागंज, निकट मुस्लिम फण्ड पोस्ट नजीबाबाद, जिला बिजनौर उ.प्र.**

**नाम परिवर्तन सूचना**

वर्ष 2015 से पूर्व मेरे पिता का नाम मेरे पहचान पत्र में नसीर हसन था। वर्ष 2015 में मैंने अपने पहचान पत्र में अपने पिता का नाम नसीरूल हसन कर लिया था। उक्त नाम दोनों एक ही व्यक्ति के हैं। यानी मेरे पिता के हैं। मेरे पिता को उक्त दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है।

**सादिक जैदी पुत्र नसीरूल हसन निवासी ग्राम ताहरपुर सैद, कस्बा नहटौर, तहसील धामपुर , जिला बिजनौर।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम मोहम्मद सरताज आलम था, जिसे बदलकर मैंने सरताज आलम कर लिया है। भविष्य में मुझे सरताज आलम के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सरताज आलम पुत्र अजीज मोहल्ला पतियापाड़ा, चांदपुर।**

# तीन दिवसीय टीकाकरण उत्सव शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में तीन दिवसीय टीका उत्सव का शुभारंभ किया गया।

अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित करने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। टीके बच्चों को 11 घातक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं और परिवार को सुरक्षित बनाते हैं। अभियान की जानकारी देते हुए भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने बताया कि नगर क्षेत्र में 5387 बच्चों को टीके लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाना हर परिवार की जिम्मेदारी है और यह बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का सबसे



**5387 बच्चों को टीके लगाने का लक्ष्य तय**

जरूरी कदम है। सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने कहा कि टीकाकरण सिर्फ सरकारी योजना नहीं बल्कि बच्चों का हक है। हर परिवार को सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बच्चे एक भी टीका छूटने न पाए। किसी तरह की अफवाहों पर भरोसा न करें। सरकार द्वारा लगाया जाने वाला हर टीका सुरक्षित और लाभकारी है। हमारा प्रयास है कि स्योहारा का हर बच्चा सुरक्षित स्वस्थ और बीमारी-मुक्त हो। इसके लिए मैं स्वयं सभी वार्डों में जाकर लोगों को जागरूक कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का पूरा सहयोग करना चाहिए और टीकाकरण टीम जहां बुलाए वहां समय से उपस्थित रहें। अकरम अल्वी ने कहा कि टीकाकरण के साथ-साथ स्वच्छता भी जरूरी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि घर व गली मौहल्लों में साफ-सफाई रखें। कूड़ा गीला और सूखा अलग रखें, जहां कूड़ा गाड़ी आए वहीं कूड़ा डालें। नालियों में गंदा पानी जमा न होने दें ताकि मच्छर न बढ़ें और बीमारियों का खतरा कम हो। उन्होंने कहा कि यदि नगरवासी सहयोग करेंगे तो स्योहारा को बीमारी-मुक्त नगर बनाने में सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर एएनएम अर्चना देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उषा देवी, सहायिका हरिशंकर, चिकित्सा स्टाफ और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी के सहयोग और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**कार्यालय नगर पंचायत झालू, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक: 483/E-TENDER/NPJ/2025-26 DATE: 03/12/2025

**-:: संशोधित ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पत्रांक संख्या-468/न.पं. झालू/2025-26 दिनांक 26.11.2025 को विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी, जिसमें 04.12.2025 को सुबह 10:00 बजे से की गयी थी, 15 दिसम्बर, 2025 के स्थान पर 21 दिसम्बर, 2025 तक टेण्डर डाले जायेंगे तथा 16 दिसम्बर, 2025 के स्थान पर 22 दिसम्बर, 2025 को टेण्डर नियामानुसार खोले जायेंगे।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत झालू**
**जनपद-बिजनौर**

# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा

## एसआईआर कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विधानसभा के इतिहास में पहली बार गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग बिजनौर के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2025-26 के अंतर्गत मा. विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र -23 चांदपुर का दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में 2 दिसंबर को वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती, कबड्डी की प्रतियोगिताओं का एवं 3 दिसंबर को जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधायक स्वामी ओमवेश एवं गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के आजीवन अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। विधायक ने स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताया। खेल स्पर्धा में सब-जूनियर कबड्डी बालिका वर्ग में मानपुर की टीम जबकि सीनियर कबड्डी बालक वर्ग में अभिषेक लंबा की टीम प्रथम रही। वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग में यश कुमार की टीम प्रथम रही। बैडमिंटन एकल सब जूनियर बालक वर्ग में तनिष्क कौशिक प्रथम रहे। सब जूनियर 100 मीटर दौड़ में बालक में शौर्य एवं बालिका में शिवानी प्रथम रही। इस स्पर्धा में चांदपुर उप-जिलाधिकारी नितिन तेवतिया एवं चांदपुर तहसीलदार आलोक कटियार द्वारा विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

कबड्डी के विजयी खिलाड़ियों को डा. साधना प्राचार्य गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज, डा. अशोक कुमार शारीरिक शिक्षा विभाग से एवं कार्यक्रम प्रभारी रजनी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण कर कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। गुलाब सिंह डिग्री कॉलेज के समस्त स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका चांदपुर एवं पीआरडी द्वारा स्पर्धा को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रजनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर स्पर्धा के समापन की घोषणा की गई। आज चांदपुर विधान सभा क्षेत्र में गतिमान विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण के कार्य को गति प्रदान कराने के उद्देश्य से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नितिन तेवतिया उपजिलाधिकारी तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चांदपुर के निर्देशानुसार गजेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में रैली का आयोजन कराया। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्याऊ बालक के छात्रों जनजागरुकता हेतु नारे बोलते हुए क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों से निकाल रहे थे और हाथों में तख्तियां लिए हुए गतिमान की प्रक्रिया से जुड़े निर्देश तथा महत्व को रेखांकित करती हुई पट्टिकायें तथा बैनर्स व हैंडबिल आदि भी सात में लिए थे। रैली में मौहम्मद राशिद, विनय कुमार, संगीता कौशिक, लक्ष्मी भाटिया व सारिता आदि सहित सभी स्कूली स्टॉफ व छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंगों से प्रतिभाग किया रैली के उपरान्त बिस्किट्स आदि का भी वितरण कराया गया।

# बाइक सवार का छह हजार का चालान काटने का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार का छह हजार रूपए का चालान काटने का बाइक सवार ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का चालान काटा गया, जिसमे ओवर स्पीड का चालान सरासर गलत काटा गया है।

## वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

प्राप्त समाचार के अनुसार दोपहर हल्दौर निवासी फिरोज आलम बाइक से धामपुर जा रहे थे। ट्रैफिक पुलिस ने नहटौर के धामपुर मार्ग पर गांगन पुल के पास चैकिंग के दौरान उनकी बाइक का ओवर स्पीड व बिना हेलमेट का छह हजार रूपए का चालान काट दिया गया। फिरोज आलम ने ओवर स्पीड का चालान गलत काटने की बात कहते हुए कहा कि धामपुर मार्ग क्षतिग्रस्त हालत में है। इस मार्ग पर ओवर स्पीड कैसे की जा सकती है। जबकि इनके पास ओवर स्पीड मापक यंत्र भी नहीं है। फिरोज आलम के गलत चालान काटने का विरोध करने का एक वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# उधार दिए पैसे मांगने पर ससुरालियों ने दामाद को पीटा

## पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में एक दामाद को अपने ही उधार पैसे ससुरालियों से मांगना भारी पड़ गया। ससुराल पहुंचे दामाद को पैसे मांगने पर साले और ससुर ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और अपने घर से भगा दिया। इसके बाद दामाद ने कानूनी सहारा लेते हुए हीमपुर दीपा पुलिस को आप बीती सुनाई और प्रार्थना पत्र सौंपा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद अमरोहा के शाहपुर उर्फ पैगम्बरपुर निवासी रोहताश की ससुराल हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर खादर की है। रोहताश ने बताया कि उसने करीब एक साल पूर्व मजबूरी पड़ने पर एक लाख रुपया 60 हजार का लोन व 40 हजार की भैंस बेचकर ससुरालियों को दिया था। जिसे ससुरालियों ने कुछ ही दिन बाद लौटाने का वादा भी किया था। परंतु धीरे धीरे एक साल बीत जाने के बाद भी ससुरालियों ने पैसा देना गवारा नहीं समझा। इतना ही नही आरोप है कि जब दामाद रोहताश ने ससुराल पहुंचकर अपने पैसे मांगे तो साले व ससुर ने दामाद को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे दामाद ने कानूनी सहारा लिया और हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर पुलिस को आप बीती बताई। पीड़ित ने दबंग ससुरालियों पर कार्रवाई और अपने पैसे दिलवाने की गुहार लगते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा है।

# व्यापारी जुटान कार्यक्रम का आयोजन

## समस्त व्यापारी संगठनों ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्तमान समय में व्यापार में स्वदेशी दृष्टि रखना और व्यापारी समाज का संगठित होकर देश पर लगाए गए व्यावसायिक प्रतिबंधों टेरिफ आदि का संगठित होकर मुकाबला करना आवश्यक हो गया है।

व्यापारी संगठन व्यापारियों की लड़ाई मजबूती से लड़ते हैं। संगठनों की आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते राष्ट्र हित के विषयों पर भी एक मंच पर आकर संघर्ष नहीं करते उन सभी को स्वदेशी के माध्यम से जोड़ने के लिए देश भर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा व्यापारी जुटान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनका शुभारंभ दो माह पूर्व नागपुर में एक बड़ा सम्मेलन कर किया गया है। इसी क्रम में बिजनौर जैन धर्मशाला में एक भव्य व्यापारी जुटान का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त व्यापारी संगठनों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कश्मीरी लाल अखिल भारतीय संगठक स्वदेशी जागरण मंच रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में छोटी-छोटी कहानियों से बीबा, ओयो, जोहो कारपोरेशन की सफलता की कहानियां सुना व्यवसायियों में उत्साह भरने का काम किया। उनका मानना था कि हमारे परिवारों के युवाओं ने बड़ा सोचना बंद कर दिया है। अपनी दुकान या फैक्ट्री पर न जाकर नौकरी का प्रयास करते है। जबकि पहले समय में दुकानों पर ही पढ़ाई से बचे समय में खाली होते कारोबार पर जाने से उनकी इंटर्नशिप हो जाती थी और अपने व्यवसाय के साथ-साथ पूर्वजों की भामाशाह परंपरानुसार समाजसेवा स्वयं करने लगते थे। सभी दुकानदारों से उन्होंने अपने प्रतिष्ठान पर यहां स्वदेशी सामान बिकता है का बोर्ड लगाने का भी अनुरोध किया।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक प्रशान्त महर्षि के संचालन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी धीर सिंह ने की और डॉ. राजीव कुमार अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख, कुलदीप सिंह, व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, पश्चिम उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के मुकुल अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। वरिष्ठ व्यापारी नेता कन्हैयालाल कपूर, बीएस राजपूत ( उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल), संजीव अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल जिलाध्यक्ष, अभिषेक गोयल, अंकुर गौतम, संजीव चौधरी, विदुर ब्रांड से श्रीमती जूली देवी, वासुदेव आदि ने अपने संगठनों के व्यापारियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक अजय वत्स, सह जिला संयोजक सतीश त्यागी, जिला संपर्क प्रमुख कौशल किशोर शर्मा ने सभी व्यापारी और रीता शर्मा ने बहिनों का स्वागत किया। नगर संयोजक दीपक अरोड़ा, आशीष शंकर, सरदार परमजीत सिंह का सहयोग रहा।

# जिला अस्पताल में तीमारदारों का खाना चूहों द्वारा खाए जाने की घटना पर डीएम नाराज

## संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने दो दिसंबर को विभिन्न समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया पर जिला चिकित्सालय में तीमारदारों का खाना चूहों द्वारा खाये जाने का समाचार प्रकाशित हो रहा है।

उन्होंने प्राचार्या, स्वशासी महात्मा विदुर राजकीय चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, बिजनौर तथा मुख्य चिकित्साधीक्षिका, पं. दीनदयाल उपाध्याय महिला चिकित्सालय, बिजनौर के प्रति उक्त स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए यह स्थिति सन्तोषजनक नहीं है तथा इससे जिला चिकित्सालय में समुचित सफाई व्यवस्था का न होना परिलक्षित होता है। साथ ही एक ओर जहां मरीजों व उनके तीमारदारों में असुरक्षा की भावना जाग्रत होना स्वभाविक है, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा व्यवस्था के लचर होने से विभाग की छवि धूमिल होती है।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उक्त सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधीक्षक, पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि जिला संयुक्त चिकित्सालय में पर्याप्त सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराए साथ ही इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मचारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जाये तथा यदि इस प्रकार की घटना की पृनरावृत्ति होने पर भी इसे गम्भीरता से लेते हुए दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए।

# पंचायत सचिवों का विरोध प्रदर्शन जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के नेतृत्व में अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में पंचायत सचिवों का ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। बाहों पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर डटे हुए हैं।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इरफान अली मंसूरी व ग्राम विकास अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नौबहार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलन का प्रथम चरण कल (आज) 4 दिसंबर तक रहेगा, जिसमें काली पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए शासकीय कार्य किया जाएगा। जबकि दूसरा चरण परसों 5 दिसंबर से शुरू होगा, जिसमें धरना दिए जाने के साथ-साथ सक्षम अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप्स से पंचायत सचिव लेफ्ट हो जाएंगे। दोनों ब्लॉक अध्यक्षों ने बताया कि मांग पूरी न हो पाने तक अथवा सक्षम अधिकारियों से संतोषजनक वार्ता न हो पाने तक आंदोलन जारी रहेगा। आज तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन करने वालों में इरफान अली मंसूरी, नौबहार सिंह, प्रिंस चौहान, मौ. नाजिम मलिक, नरेश कुमार, शरद कुमार, सहदेव सारथी, आशीष चौहान, नवीन कुमार 'रवि', कुंती देवी व राजीव कुमार आदि पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने 'कृषि अनुसंधान केंद्र' का शैक्षिक भ्रमण किया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी के कक्षा 11 के विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना का भ्रमण कराया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षिक भ्रमण की गाड़ी को रवाना किया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कृषि के प्रति जागरूकता, शोध एवं कृषि उत्पादकता आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त करना है। अनुसंधान केंद्र के प्रभारी अधिकारी 'डॉ. केके सिंह हेड ऑफ कृषि विज्ञान केंद्र, डॉ. शिवांगी साइंटिस्ट ऑफ एग्रोनॉमी, डॉ. प्रतिमा गुप्ता साइंटिस्ट ऑफ हार्टिकल्चर, डॉ. पिंटू कुमार प्लांट प्रोटेक्शन, मिस्टर अमरजीत सिंह लैब टेक्नीशियन' द्वारा बच्चों को अनुसंधान शाला का भ्रमण कराते हुए वहां किए जा रहे शोध कार्यों की जानकारी प्रदान की गई।

इसके अलावा विभिन्न फसलों के उत्पादन की, नवीन तकनीक, नवीनतम प्रजातियां और मौसम संबंधी उपकरणों से भी अवगत कराया। उन्होंने पौधों के आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी, मशरूम उत्पादन, स्ट्रॉबेरी उत्पादन, खाद निर्माण, गेहूं, सरसों की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी। बच्चों ने भी इनके द्वारा दी गई जानकारियों को बड़े उत्साह से देखा, समझा तथा प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया।

इस अवसर पर सभी कक्षा अध्यापक/ अध्यापिकाएं एवं शिक्षक अजीत, अभिलाष, रेणु, नीलम का सहयोग रहा। विद्यालय लौटने पर सभी बच्चों ने अपने-अपने अनुभवों को सबके सामने साझा किया और ट्रिप को शिक्षा प्रद बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में अतिरिक्त ज्ञान की वृद्धि होती है तथा नई-नई तकनीक की नई जानकारियां मिलती हैं।

# मौहम्मद शाहिद की दिल का दौरा पड़ने से मौत

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला नेजोसराय निवासी पूर्व सभासद मरहूम ठेकेदार अय्यूब के बेटे मौहम्मद शाहिद (42 वर्ष) की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

मौहम्मद शाहिद (42 वर्ष) को अचानक दिल का दौरा पड़ गया। परिजन आनन-फानन में उपचार के लिए उन्हें दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। इलाज के कुछ समय बाद मंगलवार की देर रात शाहिद की हॉस्पिटल में ही मौत हो गई। बुधवार की सुबह 11:00 बजे डेड बॉडी को अफजलगढ़ घर लाया गया। जैसे ही घर पर डेड बॉडी पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वाले रोने बिलखने लगे। शाहिद के जीजा मास्टर असद ने बताया कि शाहिद काफी वर्षों से सऊदी में रहकर अपनी रोजी-रोटी से अपना घर चला रहा था। उन्होंने बताया कि सऊदी से शाहिद को आए हुए तकरीबन 10 दिन हुए थे। शाहिद की अचानक मौत से शाहिद के परिवार में माहौल गमगीन हो गया है। मास्टर असद ने बताया शाहिद के दो बड़े भाई शम्मी व नफीस सऊदी में रहते हैं। शाहिद की मौत की खबर सुनते ही दोनों भाई फ्लाइट पकड़ कर कल बृहस्पतिवार को जनाजे में शामिल होंगे। इस वजह से शाहिद की जनाजे की नमाज बृहस्पतिवार को सुबह 10:00 बजे जामा मस्जिद में अदा की जाएगी। दुख संवेदना व्यक्त करने वालों में अजीज अहमद, नफीस अहमद, वलायत हुसैन, हफीज अहमद, अनीस अहमद, नफीस अहमद, सलीम अहमद भट्टे वाले, सलमान, मास्टर असद, अफजाल अहमद, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, शेख इरशाद हुसैन, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी, पूर्व चेयर पर्सन पति सलीम अंसारी, अब्दुल मोईद, शरीफ अहमद, हाजी अब्दुल बारी, सभासद पुत्र इरफान अहमद, सभासद दिलशाद, सभासद इमरोज, भाकियू नगर उपाध्यक्ष अहसान शाही, सभासद वाहिद, एडवोकेट शेख निजाम, हाजी इदरीस, नेता इस्लामुद्दीन, खलील सागर, मास्टर सलाउद्दीन आदि शामिल रहे।

# आग लगने से गाय झुलसी

**बढ़ापुर।** मौहल्ला पक्काबाग में शाकिर पुत्र फारूक ने पशुओं के लिए झोपड़ी बना रखी है। बुधवार की शाम अचानक अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग पड़ोसी हारून की झोपड़ी तक पहुंच गई। मौहल्ले वासियों ने जैसे तैसे झोपड़ी में बंधे पशुओं के रस्से काटकर पशुओं को बाहर निकाला और पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आग की चपेट में आकर एक गाय झुलस गई व एक पिल्ले की जलकर मौत हो गई। झोपड़ी में रखे कृषि यंत्र हल, जुआ आदि सामान जलकर राख हो गया।

# प्रकरणों के निस्तारण को शिक्षा निदेशक से भेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सोमवार को लखनऊ में शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र सिंह तथा वित्त नियंत्रक मदनलाल से उनके कार्यालय में भेंट कर जनपद की विभिन्न समस्याओं के विषय में चर्चा की।

संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनपद के अनेक शिक्षकों के प्रथम वेतन के भुगतान अवशेष के रूप में लंबे समय से लंबित हैं। इसके अतिरिक्त अनेक शिक्षकों के चयन वेतनमान आदि के अवशेष भुगतान भी लंबित हैं। अनेक शिक्षकों के निजी विवरण से संबंधित संशोधन मानव संपदा पोर्टल पर लंबे समय से लंबित थे। जिनके विषय में संबंधित अधिकारियों से स्पार्क कर अनेक संशोधन तत्काल कराए गए। कुछ संशोधन केंद्रीय कार्यालय अलीगंज में एनआईसी विभाग में संपर्क कर संशोधन हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाई गई। वित्त नियंत्रक मदनलाल से उनके कार्यालय में लखनऊ में भेंट कर केएम इंटर कॉलेज के सेवा. निवृत प्रधानाचार्य बधू प्रसाद गौड़ सहित अनेक लंबित प्रकरणों के पत्रजात प्रस्तुत कर भुगतान हेतु अनुरोध किया।

उन्होंने आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष तथा शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी से रॉयल होटल स्थित उनके निवास पर भेंट की तथा जनपद के समस्त प्रकरणों से उनको अवगत कराया। त्रिपाठी जी ने भी अपने स्तर से सभी प्रकरणों में अधिकारियों को निर्देशित करने तथा शीघ्र कार्रवाई कराने का आश्वासन किया।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**चांदपुर।** बीती रात को चांदपुर में पीबीएस शुगर मिल के पास हल्दौर रोड पर एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़े घायल को सीएचसी स्याऊ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त कस्बा झालू निवासी आमिर अल्वी के रूप में हुई। बताया गया कि आमिर अल्वी अपनी बाइक से दिल्ली से झालू जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने हादसे की पुष्टि की है।

### गन्ना भुगतान करने की मांग




**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ताओं की एक बैठक क्षेत्र के ग्राम अलीनगर पालनी में किसान नेता हफीज अहमद के निवास पर हुई। बैठक में किसानों से खरीदे जा रहे गन्ने का भुगतान नहीं किए जाने पर रोष जताते हुए शुगर मिल अधिकारियो एवं संबंधित गन्ना समितियों से समय रहते शासनादेशानुसार 14 दिन में भुगतान किसानों के खातों मे भेजे जाने की पुरजोर मांग की है। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने छोटू कहा है कि गाना मिलो को चलते हुए एक माह बीत गया, लेकिन किसानों के गन्ने का भुगतान मिले नहीं दे पा रही है। किसानों के सामने घर परिवार चलाने एवं कृषि कार्यों को करने में बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। यूनियन जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने दो टूक कहा है कि यदि गन्ना मिल धामपुर शुगर मिल एवं वेव शुगर मिल किसानों का गन्ना भुगतान समय रहते नहीं करती तो भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा संबंधित ब्लॉक पर धरना प्रदर्शनों को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रशासन और मिल प्रबंधन तंत्र की ही होगी।

### भाकियू प्रधान की बैठक




**नजीबाबाद।** तहसील के ग्राम राजारामपुर में भाकियू प्रधान की बैठक जोरदार स्वागत और गूंजते नारों के बीच संपन्न हुई। ग्रामवासियों ने फूलमालाओं से भाकियू पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। माहौल में उत्साह इतना था कि बैठक एक छोटे समारोह का रूप लेती दिखी। बैठक में आठ दिसंबर को बिजनौर में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील नहीं, बल्कि आह्वान किया गया। इस मौके पर नजीबाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मद आमिल अंसारी, मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार, जिला सचिव प्रमोद कुमार, बब्बू, मौहम्मद जिया, मौहम्मद शरीफ, खुर्शीद अहमद, भोपाल सिंह, महबूब अली सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम में पूरे दिन चर्चा का विषय यही रहा कि आठ दिसंबर की महापंचायत इस बार बड़ी और दमदार होने वाली है।

### गर्भवती महिलाओं को खाद्य सामग्री वितरित



**नजीबाबाद।** स्व. रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्पलता माहेश्वरी की स्मृति में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए ग्राम में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए। ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा-बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है। राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कार्यक्रम में कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी और निशा महेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना और संचालन वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया। इस अवसर पर विवेक माहेश्वरी, निशा महेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप माहेश्वरी, ममता देवी, सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### नगर में बना भगवान परशुराम स्तुति द्वार




**बिजनौर।** रेलवे स्टेशन तिराहे से विदुर कुटी जाने वाले मार्ग पर वरिष्ठ भाजपा नेता एड. ऐश्वर्य मौसम चौधरी, सदर विधायक बिजनौर के सौजन्य से भगवान परशुराम स्तुति द्वार बनाया गया है। इसके लिए अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जनपद बिजनौर द्वारा उनका आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा की कि भविष्य में भी ब्राह्मण समाज के हितों के लिए इसी प्रकार के कार्य होते रहेंगे। मंडल अध्यक्ष एड. संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, राजेंद्र गौतम, गणेश ठाकुर, महेश शर्मा, आलोक शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

### पुलिया निर्माण शीघ्र करने की मांग

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक बैठक सहकारी समिति के प्रांगण में अब्दुल मजीद की अध्यक्षता एवं बृजेश कुमार के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी अंडरपास का निर्माण मानकों के विपरीत होने की शिकायत की गई तथा नहर के दोनों और आश्वासन के अनुसार पुलिया निर्माण शीघ्र करने की मांग की गई। बैठक में नजीबाबाद के सरवनपुर से झालू तक नहर की पटरी को जनहित में नवीनीकरण करने की मांग की गई। बैठक में आवारा पशुओं एवं बंदरों से निजात दिलाने की भी मांग की गई। बैठक में नरपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, मोमिन, नैन सिंह, रामवीर सिंह, राम अवतार सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# जामा मस्जिद मामले सुनवाई फिर टली

**○ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थग्नादेश के चलते सिविल जज की अदालत ने नियत की आठ जनवरी की तिथि**
**○ विगत वर्ष 19 नवम्बर को दायर किया था मुकदमा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जामा मस्जिद में प्रवेश की अनुमति की मांग को लेकर दायर किए गए मुकदमें में सुनवायी टल गई। सर्वोच्च न्यायालय से कार्रवाई स्थगित होने पर अदालत ने सुनवायी की अगली तिथि नियत कर दी। इस दौरान अदालत में दोनों पक्ष मौजूद रहे।

विगत वर्ष 19 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में सभी पक्षकारों समेत सभी को प्रवेश की अनुमति देने की मांग को सिवल जज सी. डि. की अदालत में हरिशंकर जैन आदि ने दावा दायर किया था। अदालत ने उसी दिन वकील कमिश्नर नियुक्त कर कमीशन करने के आदेश दिए थे। वकील कमिश्नर ने उसी सांय को मस्जिद पहुंचकर मौका मुआयना किया था। लेकिन 24 नवम्बर 24 को दूसरी बार सुबह सवेरे मौका मुआयना करने पर हिंसा भड़क गयी थी। हिंसक वारदात में पांच की जान चली गयी। मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचां सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के आदेश दिए थे। मस्जिद पक्ष की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में सर्वे कमीशन के जारी किए गए आदेश को सही ठहराया था। इसके विरूद्व मस्जिद कमेटी की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत की सुनवार्यी पर रोक लगा दी थी। बुध वार को मामले में सुनवायी की तिथि नियत थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय से स्थग्नादेश होने के कारण कोई सुनवायी नहीं हो सकी। सिविल जज की अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 8 जनवरी की तिथि नियत कर दी है।

# अवैध रूप से संचालित मिले अस्पालों पर लगी सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/असमोली।** अवैध व अपंजीकृत अस्पतालों पर प्रशासन का शिकंजा जारी है। नगर मजिस्ट्रेट ने दो अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में एक मेडिकल स्टोर संचालित पाया गया जबकि उसमें मरीज भी उपचार कराते मिले।

बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट सुध ीर कुमार ने विकास खण्ड असमोली की ग्राम पंचायत ओबरी में संचालित 02 अस्पतालों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत ओबरी में चौराहे पर स्थित अरशद क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित मिली। इसमें 2 ऑक्सीजन सिलेण्डर, 07 बेड, 01 लेवर रूम था तथा एक मेडिकल स्टोर संचालित पाया गया। अस्पताल में अशरफ पुत्र तासीर निवासी ग्राम ओबरी तहसील सम्भल उपस्थित मिले। इनके अलावा अस्पताल में कुछ व्यक्ति अपना इलाज कराने हेतु उपस्थित मिले। इनसे अस्पताल के रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया, तो यह लघुशंका का बहाना बनाकर मौके से भाग गये। मौके पर काफी देर इन्तजार किया गया लेकिन कोई व्यक्ति अस्पताल के वैद्य अभिलेख पेश करने के लिए मौजूद नहीं हुआ। क्लीनिक को अवैध रूप से संचालित मानते हुए डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि मौके पर अवैध रूप संचालित पाये जाने के कारण तत्काल अस्पताल अरशद

**○नगर मजिस्ट्रेट ने अचानक छापा मारकर किया निरीक्षण**

क्लीनिक को वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक सील मुहर लगाकर बंद कर दिया गया।इसके अलावा ग्राम पंचायत ओबरी में ही मदार हैल्थ केयर में अरशद क्लीनिक के बाहर मौजूद लोगों से मदन अस्पताल के बारे में पूछताछ की गयी तो ग्राम ओबरी में इस नाम का कोई अस्पताल नहीं होने बल्कि ग्राम टांडा कोठी में मदार नाम का एक अस्पताल संचालित होने की जानकारी मिली। नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम टांडा कोठी में मुख्य चौराहे पर स्थित मदार हेल्थ केयर का निरीक्षण किया। मौके पर मदार हेल्थ केयर के बाहर मेन गेट का ताला बन्द था लेकिन बगल में ही कुछ मरीज खाट पर बैठे मिले। जिन्होने उन्हे पीछे के दरवाजे से निकाले जाने की जानकारी दी। मौके पर मदार हेल्थ केयर के पीछे के दरवाजे से अन्दर जाकर निरीक्षण किया गया तो मौके पर रईस पुत्र साबिर निवासी ग्राम न्यावली तहसील सम्भल, मौ. शहजान पुत्र रिजवान निवासी पिपलौती थाना हसनपुर जिला अमरोहा, मनीष पुत्र बीरवल निवासी बड़ा हसनपुर थाना-हसनपुर जिला अमरोहा, शिवम कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी दतावली तहसील सम्भल, कामिल पुत्र शहीद-अल-हसन निवासी खईया पतई थाना-डिडौली जिला अमरोहा उपस्थित मिले। इनके द्वारा अवगत कराया गया कि यह अस्पताल डॉक्टर परवेज आलम संचालित करते हैं। मौके पर अस्पताल में 09 बेड लगे हुए पाये गये तथा 01 मेडिकल स्टोर पाया गया। इसके अलावा एक कमरे में दवायें एवं ए.आई.सी.यू. की मशीन पायी गयी। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से अस्पताल के संचालन के सम्बन्ध में वैध अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया लेकिन किसी के भी द्वारा अस्पताल के संचालन सम्बन्धी वैधअभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। इससे ऐसा प्रतीत हुआ कि यह अस्पताल अवैध रूप से संचालित है। इसके संबंध में डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को निर्देशित किया गया कि इस क्लीनिक/अस्पताल के संबंधमें आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जबकि अस्पताल मदार हेल्थ केयर को सील मुहर कर बन्द कर दिया गया।


असमोली- ग्राम ओबरी में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों की जांच करते नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार।

# बीएलओ की मौत पर राजनीति गरमाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एसआई के दबाव में बीएलओ की मौत पर राजनीति गरमाने लगी है। कांग्रेस ने इसे गम्भीरता से लिया है। बीएओ की मौत पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कल (आज) परिजनों को सांत्वना देने गांव पहुंचेंगे।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौकुनी निवासी बीएलओ अरविंद की मौत हो गयी थी। एक दिसम्बर को बीएलओ की मौत एसआइआर के बढ़ते दबाव में होने के आरोप लगाए गए थे। एसआईआर को लेकर पहले से ही अनेको सवाल खड़े करने के साथ बीएलओ पर अनावश्यक दबाव और जबरन कार्य कराने के आरोप लगाकर विरोध करती आ रही है। अन्य स्थानों पर एसआईआर के दबाव में बीएलओ की मौत व आत्म हत्या के मामलों

**○प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गांव चौकुनी पहुंचकर देंगे परिजनों को सांत्वना**
**○जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से पहुंचने का किया आह्वान**

के साथ ग्राम चौकुनी में हुई अरविंद की मौत पर राजनीति गरमाती जा रही है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने इसे गम्भीरता से लिया है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कल आज ग्राम चौकुनी पहुंचेंगे। हालांकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चौकुनी पहुंचकर परिवार से मिलकर सांत्वना देना बताया जा रहा है। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष अजय राय दोपहर 2:00 बजे चकोनी पहुंचेंगे। उन्होने सभी जिला कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी एवं सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्ष एवं उनकी कमेटी वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व पदाधिकारियों दोपहर 1:30 बजे जिला कार्यालय चंदौसी रोड या वाजिद पुरम मुरादाबाद रोड पर पहुंचने का आहवान किया है।

# घर-घर जाकर वोट ठीक कराने का करें काम



सम्भल- एसआईआर को समीक्षा बैठक में बोलते सपा विधायक कमाल अख्तर

**○एसआईआर प्रभारी सपा विधायक ने की समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एस आई आर को लेकर समीक्षा करने आए प्रभारी सपा विधायक ने घर-घर जाकर वोटों को ठीक करने का काम करने के निर्देश दिए।

नवाब आशिक पैलेस में आयोजित समीक्षा बैठक में सपा के एसआईआर प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री व विध ायक कमाल अख्तर साहब ने कहा पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एस आई आर में लगकर घर-घर जाकर वोटो को ठीक करने का काम करें एवं विधानसभा अध्यक्ष बी एल ए बनाकर पार्टी को जल्द से जल्द ऑनलाइन करने का काम करें जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़ सके एवं उन्होंने चारों विधानसभाओं के विधानसभा अध्यक्षों से भी चर्चा की बैठक में विधायक असमोली पिंकी सिंह यादव ने कहा कि मेरी विधानसभा का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। विध ानसभा अध्यक्ष से लेकर पार्टी के सभी जोन सेक्टर प्रभारी कार्यकर्ता पदाधिकारी लगे हुए हैं। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि जिले प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं नगर ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकर्ता गण लगकर एस आई आर का काम जल्द से जल्द निपटने का काम करें विधायक सम्भल प्रतिनिधि नबाब सुहैल इकबाल ने प्रभारी एवं अतिथि का फूलमाला पहनकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सम्भल विधानसभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब इकबाल मोहम्मद के नेतृत्व में सभी पदाधि कारी एवं कार्यकर्ता मजबूती से लगे हुए हैं जल्द ही सभी मिलकर एस आई आर का कार्य पूरा कर लेंगे। बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी चंदौसी विमलेश कुमारी प्रमोद यादव पूर्व जिला अधयक्ष ब्लॉक सम्भल प्रभारी इफ्तार जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार विधानसभा अध्यक्ष ताहिर उल्ला खान उमेश यादव अमित यादव इरफान प्रधान केपी यादव सुनील यादव सईद अख्तर इसराइली बिट्टू कश्यप पप्पू यादव मोहम्मद आदिल शोभित कुमार काका रवि शंखधार प्रतीक नानू गुल्लू यादव देवव्रत यादव फैजान शाही मनीष यादव साबिर खान जैफ कुरेशी इंद्रजीत यादव जैकी भाई अशरफ किदवई बिटन मलिक चैयरमेन रामनिवास दिवाकर सूर्य प्रताप यादव यावर फराज आदि मौजूद रहे

# चकरोड़ की भूमि कब्ज़ा मुक्त कराने पर प्रधान पति को बनाया जा रहा निशाना


सम्भल- ग्राम शेरपुर में कब्जा मुक्त कराए गए चकरोड़ पर कार्य करते मनरेगा मजदूर।

**○हल्का लेखपाल ने शिकायत की जांच पायी थी निराधार**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** इसे कहते हैं उल्टा चोर ....को डांटे वाली कहावत ऐंसा ही चरित्रार्थ कर रहा है एक ग्रामीण जो शिकायत पर मेड़बंदी कराने के बाद मेड़ को तोड़ने और चकरोड की भूमि से अवैध कब्ज़ा मुक्त कराने पर उल्टा ग्राम प्रधानपति पर ही रंगदारी मांगने का आरोप लगा रहे हैं।

दर असल उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला पैंठ इतवार निवासी दानिश अली पुत्र मौहम्मद अली व नसीम पुत्र रमजानी की 01 गाटा सं. रकबइ 0.1010 की भूमि ग्राम मुजफ्फरपुर के संक्रमणीय भूमिधर चले आते हैं। आरोप है कि उनके खेत के बराबर में उस्मान नि. ग्राम घुंघावली का खेत है। लगभग एक माह पूर्व दानो हल्का लेखपाल ने जमीन की नापतौल कर आरोपी के खेत की मेड़ डलवायी थी। लेकिन आरोपी ने हैंकड़ी के बल पर मेंड़ को तोड़ दिया। जब मेंड़ तोड़ने को मना किया गया तो झगड़े पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसकी शिकायत 11 अक्टूबर को थाना समाधान दिवस में की गयी थी। नबीजान पुत्र अली जान निवासी ग्राम घुंघावली ने आईजीआरएस पर गाटा सं. 302,303,304 व ग्राम शेरपुर स्थित गाटा सं. 269 की भूमि पर कब्जे की शिकायत दर्ज करायी गयी थी कि उस्मान अली पुत्र अली जान नि. ग्राम घुघावली के नाम 303/0.073 है. नबीजान पुत्र अलीजान गाटा सं. 268 रकबा 1. 362 है भूमि संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार के रूप में दर्ज है।ग्राम प्रधान सेठ मौहम्मद अली पर ग्राम सभा की अनेक भूमियों पर कब्ज़ा करने और 6 बीघा भूमि नवीन टंकी के पास हल्का लेखपाल से हमसाज होकर जोतने बोने जबकि ग्राम की पानी की टंकी सालों से अधूरी पड़ी होने और उसको नहीं बनने देने के अलावा पटटे के नाम पर रकम लेने के आरोप लगाये थे। शिकायत पर लेखपाल ने मौके पर जांच की तो घुंघावली व शेरपुर के बीच गाट. सं. 255 रकबा 0.022 है राजस्व अभिलेखो में चकमार्ग के नाम से दर्ज मिली। जिस पर दोनों भाईयों ने अवैध कब्ज़ा कर रखा था। ग्राम प्रधान शेरपुर की ओर से थाना समाधान दिवस में शिकायत की थी। हल्का लेखपाल ने मौके पर जाकर 30 अक्टूबर 2025 को चकरोड पर किये गए अवैध कब्ज़े से मुक्त कराकर मनरेगा से मिटटी डलवाकर सुचारू रूप से चालू करा दिया था। आरोपी की अवैध कब्ज़े की शिकायत निराधार पायी गयी थी इसकी रिपोर्ट आला अधिकारियों दी गई थी। आरोप है कि चकरोड पर किए गए अवैध कब्जा हटवाने पर आरोपी आग बबूला हो गये और उसने ग्राम प्रधान पर अर्नगल आरोप लगाने शुरू कर दिये।

## एक नज़र इधर भी


सम्भल-अवैध रूप से कब्जायी गंगा की 100 बीघा भूमि मुक्त कराते राजस्वकर्मी।

### 100 बीघा भूमि को कराया कब्ज़ा मुक्त

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** एक सौ बीघा भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा कर खेती का कार्य किया जा रहा था। शिकायत पर राजस्व निरीक्षक ने टीम संग भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया।
तहसील गुन्नौर के गांव ईसमपुर सैलाब खाम में गंगा की एक सौ बीघा जमीन पर 10 ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। उस पर ग्रामीण खेती कर रहे थे। गुन्नौर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक नदीम अहमद के नेतृत्व में राजस्व टीम में शामिल लेखपाल सचिन यादव, ध नंजय, प्रेरणा यादव, निशा के साथ गांव ईसमपुर सैलाब खाम में गंगा की एक सौ बीघा जमीन को अवैध कब्ज़े से मुक्त करा लिया था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत की थी। तहसील प्रशासन ने संज्ञान में लिया था। और फिर कब्जा मुक्त की कार्यवाही कर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिय।


बबराला- एसआईआर कार्य की जानकारी लेते सपा नेता अमित यादव।

### एसआईआर भरवाने में करें मदद

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सपा नेता ने एसआईआर विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से इसमें सहयोग करने का आहवान किया। उन्होंने बूथ पर निरीक्षण किया।
सपा गुन्नौर विधाानसभा अध्यक्ष अमित यादव ने सपा कार्यकर्ताओं को मतदाता प्रपत्र प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए सपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि सभी लोग गांव-गांव में सक्रिय होकर एसआईआर कार्य को सफल बनाने और मतदाताओं का प्रपत्र भरवाने में सहयोग करने में सहयोग करे।जिससे सभी के प्रपत्र भर जाएं। उनमें कोई गलती न हो। पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और एसआईआर कार्य को समयबद्व और जिम्मेदारी पूर्वक पूरा कराने में बीएलओ का सहयोग करने का आहवान किया। इस दौरान शशिकांत, सुमित यादव, देवेंद्र सिंह, राजा, शमीम अहमद आदि रहे।


सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करते प्राचार्य।

### छात्राओं को नारी सुरक्षा को किया जागरूक

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एमजीएम पीजी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय रहा-नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान ,नारी स्वावलम्बन। प्राचार्य प्रो. डा..योगेन्द्र सिंह जी ने छात्राओं को नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया और कहा कि नारी सुरक्षा और नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति आज आज की सरकार प्रतिबद्व है। हम सबको भी नारी सुरक्षा नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के प्रति प्रतिबद्व रहना चाहिए। और छात्राओं को भी चाहिए कि वो अपना सम्मान बनाये रखें। यदि हम अच्छे से पढ़े लिखेंगे तभी स्वावलंबी भी बन पायेंगे। इस समय जो छात्रओं का लक्ष्य है पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा होना उन्हें उस पर पूरी तरह से फोकस करना चाहिए। और उन्हे कोई भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे कि उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचे। संगोष्ठी में 30 छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डा. रीतू भटनागर ने किया।

## निरंजन पीठाधीश्वर का जनपद भ्रमण कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज 4 दिसम्बर आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। निरंजन पीठाधीश्वर अपराह्न 12 बजे से 2 बजे तक श्री कल्कि धाम ऐंचोड़ा कम्बोह में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे जबकि अपराह्न 2:30 बजे से 3:30 बजे तक जिलाधि कारी एवं पुलिस अधीक्षक के आवास पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

## सांय को होने लगी ठिठुरन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** माह दिसम्बर की शुरूआत ने ठंडक का अहसास कराना शुरू कर दिया है। बढ़ती जा रही ठंड से ठिठुरन का अहसास होने लगा है। सांय को अधिक ठंड होने से बाज़ार में चहल-पहल जल्दी कम होने से दुकानों क शटर बंद हो रहे हैं।

# अधिकारों की मांग को सड़क पर उतरे दिव्यांग

**○उपजिलाधिकारी को सौंपा 22 सूत्रीय ज्ञापन, रिक्शा चेकिंग में मनमानी आदि रोकने की मांग**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर एकजुट हुए दिव्यांगजन सड़क पर उतर आए। दिव्यांगों ने रैली निकालकर ईरिक्शा चैकिंग पर मनमानी रोकने और पेंशन आदि मांगे पूरी करने की मांग की।

बुधवार को दिव्यांगजन नई तहसील परिसर से एकजुट होकर सड़क पर उतर आए। अपने अधिकारों के लिए जोरदार एवं शांतिपूर्ण रैली निकाली। रैली में दिव्यांगो ने रिक्शा चेकिंग पर रोक की मांग करते हुए कहा कि रोजगार मत छीनो। रैली में दिव्यांगों ने सबसे पहले रिक्शा चेकिंग की मनमानी पर रोक लगाने की करते हुए कहा कि रिक्शा ही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर चेकिंग के नाम पर रिक्शा जब्त हुए, तो हमारे सामने भीख मांगने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। पेंशन 5,000 करने की मांग ख्र हमहंगाई में गुजारा असम्भव है। दिव्यांगजनों ने सरकार से अपनी पेंशन 5,000 प्रतिमाह किए जाने की अपनी मांग को दोहराते हुए कहा कि वर्तमान पेंशन में दवाइयाँ, रोजमर्रा के खर्च और परिवहन का खर्च निकाल पाना असम्भव हो गया है। सरकारी नौकरी में अवसर और प्राथमिकता की मांग रैली में दिव्यांग प्रतिनिधि ायों ने आरोप लगाया कि विभागों में दिव्यांग आवेदकों को प्राथमिकता नहीं मिलती, अधिकारी दफ्तरों में बैठे रहते हैं, और दिव्यांगजन घंटों बाहर इंतजार करते रहते हैं। उन्होंने मांग की कि सभी सरकारी विभागों में दिव्यांगों के लिए विशेष सुविध ा और उचित अवसर सुनिश्चित किए जाएँ। थानों में रिपोर्ट दर्ज न होने और उनकी आवाज को दबाने तथा पुलिस प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाए। दिव्यांगो ने उन पर अत्याचार करने वाले दोषियों पर 50,000 से 5 लाख तक का कठोर जुर्माना अनिवार्य करने और बिजली पूरी तरह फ्री करने की दिव्यांगों ने बिजली बिल पूरी तरह माफ करने की मांग की।जबकि कहा कि दिव्यांगों का जीवन संघर्ष बन गया है, एवं बिजली का बोझ बड़ी मुसीबत है। दिव्यांगो ने 22 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर मुख्यमंत्री तक भेजन का की मांग की। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा दिव्यांगों के लिए दिए गए अधि कारों को स्थानीय प्रशासन पर कमज़ोर करने के आरोप लगाए।


सम्भल- मांगो को लेकर रेली निकालते दिव्यांगजन।

## नोडल अधिकारी को गो आश्रय स्थल में व्यवस्थाएं मिली चाक चौबंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गौआश्रय स्थल का नोडल अधिकारी/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने अचालक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान व्यवस्थायें चाक चौबंद मिलीं।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह एवं नोडल अधि कारी डा. मनोज कुमार शर्मा ने बहजोई स्थित गो आश्रय स्थल घासीपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरन सभी व्यवस्थाएँ चाक चौबंद पायी गई। जबकि गोवंश के खाने के लिए भूसा हरा चारा व चोकर गौशाला में पर्याप्त मात्रा में दिया जाता मिला। इसके अलावा साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थायें भी ठीक पायी गई। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल में सभी व्यवस्थायें संतोष जनक मिलने पर संचालक की प्रशंसा की गई।

# जिलाधिकारी राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

**○दिव्यांजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने किया प्रदान**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने समारोह में जिलाधिकारी को राज्य स्तरीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ के जुपिटर हॉल में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं नियोक्ताओं एवं सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार 2025 वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु कार्यरत अधि कारी की श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल आंजनेय कुमार सिंह के निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा से कराये जा रहे कार्यों से प्रेरणा लेकर जनपद में दिव्यांगों के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं।


सम्भल-लखनऊ में दिव्यांग पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम को सम्मानित करते मुख्यमंत्री

# बबराला में बनाया जाए रोडवेज डिपो

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में राज्य सड़क परिवहन निगम का डिपो खोले जाने की मांग नगरवासियों ने शासन से की है। इसका प्रावधान किया जाये।






नगर के लोगों ने रोडवेज बस का डिपो बबराला में बनना की बात की है। यहां रोडवेज स्टैंड स्थापित है लेकिन रोडवेज बस न आने से ठप पड़ा है। रोडवेज डिपो के लिए नगर क्षेत्र काफी जगह है। शासन शीघ्र ही बबराला में डिपों की घोषणा करें ताकि सभी को बस सेवा का लाभ मिल सके। सुमित यादव ने कहा कि नगर में बस स्टैंड की स्थापना काफी समय पूर्व हो चुकी है। लेकिन यहां कोई भी बस नहीं आती है ।बस स्टैंड सफेद हाथी बना हुआ है। रोडवेज बस इंद्रा चौक पर रूककर गंतव्य को रवाना हो जाती हैं। रवि शर्मा ने कहा कि यहां रोडवेज की बसे दिल्ली से बबराला को चल रही है।डिपो न होने के कारण इंद्रा चौक पर खड़ी होकर सवारी लेकर गंतव्य को रवाना हो जाती है। संजीव अग्रवाल ने कहा कि यहां से दिल्ली मुरादाबाद अलीगढ़ आगरा आदि को रोडवेज की बसें गुज़रती हैं लेकिन यह बस स्टैंड नहीं जाती हैं और न ही इनका कोई समय निश्चित है। अगर यहां डिपो स्थापित हो जाता है तो यहां के व्यापारी एवं क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा। अनिल अग्रवाल ने कहा कि डिपो बन जाने से व्यापारियों को बड़े शहरों से माल लाने ले जाने में आसानी होगी और इससे विभाग को भी राजस्व भी प्राप्त होगा।

# करूला इलाके में गद्दे के गोदाम में लगी भीषण आग, क्षेत्र के लोगों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र स्थित गली नंबर 4 में बुधवार की दोपहर गद्दों के गोदाम में भीषण आग लगने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया।गोदाम घनी आबादी वाले क्षेत्र में होने के कारण स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आस-पास बने घरों तक आग पहुंचने का खतरा बढ़ गया, जिसके चलते लोग अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास करते दिखे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ सड़क पर जमा हो गई। स्थानीय निवासी बाल्टी, पाइप और मिट्टी की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए,




लेकिन गोदाम में रखे गद्दों और फोम सामग्री के कारण लपटें लगातार बढ़ती चली गईं। इलाके में धुआं इतना फैल गया कि लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। क्षेत्र वासियों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद अभी तक फायर ब्रिगेड की कोई गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची है, जिससे लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। वहीं थाना कटघर की पुलिस टीम भी खबर लिखे जाने तक मौके पर नहीं पहुंची थी। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आग की ऊंची लपटें और लोगों की अफरा-तफरी साफ दिखाई दे रही है।दमकल विभाग को घटना की सूचना दे दी गई है।

# 13 दिसम्बर को लगेगी लोक अदालत

## जिला न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर के आयोजन को लेकर जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ विदुषी सिंह की अध्यक्षता में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल स्थित चन्दौसी में जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रकरणों की सूची, ऋण वसूली मामलों के



मैत्रीपूर्ण निस्तारण, समझौते की संभावनाओं तथा आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सम्भल ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे अधिकतम मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत करें, ताकि विवादों का शीघ्र, सरल एवं किफायती समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में समझौते के आधार पर निस्तारित मामलों पर अदालती शुल्क नहीं लगता तथा पक्षकारों को त्वरित राहत प्राप्त होती है। समस्त बैंक शाखा प्रबंधकगण ने आश्वा. सन दिया कि बैंक ग्राहक सेवा को और अधिक सुगम एवं संवेदनशील बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। बैठक में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी पराग यादव एल.बी.ओ. जनपद सम्भल कुलदीप सागर, बैंक ऑफ बड़ौदा कमल कुमार, यूनीयन बैंक ऑफ इंडिया पारीतोष, इंडियन बैंक से श्री देववृत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया चन्दौसी अजीत सिंह यादव, यू.पी. ग्रामीण बैंक विशाल दीप, बैंक ऑफ इंडिया प्रियांक कौशिक, केनरा बैंक ऑफ इंडिया वीरेश, पंजाब नेशनल बैंक एस.पी. रावत आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह आदि रहे।

# टीएमयू में नर्सिंग के स्पोर्ट्स इवेंट ब्रह्मोत्सव का शंखनाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा, स्पोर्टस स्टुडेंट्स के जीवन का अभिन्न अंग है। विशेषकर नर्सिंग स्टुडेंट्स खेलों को आत्मसात करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं की हौसलाफजाई करते हुए कहा, स्टुडेंट्स के शरीरिक और मान. सिक ग्रोथ के लिए ब्रह्मोत्सव इवेंट में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वीसी प्रो. जैन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की स्पोर्ट्स एंड कल्चरल इवेंट-ब्रह्मोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. वीके जैन ने शांति के प्रतीक कबूतर और गुब्बारे उड़ाकर चार दिनी ब्रह्मोत्सव का शंखनाद किया।

इस मौके पर डायेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन, फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. निशीथ मिश्रा, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. जेसलीन एम., पार्श्वनाथ नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. श्योली सेन, ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने कल्चरल प्रोग्राम्स की प्रस्तुति भी दी। रंगारंग परिधानों में नर्सिंग छात्रों के चार ग्रुपा. - वायु, नीर, आकाश और अग्नि ने मार्च पास्ट में प्रतिभाग किया। मार्च पास्ट की भव्यता और अनुशासन देखते ही बनता था। इन चार ग्रुपों में मार्च पास्ट का प्रथम पुरस्कार टीम अग्नि की झोली में गया। द्वितीय पुरस्कार टीम नीर और तृतीय पुरस्कार पर टीम वायु का कब्जा रहा। ओप. निंग सेरेमनी के बाद खेल प्रतियोगिताओं में तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ नर्सिंग और तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने खूब पसीना बहाया। ब्रह्मोत्सव के तहत टग ऑफ वार और कबड्डी की प्रतियोगिताएं हुईं। टग ऑफ वार की प्रतियोगिता के ब्वायज ग्रुप में वायु टीम और गर्ल्स ग्रुप में नीर टीम 2-1 से विजेता रहीं। इस मौके पर प्रो. विजी मोल, डॉ. सपना सिंह, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रो. अनुषी सिंह, डॉ. सुमन वशिष्ठ, डॉ. रामकुमार गर्ग के संग-संग स्पोर्टस कोर्डिनेटर्स- श्रीमती पूजा झा, श्री सतीश प्रजापति, श्री रितिक कुमार, श्री विनय लाल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

श्री चंद्रशेखर टग ऑफ वार के निर्णायक रहे।

# प्रथम राष्ट्रपति व खुदीराम बोस की जयंती मनायी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की जयंती एवं महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस की जयंती कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षता जीवनदास शर्मा प्रधानाचार्य व संचालन राजवीर सिंह ने किया। मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म 3दिसंबर 1884 को सीवान जिले के जीरादेई गांव में हुआ था। आपके पिता महादेव सहाय संस्कृत, फारसी के प्रकांड विद्वान थे, आपकी माता जी कमलेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। मां इन्हें बचपन में रामायण, महाभारत की कहानी सुनाती थीं। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा छपरा के स्कूल में हुई। आपके चाचा जगदेव सहाय प्यार से राजेन्द्र बाबू कहते थे। वहीं कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस ने देश की आजादी के लिए मात्र अठारह साल में फांसी के तख्ते को हंसते हंसते चूम लिया। क्रांतिकारी खुदीराम बोस ने एक बार कहा कि -''क्या गुलामी से बड़ी भद्दी कोई दूसरी बीमारी हो सकती है।''क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस का जन्म 3 दिसंबर 1889 को बंगाल के मिदनापुर में हुआ था। अरविंदो घोष के वन्देमातरम को पढ़कर क्रान्तिकारियों में जोश का तूफान आ गया था, तभी खुदीराम बोस ने क्रान्तिकारियों पर जज डगलस किंग्स फोर्ड द्वारा कोड़े मारकर तथा सख्त सजा देने पर उसे बम से उड़ाने का निश्चय किया जिसमें क्रांतिकारी प्रफुल्ल चाकी भी शामिल थे। 30 अप्रैल 1908 को दोनों ने मुजफ्फरपुर में बग्घी पर बम फेंका जिसमें ब्रिटेन के एक बैरिस्टर बिंगल केनेडी की पत्नी और बेटी की मौत हो गई। क्रांतिकारी शहीद खुदीराम बोस को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान जीवन राजवीर सिंह, अरविन्द कुमार, गेंदनलाल, अनिल कुमार शर्मा, हेमन्त कुमार गुप्ता, ऋचा प्रकाश सैनी, योगेश कुमार, श्यामा शर्मा ने विचार व्यक्त किए। पूरन लाल शर्मा, पृथ्वी पाल सिंह, सपना, रितु, लक्ष्मी, काजल नीतू, खुशी, सरिता, कु0 राधा, कु0 रागनी, कु0 सुमन, कु0 सृष्टि, कु0 सुहानी, कु0 रिंकी, कु0 सुरभि, कु0 लवी छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।



## घर के बाहर शराबखोरी व गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा भारी, मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटा

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम में कुछ शराबियों की गुंडागर्दी का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। बुधवार सुबह घर के बाहर गाली-गलौज का विरोध करने पर चार दबंगों ने मां-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचा दीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित सतेंद्र कुमार ने बताया कि उनके घर के सामने गांव के ही सोनू उर्फ सुरेंद्र, मोनू उर्फ महेंद्र, प्रदीप पुत्र रामसिंह और कमल पुत्र तेजपाल रोजाना शराब पीकर हंगामा करते थे। उन्होंने कई बार गाली-गलौज करने से मना किया, इसी बात से नाराज होकर आज तड़के करीब 7रू30 बजे उक्त चारों आरोपी उनके घर आ धमके। सतेंद्र के अनुसार वे नाश्ता कर रहे थे, उसी दौरान आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

मारपीट में सतेंद्र के सिर पर गंभीर चोट आई। हंगामा सुनकर उनकी मां सर्वेश देवी बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी सिर पर लाठी से वार कर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटे और बड़ी मुश्किल से मां-बेटे को हमलावरों से बचाया। सतेंद्र का कहना है कि आरोपियों ने जाते समय धमकी दी कि "आज तो बच गए, अगली बार जान से मार देंगे।" घटना के बाद सतेंद्र ने 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने उन्हें थाने में आकर तहरीर देने को कहा, जिसके बाद सतेंद्र अपनी घायल मां के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने तहरीर पर के आधार पर जांच शुरूकर दी ।

# एडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण बीएलओ को दिए दिशा-निर्देश



**चन्दौसी।** बुधवार को नगर सीता रोड स्थित रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय में बूथ संख्या 167 से 173 तक सात बूथों का एडीएम प्रदीप वर्मा तथा एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पांच बीएलओ कार्य करते मिले तथा दो फील्ड में एसआईआर प्रपत्र प्राप्त करने गये थे। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने बीएलओ से शीघ्रता से कार्य निपटाने के दिशा निर्देश दिये, कहा कि जो मतदाता नही मिल रहे उनकी सूची मतदान स्थल पर चस्पा करने का आदेश दिया। साथ ही वहाँ उपस्थित सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओ से कहा बीएलओ का सहयोग करें तथा बचे प्रपत्रों का गहनता से अवलोकन करके मतदाताओं की पहचान करके उन तक पहुंचने का प्रयास करें। उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी ने कहा जो मतदाता दूसरी जगह प्रपत्र जमा कर चुके है या मृतक है उनके परिवार से संपर्क करके उनकी सहमति से हटाये।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, तरुण कुमार नीरज, डॉ टीएस पाल, रोहित दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता, दिनेश चीनी, कुलदीप वार्ष्णेय, लोकेश मौर्य, मुनीश वार्ष्णेय, आकाश शर्मा, रोशन लाल, नीरज शर्मा, मधु गुप्ता एवं बीएलओ अवनीश कुमार, उज्ज्वल शर्मा, दीप्ति शर्मा, सुखवीर पाल, सत्यवीर आदि रहे।

# अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह पर एसएम कॉलेज में हुई गोष्ठी

**चन्दौसी।** भारत रत्न से अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना एस. एम. कॉलेज, चंदौसी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. आर0ए0एस0 यादव ने कहा कि अटल का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति के उन अटल व्यक्तित्वों में से एक है जिनके बिना भारत के इतिहास की कल्पना नहीं की जा सकती है। अटल जी के प्रधानमंत्री काल के विभिन्न प्रसंगों को लेकर प्रो. यादव ने अटल के प्रशासनिक सूझबूझ की प्रशंसा की। श्री स्कंद ने एक साधारण से स्वयंसेवक से लेकर प्रधानमंत्री तक के अटल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का उल्लेख किया। डॉ. स्तुति वशिष्ठ, विभाग अध्यक्ष, बीएड विभाग, ने अटल के



साहित्यिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समकालीन राजनीतिक लेखन में श्रेष्ठता प्रदान करते हुए उनकी कविताओं की विवेचना की। डॉ ज्योति ने अटल की कविताओं के संगीतात्मक पक्ष पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ विशेष कुमार पाण्डेय ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल जी के व्यक्तिगत, राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यों पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय राजनीति का भीष्म पितामह एवं अजातशत्रु कहकर संबोधित किया। इस अवसर पर अजीत सिंह, डॉ. सूरज शर्मा और डॉक्टर प्रदीप कुमार का विशेष रूप से योगदान रहा।

# यातायात जागरूकता माह नवम्बर का हुआ समापन

**चन्दौसी/बहजोई।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में पुलिस



लाइन, संभल स्थित सभागार में यातायात जागरूकता माह नवम्बर 2025 के समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात, होमगार्ड कमांडेंट संभल तथा प्रभारी यातायात की गरिमामयी उपस्थिति रही। यातायात माह के दौरान विभिन्न विद्यालयों में आयोजित निबंध, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वाधिक चालान करने वाले यातायात कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जनपद में यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं लोगों को जागरूक करने हेतु हेलमेट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत जरूरतमंद व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान किए गए।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में लैंडस्केप पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज के चित्रकला विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत "स्वच्छ वायु ख्र स्वच्छ पर्यावरण, प्रदूषण-रहित हरित नगर" विषय पर लैंडस्केप पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने स्वच्छ हवा, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण मुक्त हरित शहर की अवधारणा को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। लगभग 30 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने चित्रों में स्वच्छ वातावरण की आवश्यकता तथा प्रदूषित हवा के दुष्प्रभावों को रचनात्मकता के साथ उकेरा।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु रानी , द्वितीय स्थान तसररून तथा तृतीय स्थान शादिया ने प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार आयुषी और करिश्मा को प्रदान किए गए।कॉलेज



की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने छात्राओं की कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गति. विधियाँ न केवल रचनात्मक सोच को विकसित करती हैं, बल्कि छात्राओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी भी बढ़ाती हैं। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन चित्रकला प्रभारी डॉ. प्रेमलता कश्यप ने किया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा और प्रोफेसर एकता भाटिया शामिल रहीं। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर सुदेश, प्रोफेसर प्रवीण, प्रोफेसर करुणा सहित कॉलेज की सभी शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।

# बीएलओ सर्वेश सिंह के परिवार की मदद के लिए अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने डीएम को दिया ज्ञापन



**मुरादाबाद।** बुधवार को अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महावीर प्रसाद मौर्य ने बहेड़ी ब्रह्मनान के बीएलओ मृतक सर्वेश सिंह की पत्नी बबली के लिए मृतक आश्रित कोटे से तृतीय श्रेणी की सरकारी नौकरी दिलाए जाने संबंधी एक विस्तृत प्रत्यावेदन तैयार कर जिलाधिकारी को सौंपा। महावीर प्रसाद मौर्य ने बताया कि बबली की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है और मृतक के परिवार को तत्काल सरकारी सहायता की आवश्यकता है।प्रत्यावेदन पर जिलाधिकारी ने संघ के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि बबली की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है और दो-तीन दिनों के भीतर आवश्यक कार्यवाही पूरी कर समाधान उपलब्ध कराया जाएगा।

अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रशासन अपने आश्वासन से पीछे हटता है या समय सीमा के भीतर बबली को तृतीय श्रेणी की नौकरी तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से ध्1 करोड़ की आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराता, तो अंबेडकर संघ जन आंदोलन शुरू करेगा।

उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी पूरी तरह शासन-प्रशासन की होगी। संघ ने मृतक सर्वेश सिंह के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**चन्दौसी।** डॉ भीमराव अंबेडकर कल्याण समिति के तत्वाधान में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नगर के ग्राम पथरा में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में किया गया। विद्यालय के 160 छात्र/छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 150 उपस्थित तथा 10 अनुपस्थित रहे। प्रश्न पत्र 'अ' तथा 'ब ' सेट में थे, जिनमें विस्तृत विभिन्न विषयों के प्रश्न , स्थानीय प्रश्न एक-एक अंक के 100 प्रश्न 90 मिनट की अवधि में पूछे गए। प्रश्न पत्र बहुविकल्पीय उत्तर सहित तथा सरल सहज होने के कारण प्रतिभागी अत्यंत प्रसन्न मुद्रा में दिखाई दे रहे थे। केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में विद्यालय के संच. ालक महानंदन गौतम तथा प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी केंद्र प्रभारी रहे। कक्ष निरीक्षकों में सीमा अग्रवाल, सुशीला, क्षमता, आरती सिंह,शालू, रंजीत कौर, राजकुमारी, योगेश, काजल, दुर्गेशनंदिनी, रेशमा ने अपनी ड्यूटी संभाली। इस अवसर पर रिनी अग्रवाल, आभा रानी, आदि उपस्थित रहे। कक्ष व्यवस्था में सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रंजीत कुमार, रमन शर्मा रहे। प्रतियोगिता प्रभारी एवं संयोजक प्रवीन कुमार रहे।

# लंबित मांगों को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** लंबित मांगों को लेकर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन मुरादाबाद मंडल की ओर से रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे कर्मचारी 48 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठ गए। रेलवे प्रशासन से सभी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की। भूख हड़ताल के दौरान रेलवे कर्मियों ने इंकलाब जिंदाबाद और रनिंग एकता जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए। आंदोलनका. रियों ने बताया कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन मांगों पर रेलवे प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। भूख हड़ताल के दौरान कर्मचारियों ने मांग की कि टीए में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद साइलेज भत्ते में भी उसी अनुपात में वृद्धि की जाए। साथ ही, 70 प्रतिशत किलोमीटर भत्ते को आयकर मुक्त किया जाए। उन्होंने एएलपी, एलपीएस, एलपीजी, एलपीपी और एलएमपी के लिए निर्धारित वेतनमान तय करने की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि रनिंग कर्मचारियों को 36 घंटे के भीतर मुख्यालय वापस भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा लोको रनिंग स्टॉफ को इंटेंसिव श्रेणी में शामिल कर मालगाड़ी की अधिकतम ड्यूटी 8 घंटे और यात्री गाड़ी की ड्यूटी 6 घंटे तय की जाए। एचपीसी रिपोर्ट के अनुसार लगातार रात की ड्यूटी को केवल दो रातों तक सीमित करने की भी मांग रखी गई। इसके अलावा उन्होंने रेल अधिनियम 1989 की धारा 133(2) के तहत साप्ताहिक विश्राम 16घ30 घंटे लागू करने, स्टेशन सेक्शन में एएलपी से हैंड ब्रेक बांधने-खोलने जैसे अवैध आदेशों को रद्द करने और लोको कैब में लगाई गई सीडब्ल्यूआरएस प्रणाली से मिलने वाली अतिरिक्त मानसिक प्रताड़ना को तुरंत बंद करने की मांग की गई।

भूख हड़ताल में मोहम्मद नोमान खां, रविंदर कुमार, प्रदीप कुमार, ललित कुमार, राहुल कुमार, देवेश कुमार, ब्रजेश, कविंदर, सुनील कुमार, नितिन सिंह, किशन सिंह, विकास, सूरज प्रकाश और हरेंद्र प्रसाद समेत रनिंग स्टाफ मौजूद रहे।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा 140.52 वर्ग मीटर भूखण्ड संबंधित गाटा संख्या-211 ग्राम लाकडी फाजलपुर दक्षिणी तहसील व जिला-मुरादाबाद जिसके पूरव मे रास्ता 6 मी0चौडा, पश्चिम प्लाट नं. 71, उत्तर-प्लाट नं.60. दक्षिण शेष भाग प्लाट नं. 61 है। इस भूखण्ड के पूर्व स्वामी सुरजीत सिंह पुत्र श्री सत्यवीर निवासी ग्राम देहरा चक पो0 धनौरा जिला- अमरोहा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18.12.2019 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त मूल विक्रय पत्र दिनाक-20.112025 को मझौला मण्डी समिति के पास रास्ते में कहीं गिर गया/खो गया है, काफी तलाश करने पर भी मूल विक्रय पत्र प्रार्थी को नहीं मिला है। प्रार्थी के उक्त मूल विक्रय पत्र का दुरूपयोग अवैधानिक होगा। सुरेश चन्द्र सैनी पुत्र श्री सोहन लाल सैनी निवासी एकता कालौनी लाईन पार थाना मझोला नगर व जिला मुरादाबाद, मौ0 नं. 9758275436

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हरदेव सिंह द्वारा संस्था गुरुद्वारा श्री गुरूनानक सिंह सभा समिति, ग्राम रास डंडिया जिला रामपुर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. बलकार सिंह-प्रधान, 2. हरदेव सिंह- अध्यक्ष, 3. जोगा सिंह- उपाध्यक्ष, 4. बलविन्दर सिंह- सेकेट्री/ सचिव, 5. गुरबाज सिंह- कोषाध्यक्ष, 6. परगट सिंह, 7. सुरेन्द्र सिंह, 8. गुस्र्देव सिंह, 9. सुखविन्दर सिंह, 10. हरपाल सिंह, 11. मनजीत सिंह, 12. गुरूदेव सिंह, 13. गुरदीप सिंह-सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वाद सं०:** 270/2025
**तारीख पेशी:** 05.12.2025
**श्रीमती सुमन बनाम**
**श्रीमती प्रेमवती आदि।**

श्रीमती सुमन उम्र 30 वर्ष पत्नी स्व. प्रेमपाल पुत्री श्री कुन्दन सिंह निवासी क्वार्टर नम्बर-एल-39 C+D नार्थ कालोनी, मुरादाबाद।

**प्रति**

1. श्रीमती प्रेमवती उम्र 71 वर्ष पत्नी स्व. श्री फूलचन्द निवासनी क्वार्टर नम्बर T-9 D/E नार्थ कालोनी, मुरादाबाद, 2. **जनता आम लाईनपार मझोला, मुरादाबाद।**

चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदिंशत करने के लिये 2025 के 12 के दिवस 05 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता आपके विरूद्व एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 03 को निकाली गयी है।

**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# गद्दा बनाने के कारखाने में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में पुरानी सरिया मिलकर निकट रजा नगर में गद्दे बनाने के कारखाने में आग लगने से 15,-20 लाख रुपए का नुकसान हो गया। रमजानी पुत्र सुबराती निवासी खाबरी अव्वल का रजा नगर में रुई के गद्दे बनाने का कारखाना और गोदाम है। बुधवार की सवेरे लगभग 10:00 बजे कारखाने में आग लग गई। इसका कारण बताया की मशीन में चलते समय कंकर आने से चिंगारी उठी और रुई ने आग पकड़ ली जो देखते ही देखते बढ़ गई सूचना पर फायर ब्रिगेड में पहुंचकर आग बुझाई। कारखाना स्वामी के अनुसार लगभग आठ लाख रुपए के तैयार गदद्दे थे, कुछ कच्चा माल दो मशीनें जल गई। कुल 15- 20 लाख का नुकसान बताया है। गोदाम के पास खड़े एक ट्रक कंटेनर में वोल्टास कंपनी के रेफ्रिजरेटर लदे हुए थे, उसमें भी आग लग गई। लोगों की सहायता से ट्रक कंटेनर को आग लगे गोदाम से दूर ले जाया गया। उसमें रखे कई एसी जल गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग को बुझाया। ट्रक कंटेनर के ड्राइवर मोहम्मद आमिर पुत्र जमील निवासी ग्राम डींगरपुर थाना मैनाठेर ने बताया कंटेनर में वोल्टास कंपनी के रेफ्रिजरेटर भरे हुए थे जो कि रुद्रपुर से लोड करके विशाखापट्टनम ले जा रहा था रात आठ बजे गोदाम के पास ट्रक को खड़ा किया था। तहसीलदार अंकित गिरी ने मौका मुआयना किया। अग्निशमन अधिकारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि बिलारी में ऐसे कई कारखाने अग्निशमन विभाग की बिना एनओसी के चलाए जा रहे हैं।

# 12 घंटे में हत्याकांड का खुलासा

## प्रेम संबंध के विवाद में हुई थी हत्या, पत्नी और रिश्ते का देवर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरनगर में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने मृतक रूपेन्द्र चौहान की पत्नी अंशु उर्फ अन्नू और रिश्ते के देवर के बेटे नवनीत चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। मूलरूप से बहादुरनगर निवासी योगेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र रूपेन्द्र चौहान की शादी करीब आठ वर्ष पूर्व अंशु कुमारी से हुई थी।

इसी बीच परिवार के ही रिश्तेदार वीरेंद्र के बेटे नवनीत चौहान के अंशु से अवैध संबंध होने की बात सामने आई, जिसके चलते पति-पत्नी के बीच कई बार विवाद हुआ। ग्रामीणों और परिवार ने कई बार मामले को शांत भी कराया,



लेकिन 29 नवंबर को दोनों के बीच फिर विवाद हुआ था। तहरीर में यह भी आरोप है कि विवाद के दौरान नवनीत और अंशु ने रूपेन्द्र को जान से मार देने की धमकी दी थी। उसी शाम अंशु अपने बच्चों को लेकर मायके चली गई, जिसके बाद पिता का आरोप है कि दोनों ने हत्या की साजिश रच डाली। मृतक के पिता योगेन्द्र सिंह के अनुसार नवनीत घर में घुस आया और मौका पाकर रूपेन्द्र को करीब से सटाकर गोली मार दी। गोली क. आवाज सुनकर जब वे कमरे की ओर दौड़े तो नवनीत को भागते हुए देखा। पकड़ने की को. शिश की, लेकिन आरोपित उन्हें धक्का देकर फरार हो गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पिता ने नवनीत और पुत्रवधू अंशु पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। मामला गंभीर होने पर एसपी देहात कुमार आकाश एवं क्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह ने टीम को तत्काल खुलासे के निर्देश दिए।पुलिस पूछताछ में नवनीत ने स्वीकार किया कि उसके और अंशु के बीच प्रेम संबंध थे और मृतक रूपेन्द्र उन्हें लगातार धमकाता था। इसी वजह से दोनों ने मिलकर हत्या की योजना बनाई और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। नवनीत चौहान, पुत्र वीरेंद्र सिंह, निवासी बहादुरनगर ,अंशु उर्फ अन्नू, पत्नी रूपेन्द्र चौहान, निवासी बहादुरनगर एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर आरोपी की निशान देही पर बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार परमार, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, संजीव कुमार, मनोज चौहान समेत आठ सदस्यीय टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### चौकी प्रभारी संजय त्यागी की सख्ती: कुंदरकी क्षेत्र में डग्गामार- ओवरलोड वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई



**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में छह लोगों की मौत के बाद कुंदरकी क्षेत्र में पुलिस ने फौरन सखध्ती बढ़ा दी है। चौकी प्रभारी संजय त्यागी के नेतृत्व में बुधवार को डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष चे. कंग अभियान चलाया गया। संजय त्यागी के अनुसार अभियान के दौरान हाईवे से लेकर कस्बे के मुख्य मार्गों तक पुलिस लगातार गश्त करती रही और बिना परमिट सवारी ढोने व क्षमता से अधिक भार ले जाने वाले वाहनों को तुरंत रोका गया। कार्रवाई में अब तक थाना स्तर से 35 चालान, जबकि चौकी की ओर से 20 चालान किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुल 25 वाहन सीज किए गए, जिन्हें नियमों का गंभीर उल्लंघन करते पाया गया। चौकी प्रभारी संजय त्यागी ने साफ कहा कि क्षेत्र में डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। हाईवे या नगर क्षेत्र में नियम तोड़ने वालों पर आगे भी बिना किसी रियायत के कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# न्याय की गूंज: बेटियों के सम्मान की रक्षा में एक और निर्णायक फैसला

## अभियुक्त रामवीर को तीन वर्ष का कारावास, पांच हजार का जुर्माना

■ नाबालिग संग लज्जा भंग मामले में तीन को न्यायालय ने दिया कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपराध किया है तो बचना मुश्किल है अपराधी को सजा मिलनी चाहिए जिससे पीडिघ्त को न्याय मिल सके। जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी जनपद न्यायालय में अब तारीख नहीं निर्णय दिया जा रहा है जिससे पीडिघ्त को न्याय की आस दिखायी दे रही है। पूर्व में जमाना था कि तारीख पर तारीख मिलती थी वर्षो मुकदमें चलते थे, वादी को न्याय की आस से भरोसा उठ जाता था। पूरे मण्डल में जनपद न्यायालय संभल स्वय मिसाल बनने जा रहा है। इतना ही नहीं विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर अपराीयों को बहुत कम अवधि में वादों का निस्तारण कर पहचान बनायी है। एक मामला जो बेहद वीमत्स वाला था मात्र 06 दिनों के अन्तराल में अभियुक्त को दोष सिद्ध होने पर अपना निर्णय सुना कर ऐतिहासिक कार्य किया जो एक नजीर के रूप में याद रखा जायेगा। न्यायालय में वादों की सुनवाई त्वरित की जा रही है। महिला अपराध सम्बन्धी मामलों में प्रदेश सरकार वैसे भी के मुख्यमन्त्री की लीडरशिप में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। जनपद न्यायालय संभल में बुधवार को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अपराध सं0 281/2019 धारा 354, 7/8 पॉस्को एक्ट थाना धनारी जनपद सम्भल से आरोपि रामवीर पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम वहीपुर थाना धनारी को दोष सिद्ध करते हुए धारा-8 लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत 3 वर्ष का कारावास व पांच हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं जेल में बितायी अवधि सजा में समायोजित की जायेगी।

इस केस में वादी पक्ष की ओर से केस की पैरवी एडीजीसी अधिवक्ता नरेन्द्र कुमार, कोर्ट पैरोकार कॉस्टेबल नकुल कुमार, कोर्ट मोहर्रिर कॉस्टेबल रामकुमार सिंह का अहम योगदान रहा।

# टिमिट में हुआ फंडे का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट, टीएमयू, दिल्ली रोड, मुरादाबाद के प्रांगेण में आज दिनांक "फनडे 2025" का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और आकर्षक वातावरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन,छात्रों एवं शिक्षको द्वारा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और प्रेरणादायक उद्घाटन संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि फनडे जैसे आयोजन छात्रों में प्रबंधन, नेतृत्व, टीमवर्क और उद्यमिता कौशल को विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम हैं। "फनडे 2025" में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और उद्यमिता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए, जिनमें फूड स्टॉल्स पर मोमोज, सेल्फीचीनो, पिज्जा, ढोकला, आइसक्रीम आदि जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों की भरमार रही, वहीं खरीदारी स्टॉल्स में इलेक्ट्रॉनिक्स, कॉस्मेटिक्स, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और बेकिंग सेक्टर की वस्तुओं ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। गेम्स स्टॉल्स पर रिंग थ्रो, लकी ड्रा जैसे मनोरंजक खेलों ने छात्रों और दर्शकों में उत्साह का संचार किया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहीं, जिनमें नृत्य, गायन और अन्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान किया। फनडे 2025 का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रबंधन, उद्यमिता, संचार कौशल, टीमवर्क और ग्राहक व्यवहार की समझ जैसे व्यावहारिक गुणों को सीखने और वास्तविक परिस्थितियों में उनका प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना था, जिसे छात्रों ने बखूबी निभाया।




कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रो. विपिन जैन ने फनडे 2025 को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी आयोजकों, छात्रों, शिक्षकों और प्रायोजकों का हृदय से धन्यवाद किया और कहा कि यह आयोजन छात्रों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करने वाला एक यादगार और सार्थक अवसर है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में हुआ 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम का आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की ओर से ''टैलेंट हंट'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से युवाओं की प्रतिभा में निखार आता है। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. त्रिवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए यह भी कहा कि टैलेंट हंट कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, जो उनके कॅरियर को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका व यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने बताया कि इस 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए गायन, नृत्य, कविता, शायरी, भाषण, मेंहदी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर डिप्लोमा, कंप्यूटर साइंस, प्रथम वर्ष की छात्रा जिया ने प्रथम, डिप्लोमा, सिविल इंजीनियरिंग, द्वितीय वर्ष के छात्र सुजल ने द्वितीय, एवं डिप्लोमा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता और डिप्लोमा, सिविल इंजीनियरिंग, तृतीय वर्ष के छात्र मोअज्जम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. पुनीत खन्ना श्री मयंक भारद्वाज एवं श्री एम.एस. रावत निर्णायक मंडल के सदस्य के सदस्य के रूप में रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव डॉ. संजीव कुमार सिंह के अलावा डॉ. माधवी गुप्ता, डॉ. आशीष नागिला श्री नीरज कुमार, मोहम्मद जावेद व छवि गुप्ता आदि शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी पॉलीटेक्निक के विभिन्न विभागों के 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 19 विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दीं।

## छात्रा के साथ दिन दहाड़े मनचलों ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित एक संस्थान पर शिक्षा गृहण करने वाली छात्रा रोती हुई कोतवाली पहुंची और मनचलों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की,इस दौरान छात्रा के साथ उसकी मां व अन्य परिजन भी पहुंचे। वहीं छात्रा की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने छात्रा के साथ आरोपियों की तलाश की लेकिन आरोपी मनचले पुलिस के हाथ नही लग सके,लेकिन पुलिस ने छात्रा व उसके परिजनों को पूर्ण विश्वास दिलाया कि आरोपी मनचलों का सही से इलाज किया जाएगा।


**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र विनय व पुत्रवधू श्रीमती मानसी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें।। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **राजू पुत्र काली चरन व श्रीमती गीता पत्नी राजू निवासीगण वाल्मीकि नगर अम्बिका प्रसाद इंटर कॉलेज, तहसील व जिला मुरादाबाद।**



**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिटस मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कंचन सिंह द्वारा संस्था माँ काली मन्दिर धर्म सेवा समिति, ग्राम व पोस्ट मैनाठेर तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद उ0प्र0 का सचिव दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री. 1. जोगेंद्र सिंह-अध्यक्ष 2. नीरज कुमार उपाध्यक्ष, 3. श्रीमती कंचन सिंह सचिव, 4. मुकट पाल सिंह, 5. राज पाल सिंह, 6. अंकुर कुमार 7. धर्मवीर सिंह, 8. लल्लू सिंह, 9. हरी सिंह उर्फ नन्हें सिंह-सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0 एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक।**


## डेढ़ करोड़ की ठगी के बाद कारोबारी पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र में करोड़ों की ठगी और जानलेवा हमले का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। शिवनगर निवासी कारोबारी सुमित कुमार द्वारा अदालत में दायर याचिका के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अदालत में याचिका दायर कर बताया कि अलीगढ़ (नौरंगाबाद) के संजय कॉलोनी निवासी संजय कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र वासले, राम प्रकाश गुप्ता और अजय कुमार गुप्ता के पुत्र (नामांश) ने मिलकर उसके साथ 1.5 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की थी। पैसा वापस मांगने पर आरोपियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार 21 फरवरी से 5 फरवरी के बीच वह अपने काम से भगतपुर क्षेत्र के बहोरनपुर कला गांव से गुजर रहा था, तभी चारों आरोपी उसकी कार के आगे आ खड़े हुए। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों और पत्थरों से कार पर हमला कर दिया। विरोध करने पर व्यापारी के साथ मारपीट की और उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। हमला इतना गंभीर था कि आरोपियों ने पीड़ित को सड़क किनारे अधमरी हालत में छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने भगतपुर पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने के निर्देश दिए। आदेश के बाद इंस्पेक्टर भगतपुर रविंद्र प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


# मांगों को लेकर संग्रह अमीनों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उ0प्र0 राजस्व सामयिक संग्रह अमीन/कर्मचारी अनुसेवक वेलफेयर ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुद्धवार को सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान से मुलाकात की। इस दौरान एसोसिएशन के ऑडिटर प्रथम रणवीर सिंह ने कहा कि राजस्व विभाग में 30 से 35 वर्षों से कार्यरत सामयिक संग्रह अमीनों को उत्तर प्रदेश कलेक्शन की सेवा नियमावली-2015 पर मा0 मंत्री परिषद की स्वीकृति प्रदान करने के बाद भी का समान लाभ नहीं मिल रहा है, इसके अलावा अभी तक विनियमित. ीकरण के संबंध में सरकार द्वारा कोई सुध नहीं ली गई है। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान से मांग की गई कि जनपद मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल, आगरा, सहारनपुर,



मथुरा, अलीगढ़, एटा, मेरठ, मुजफफरनगर आदि जनपदों में कार्यरत सामयिक संग्रह अमीनों की संख्या के सापेक्ष रिक्त पद काफी कम मात्रा में उपलब्ध है, जिसके कारण उक्त जनपदों में सामयिक संग्रह अमीनों को विनियमितिकरण हेतु प्रावधनित 85 प्रतिशत पदों का समान लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस दौरान मांग की गई कि अर्ह सामयिक संग्रह अमीनों को पदोन्नति कोटे की रिक्तियों को छोड़कर शेष उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया जाए। इसके अलावा प्रदेश के कई ऐसे जिले है जहां या तो सीजनल संग्रह तैनात नहीं है या स्वीकृत पदों के सापेक्ष वसूली की मांग कम है, ऐसे जिलों को चिन्हित करके वहां अतिरिक्त रिक्त पदों को उन जनपदों में स्थानान्तरित कर दिया जाये जहां समायिक संग्रह अमीन काफी संख्या में है तथा वसूली की मांग अपेक्षाकृत है। इस पर सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि आपकी मांग को लेकर वह आगामी विधानसभा सत्र में मुददा उठाएंगे और सामयिक संग्रह अमीनों को उत्तर प्रदेश कलेक्शन की सेवा नियमावली-2015 का समान लाभ प्रदान किए जाने व विनियमित. ीकरण के संबंध में भरसक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर रणवीर सिंह, शाहे आलम, नेत्रपाल, धर्मपाल सिंह, अमरपाल, नफासत हुसैन, धर्मवीर सिंह, सुरेश सक्सैना, हरिशंकर सक्सैना, नागेश राठौर आदि मौजूद रहे।

## सिविल सेवा में चयनित पारुल चौहान को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दी बधाई

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव दुल्लापुर पट्टी निवासी सिविल सेवा में नव चयनित पारुल चौहान के घर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पारुल के परिवारजनों को भी बधाई देते हुए कहा कि बेटी ने क्षेत्र और समाज का सम्मान बढ़ाया है। कुमार एवं छोटे सिंह प्रधान जी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका उत्सव का शुभारंभ

**ठाकुरद्वारा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिसंबर माह में आयोजित किए जा रहे टीका उत्सव का बुधवार को विधिवत शुभारंभ कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में चिकित्सा प्रभारी शिल्पी चौधरी व कमलापुरी में चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षिता पाल ने टीकाकरण सत्र का शुभारंभ सीता काट कर किया। इसी क्रम में क्षेत्र के अन्य टीकाकरण सत्र स्थलों पर विभिन्न जन प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा प्रभारी शिल्पी चौधरी ने इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीका उत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को प्रतिरक्षित करना तथा उन्हें संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि पूरे दिसंबर माह में प्रतिदिन निर्धारित सत्र स्थलों पर टीकाकरण किया जाएगा, कार्यक्रम में कमल रावत, दिपक कुमार, आशु गुप्ता, अजय सक्सेना, नरेश सिंहं, स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, आशा बहुएँ एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गोपीवाला**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 03.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत गोपीवाला में पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 09.12.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम गोपीवाला में खलो वाले गड्डे पर मिट्टी भराव कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, मिट्टी भराव आदि। | 135943/- | 2719/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | ग्राम गोपीवाला में मैन रोड से बाबू के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स, सरिया आदि। | 110078/- | 2202/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | ग्राम गोपीवाला में मैन रोड से इकराम के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स सरिया आदि। | 163706/- | 3274/- | 250/- | 3 माह |
| 4 | ग्राम गोपीवाला में पूरवनी वाले गड्डे पर मिट्टी भराव कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, मिट्टी भराव आदि। | 256158/- | 5123/- | 250/- | 3 माह |
| 5 | ग्राम गोपीवाला में शमशाद के घर से शाकिर के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स सरिया आदि। | 119475/- | 2389/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-गोपीवाला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**



**कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदनगर**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 03.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत फरीदनगर में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 26.12.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जुम्मा के मकान से तौफिक के मकान तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 377362/- | 7547/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | पीडब्लूडी रोड से खलील के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 786242/- | 7862/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | कोमल के मकान से मस्जिद तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रोड़ा, रेता, सीसी टाईल्स आदि। | 544310/- | 10886/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-फरीदनगर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**


## भगवान राम का शील स्वभाव है अनुपम-बृजेश पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** नगर के मंदिर रायसत्ती के कुमार कार्तिकेय सभागार में श्री देवी संपद सत्संग मंडल के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित बृजेश पाठक ने प्रभु श्री राम के शील और स्वभाव की चर्चा की, कहा कि भगवान राम में अनंत गुण है पर उनका शील स्वभाव अनुपम है। भगवान श्री राम कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि दुर्व्यवहार व्यवहार सहने के बाद भी जिनके हृदय में विरोध का भाव नहीं जागा और अपने बड़ों के प्रति पूर्ण की भांति मान सम्मान का भाव बना रहता है। मानवता का यही सर्वोत्तम गुण शील कहलाता है। प्रभु राम के जीवन में यह शील गुण अपनी पूर्णता के साथ प्रकट हुआ है, तभी तो जिस केकई ने श्री राम को राज्य के स्थान पर वनवास दे दिया। श्री राम ने सदैव माता कौशल्या से अधिक आदर उनको दिया, जिस समय भरत प्रभु राम को मनाने सारे परिवार के साथ चित्रकूट जाते हैं। उस समय श्री राम सबसे पहले केकई मां के चरणों में प्रणाम करते हैं। जब अयोध्या लौट कर आए तब भी सबसे पहले केकई के महल में गए। उन्होंने कहा कि यदि आपने मुझे वन नहीं भेजा होता तो मुझे जो गौरव प्राप्त हुआ है वह कैसे प्राप्त होता। मैं आपका जन्म भर ऋणी रहूंगा। महाराज दशरथ को भी यही लगता था कि हमने राम को राज्य का आश्वासन देकर वनवास दे दिया। राम हमें कभी क्षमा नहीं कर पाएंगे। लेकिन जब सुमंत्र प्रभु श्री राम को वन में छोड़कर लौटने लगे तो उन्होंने अपने पिता दशरथ को लक्ष्मण के द्वारा कटु वचन कहने पर चुप कर दिया, कहा कि लक्ष्मण तुम्हें पूज्य पिता के प्रति अपने ऐसे वचनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र एक प्रेरणा प्रदान करता है, उन्होंने सब कुछ सहकर बड़ों के मान सम्मान की रक्षा की। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय जैन, शिवओम गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, पंकज चौहान, रोहित पाराशरी, कमल शर्मा, नवल किशोर गुप्ता, दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, नरेश गुप्ता ,याद कुमार डूडेजा आदि सहित भारी तादात में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## एसडीएम ने किए 122 बीएलओ सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह ने बीएलओ और सुपरवाइजर्स की बैठक लेकर एस आई आर की समीक्षा की। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले 122 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिनमें 37 महिला कर्मचारी शामिल हैं। इनसे पहले 18 बीएलओ को सम्मानित किया जा चुका है। एसडीएम ने कहा यह हम सब की जिम्मेदारी है कि निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपा गया कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्धता से करें इसमें हमारे यहां के बीएलओ काफी गंभीरता से काम कर रहे हैं इसीलिए अच्छा कार्य हो रहा है उन्होंने कहा यदि किसी बीएलओ की पारिवारिक या व्यक्तिगत समस्या है तो वह भी निसंकोच हमसे बताएं उसका समाधान कराया जाएगा। एसडीएम के व्यवहार से बीएलओ खुश दिखाई दिए। इस दौरान शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रोहित मिश्रा, तहसीलदार अंकित गिरी भी मौजूद रहे।

# कोहली वनडे रैंकिंग में नंबर-4 पर



## विराट ने पहले वनडे में 120 गेदों में 135 रन बनाए थे, रेटिंग में सुधार करते हुए 751 पाइंट कर लिए

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जिताने वाली सेंचुरी के बाद आईसीसी मेन्स प्लेयर रैंकिंग्स में वनडे बैटर्स की ताजा रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस इनिंग ने भारत को एक अहम जीत दिलाने में मदद की और कोहली को दुनिया के टॉप वनडे बैट्समैन में टॉप स्पॉट के करीब पहुंचा दिया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोहली, जिन्होंने पहले वनडे में 120 गेंदों पर शानदार 135 रन बनाए, ने अपनी रेटिंग में सुधार करते हुए 751 पॉइंट्स कर लिए, जिससे वह टॉप रैंक वाले रोहित शर्मा से सिर्फ 32 पॉइंट्स पीछे हैं। 37 साल के कोहली ने टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर नंबर 1 रैंकिंग की अपनी कोशिश जारी रखी, जो उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2021 में हासिल की थी, इससे पहले पाकिस्तान के बाबर आजम ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। रोहित ने दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल और तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान के इब्राहिम जाद. रान पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है, जबकि कोहली टीम के साथी शुभमन गिल को पीछे छोड़कर चौथे नंबर पर आ गए हैं, जिससे उन्होंने टॉप पर मौजूद भारत के पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ दिया है। भारत को बॉलिंग चार्ट में भी बढ़त मिली है, क्योंकि लेफ्ट आर्म स्पिनर कुलदीप यादव वनडे बॉलर्स में एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गए हैं। टी 20 में, पाकिस्तान के सैम अयूब ने श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल में अपने ऑलराउंड परफॉर्मेंस के बाद ऑलराउंडर्स की नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली है। अयूब ने 36 रन बनाए और एक अहम विकेट लेकर जिम्बाब्वे के सिकंदर को पीछे छोड़ दिया। पाक के अबरार (चार स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर) और मोहम्मद नवाज (दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर) ने भी टी20 बॉलिग रैंकिंग में बढ़त हासिल की है, नवाज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद ऑलराउंडर्स में चौथे नंबर पर आ गए हैं। श्रीलंका के कामिल ने टी20 बैटिंग लिस्ट में सबसे बड़ी छलांग लगाई, ट्राई-सीरीज में 169 रन बनाने के बाद टॉप 100 से बाहर से 18वें नंबर पर आ गए। बांग्लादेश के परवेज हुसैन (21 पायदान ऊपर चढ़कर 38वें नंबर पर), तौहीद (42वें नंबर पर), और मुस्तफिजुर (गेंदबाजों में आठवें नंबर पर) ने भी आयरलैंड पर अपनी घरेलू सीरीज जीत के बाद सुधार किया। भारत पर 2-0 से सीरीज जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने टेस्ट रैंकिंग अपडेट में अपना दबदबा बनाया। बाएं हाथ के सीमर मार्को यानसन टेस्ट गें. दबाजों में करियर के बेस्ट पांचवें नंबर पर पांच पायदान ऊपर और ऑलराउंडरों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए।



# विराट-गायकवाड़ के शतक

- **विराट को ने 102 और ऋतुराज गायकवाड ने 105 रनों की शानदार पारी खेली व भारत ने बनाए 358 का स्कोर किया**

**रायपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (102) के लगातार दूसरे शतक और ऋतुराज गायकवाड़ (105) के पहले शतक की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में बुधवार को 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन का विशाल स्कोर बना लिया।

विराट ने रांची की अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 93 गेंदों पर 102 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए जबकि गायकवाघ ने वनडे में अपना पहला शतक बनाते हुए 83 गेंदों पर 105 रन में 12 चौके और दो छक्के लगाए। केएल राहुल ने भी अपनी फॉर्म बरकरार रखते हुए लगातार दूसरा अर्द्धशतक बनाया। राहुल ने 43 गेंदों पर नाबाद 66 रन में छह चौके और दो छक्के लगाए। भारत की इनिंग्स पहले वनडे जैसी ही थी, टॉप पर एक मजबूत बेस, आखिर में राहुल और रवींद्र जडेजा के कैमियो। रोहित शर्मा (14)जल्दी आउट हो गए, जबकि यशस्वी जायसवाल (22)ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का इशारा दिया, वह इसे किसी बड़ी चीज में नहीं बदल सके। लेकिन एक आदमी जिंसने अपने मौके का पूरा इस्तेमाल किया, वह थे ऋतुराज गायकवाड़। 62/2 पर आते ही, उन्होंने मार्को यानसन की शॉर्ट. बॉल चाल का सामना किया, अपना समय लिया और फिर खुलकर खेले।

विराट कोहली ने एक परफेक्ट सीनियर पार्टनर की भूमिका निभाई, उन्हें गाइड किया और जल्द ही दोनों एक.दूसरे का स्ट्रोक दर स्ट्रोक मैच कर रहे थे। विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। तेज, तेज और लगातार, इसने एक शानदार 195 रन की पार्टनरशिप को मजबूत किया। गायकवाड़ ने अपना पहला वनडे शतक लगाया, जबकि को. हली ने लगातार मैचों में शतक बनाए। लेकिन कोहली के आउट होते ही, बाउंड्री सूख गई। राहुल और जडेजा ने मिलकर 50 रन की अच्छी साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी फेज में स्कोरिंग रेट को शानदार तरीके से वापस खींचा। एकसमय पर ऐसा लग रहा था कि भारत आसानी से 380 के स्कोर को पार कर जाएगा। लेकिन अंतिम 10 ओवरों में दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी वापसी की। हालांकि आखिरी ओवर में 18 रन बटोर कर भारत ने खुद को 358 तक पहुंचा दिया है। जडेजा 27 गेंदों में दो चौकों की मदद से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से यानसन ने 63 रन पर दो विकेट लिए जबकि नांद्रे बर्गर और लुंगी एन्गिडी को एक-एक विकेट मिला।

# कैमरून ग्रीन 18 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, वार्ता।** पहले भी आईपीएल मिनी ऑक्शन में विद. ेशी खिलाड़ियों को रिकॉर्ड पैसे मिले हैं, और कैमरून ग्रीन 16 दिसम्बर को इस ट्रेंड को आगे बढ़ा सकते हैं। ग्रीन के आने वाले आईपीएल ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके), जिनके पास सबसे ज्यादा पैसे हैं (क्रमश: 64-3 करोड़ और 43-4 करोड़ रुपये ), दोनों से इस ऑलराउंडर के लिए जोरदार बोली लगाने की उम्मीद है। 2023 में, मिचेल स्टार्क को केकेआर ने 24-75 करोड़ रुपये में खरीदा था , इसके कुछ ही मिनट पहले सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने पैट कमिस को 20-5 करोड़ में खरीदा, जिससे वह आईपीएल ऑक्शन में 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इन खिलाड़ियों ने 18-5 करोड़ रुपये को पीछे छोड़ दिया, पंजाब किग्स ने 2023 में पिछले मिनी ऑक्शन में सैम करन के लिए बोली लगाई थी। 2023 के ऑक्शन में, ग्रीन दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जब मुंबई इंडियंस ने उन्हें प्छत 17-5 करोड़ रुपये में खरीदा था। मुम्बई ने एक साल बाद ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को उसी कीमत पर ट्रेड कर दिया। अपने अब तक के दो आईपीएल सीजन, 2023 और 2024 में, ग्रीन ने 29 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 153-70 के स्ट्राइक रेट से 707 रन बनाए हैं। उन्होंने लेटेस्ट ऑक्शन के लिए खुद को 2 करोड़ रुपये के मैक्सिमम बेस प्राइस पर लिस्ट किया है। हालांकि वह फिर से करोड़पति बन सकते हैं, लेकिन यह 20 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगा, क्योंकि मैक्सिमम फीस 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं हो सकती। यह तब भी लागू होगा जब बोली उस नंबर से ज्यादा हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि आईपीएल पिछले साल नया ष्मैक्सिमम फीसष रूल लाया था ताकि फ्रेंचाइजी की इस चिता को दूर किया जा सके कि कुछ विदेशी खिलाड़ी सप्लाई-डिमांड के असंतुलन का फायदा उठाने के लिए खास तौर पर मिनी ऑक्शन में रजिस्टर कर रहे थे। इसलिए, आईपीएल ने मैक्सिमम-फीस रूल लागू किया, जिसके तहत विदेशी खिलाड़ी को 18 करोड़ रुपये से ज्यादा पेमेंट नहीं किया।

# राणा को मिला एक डिमेरिट अंक

- **हर्षित राणा ने द. अफ्रीका के बल्लेबाज ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम की ओर इशारा किया था, जिसके चलते आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई**

**रांची, वार्ता।** रांची वनडे के दौरान आईसीसी की आचार सं. हता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा के खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस के आउट होने के बाद ड्रेसिग रूम की ओर इशारा किया था जिसके चलते राणा के खलिाफ यह अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आईसीसी ने उन्हें फटकार लगाई है। आईसीसी द्वारा जारी मीडिया रिलीज में कहा गया है कि राणा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी कर्मियों से संबंधित आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़काने से संबंधित है। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 22वें ओवर के दौरान हुई थी जब राणा ने ब्रेविस का शिकार किया था। राणा ने मैच रेफरी रिची रिचर्ड्सन द्वारा प्रस्तावित दण्ड को स्वीकार कर लिया जिसके परिणामस्वरूप इस मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह 24 महीने की अवधि में राणा का यह पहला अपराध था इसलिए उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। लेवल 1 का उल्लंघन करने पर न्यूनतम सजा के रूप में औपचारिक फटकार लगाने का प्रावधान है जबकि इसमें अधिकतम सजा के रूप में मैच फीस में 50 फीसदी कटौती के साथ खाते में एक या दो डिमेरिट अंक जोड़ा जा सकता है। इस समय भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज जारी है, जिसमें भारत 1-0 से आगे है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोहित राजपाल फिर से भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने आजरोहित राजपाल को कैप्टन और आशुतोष सिंह को 31 दिसम्बर, 2026 तक भारतीय डेविस कप टीम का कोच फिर से बनाने की घोषणा की। आईटीएफ द्वारा घोषित ड्रॉ के अनुसार, भारत फरवरी 2026 में डेविस कप 2026 क्वालिफायर में नीदरलैंड्स की मेजबानी करेगा। यह मुकाबला 6-7 फरवरी या 7-8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, और जगह और सरफेस की पुष्टि समय पर की जाएगी। राजपाल पिछले कई मुकाबलों के लिए भारतीय डेविस कप सेट-अप का हिस्सा रहे हैं, और अपने कार्यकाल के दौरान दूसरे डेविस कप कमिटमेंट्स के साथ, इस महत्वपूर्ण घरेलू मैच में एक बार फिर टीम को लीड करेंगे।

### योगी ने हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि उनके समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ हमेशा खिलाड़ियों को प्रज्वलित करती रहेगी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि, हॉकी के जादूगर, अनुशासन और अद्भुत खेल कौशल के प्रतीक, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा है कि आपकी प्रतिभा ने भारतीय हॉकी को स्वर्णिम पहचान दिलाई और आपकी विरासत हर खिलाड़ी में समर्पण और राष्ट्र गौरव की लौ प्रज्वलित करती रहेगी।

# स्विट्जरलैंड को हरा भारत क्वार्टर फाइनल में



**मदुरै, वार्ता।** भारत ने मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अपने आखिरी पूल बी मैच में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अपराजित क्रम जारी रखा और क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनमीत सिंह (2', 11') और शारदा नंद तिवारी (13', 54') दोनों ने दो-दो गोल किए, जबकि अर्शदीप सिंह (28') ने भारत के लिए अन्य गोल किया।

स्विट्जरलैंड पर जीत के साथ भारत तीन मैचों में नौ पॉइंट्स के साथ पूल बी में टॉप पर रहा। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में चिली को 7-0 और ओमान को 17-0 से हराया था और टूर्नामेंट में अभी तक एक भी गोल नहीं खाया है। भारत का गोल रश दूसरे मिनट में शुरू हुआ, जब बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने होम टीम को गेम की शुरुआत में ही बढ़त दिलाई। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड डबल कर दी, जबकि शारदा नंद तिवारी ने 13वें मिनट में अपने अच्छे पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर 3-0 कर दिया। अर्शदीप सिंह, जिन्होंने ओमान के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी, ने 28वें मिनट में भारतीय हॉकी टीम का चौथा गोल किया।

इस बीच, गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने स्विट्जरलैंड को दूर रखने के लिए कुछ शानदार सेव किए। भारत का परफॉर्मेंस क्लिनिकल था और इसने पक्का किया कि वे चौथे क्वार्टर में भी मोमेंटम बनाए रखें। शारदा नंद, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने 54वें मिनट में अपना दूसरा और भारत का पांचवां गोल किया। भारतीय जूनियर हॉकी टीम शुक्रवार को चेन्नई में अपने क्वार्टर-फाइनल मैच में बेल्जियम से खेलेगी।

# द. अफ्रीका टीम-20 सीरीज को भारतीय टीम घोषित



## गिल और हार्दिक की वापसी, वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च

**नई दिल्ली, वार्ता।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। जसप्रीत बुमराह को वनडे से आराम देकर टी-20 में शामिल किया गया। हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल की भी टीम में वापसी हुई। टी-20 सीरीज 9 दिसम्बर से शुरू होगी। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। बुधवार को ही रायपुर में बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जर्सी भी लॉन्च की। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। उपकप्तान शुभमन गिल करीब दो हफ्ते बाद वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही वे मैच खेल पाएंगे। कोलकाता टेस्ट में उन्हें चोट लगी थी। हार्दिक पांड्या भी 73 दिन बाद टीम में लौट रहे हैं। वे एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर। रिंकू और रेड्डी को मौका नहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज का हिस्सा रहे रिंकू सिंह और नीतीश कुमार रेड्डी को स्क्वाड में मौका नहीं मिला। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रिंकू को एक ही मुकाबला खिलाया गया, लेकिन उनकी बैटिंग नहीं आ सकी। वे फिलहाल मुश्ताक अली टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के लिए टी-20 खेल रहे हैं। रायपुर में वर्ल्ड कप की जर्सी भी लॉन्च बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी भी लॉन्च कर दी। रायपुर में बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च हुई। इस दौरान टी-20 टीम के तिलक वर्मा और टूर्नामेंट के ब्रांड एम्बेसडर रोहित शर्मा भी मौजूद रहे। आलराउंडर हार्दिक एशिया कप में चोटिल हो गए थे। सुपर-4 स्टेज के मैच में लगी चोट की वजह से वे 28 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल नहीं खेल सके। इसके बावजूद टीम इंडिया ने 5 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया था। हार्दिक ने अब घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में फिफ्टी लगाकर वापसी की। उन्होंने बड़ौदा से खेलते हुए 77 रन बनाए।

# कमिंस को लेकर स्मिथ ने कहा: हम इंतजार करेंगे और देखेंगे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ब्रिस्बेन में पिंक-बॉल एशेज टेस्ट से एक दिन पहले अपने पत्ते नहीं खोल रहा है। पैट कमिस को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते उनके जबरदस्त स्पैल और नेट्स में लंबे समय तक बैटिंग करने से देर से ट्विस्ट की बात बढ़ गई है।

जब कमिस सबप्लॉट ने जोर पकड़ा, तो स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर इस मामले को और गहरा कर दिया। उन्होंने कन्फर्म किया कि अगर कमिस फिट होते हैं तो वह लीड करेंगे। स्मिथ ने कहा कि बहुत सारी चीजें टेबल पर हैं--- मैं अभी आपको बहुत कुछ नहीं बता सकता, मुझे माफ करना। स्मिथ ने आगे कहा कि जिस तरह से उन्होंने नेट्स में बॉलिग की है, वह मुझे काफी अच्छा लग रहा है। जाहिर है, गेम में इंटेंसिटी तो अलग होती है, लेकिन वह बहुत अच्छी तरह से ट्रैक कर रहे हैं। वह अपने शरीर को अच्छी तरह जानते हैं और हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। स्मिथ ने कमिस व एंड्रयू मैकडोनाल्ड द्वारा शुरू की गई फ्लेक्सिबल बैटिंग-ऑर्डर की बहस पर भी अपनी राय दी और हेड ने भी इसे हवा दी, जिन्होंने पर्थ में रन-चेज में ओपनिग करते हुए अपनी ऐतिहासिक सफलता के बाद बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड कहा था। स्मिथ ने ज्यादा जमीनी राय दी। उन्होंने कहा, पिंक बॉल, कुछ भी मुमकिन है। हम पहले भी दो नाइटवॉचमैन रखने और ऐसी चीजों को लेकर काफी खुले रहे हैं। यह पूरी तरह से अलग गेम है। आपको किसी भी स्टेज पर वही खेलना होता है जो आपके सामने हो। लेकिन मुझे पक्का नहीं है कि मैं उन दोनों (कमिंस व हेड) से पूरी तरह सहमत हूं कि बैटिंग ऑर्डर को ओवररेटेड माना जाता है। एक जैसे रोल में रहना और बार-बार उस रोल की आदत डालना अच्छा लगता है। यह गेम में बदल सकता है, और शायद यही आगे का रास्ता है। लेकिन एक इनिग के लिए कुछ खास जगहें और दूसरी इनिग के लिए दूसरी जगहें, मुझे पक्का नहीं पता। एक ही रोल होना अच्छा है और जितना हो सके उसकी आदत डालने की को. शिश करें। स्मिथ ने गाबा के लिए एक छोटे लेकिन दिलचस्प बदलाव की भी पुष्टि की।

## क्या पिंक बॉल की चुनौती से निपट पाएगा इंग्लैंड

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी एशेज का दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। यह एक डे-नाईट मुक़ाबला होगा। यह मुक़ाबला भारतीय समयानुसार 4 दिसम्बर को सुबह 9-30 बजे शुरू होगा। विल जैक्स को इंग्लैंड के एकादश में शामिल किया गया है, वहीं उस्मान ख्वाजा अभी तक चोट से नहीं उबर पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में इस समय 1-0 से आगे है और उन्होंने पर्थ में दो दिन में समाप्त हुए टेस्ट मैच में इंग्लैंड को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। टीम न्यूज और संभावित इलेविन खवाजा अब तक पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं इसलिए वह दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ख्वाजा की अनुपस्थिति में ट्रैविस हेड एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिन्होंने पर्थ में दूसरी पारी में तूफानी शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं पैट कमिस को लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने मंगलवार को बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

# जैकब के पंजे से कीवियों को 96 रनों की बढ़त



**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** जैकब डफी ने पहली बार पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में बढ़त बना ली। डफी ने वेस्टइंडीज के निचले क्रम को संभाला, जबकि मैट हेनरी ने तीन अहम विकेट लिए, जिससे मेहमान टीम 67 रन पर आठ विकेट खोकर 167 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने फिर पहली पारी की बढ़त को 96 रन तक पहुंचाया और दिन के आखिर में सात ओवर के स्पेल में बिना किसी नुकसान के बाहर निकले। दिन का दूसरा हॉफ जिस तरह खत्म हुआ, उसके ठीक उलट, पहले हॉफ में वेस्टइंडीज ने बाजी मारी। उन्होंने आखिरी बचा हुआ विकेट लेने में सिर्फ तीन गेंदें लीं, जिससे न्यूजीलैंड अपने रात के स्कोर 231 पर ढेर हो गया। सुबह बैटिंग के लिए हालात मुश्किल बने रहे, जैसा कि जकारी फाउल्केस और हेनरी ने जॉन कैंपबेल और एलिक अथानाजे को कुछ ही देर में आउट कर दिया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर लगभग 11 ओवर की मुश्किल बैटिंग में 2 विकेट पर 10 रन हो गया। लेकिन इसके बाद चीजें आसान हो गईं, कुछ हद तक न्यूजीलैंड की अच्छी फील्डिग की वजह से। तेजनारायण चंद्रपॉल को लेग गली में दो बार जीवनदान दिया गया, दोनों बार डेवोन कॉनवे ने। इसके बाद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने होप के साथ एक मजबूत पार्टनरशिप की, जो आंख में इन्फेक्शन के कारण सन ग्लासेस पहनकर बैटिंग कर रहे थे। पारी की पहली बाउंड्री 23वें ओवर के आखिर में आई जब होप ने डफी को कवर्स की तरफ ड्राइव किया। 5 और 24 रन पर जीवनदान पाने के बाद, चंद्रपॉल अपनी पारी में बेहतर हुए और अपने डिफेंस को लेकर ज्यादा कॉन्फिडेंट थे। लंच के तुरंत बाद होप ने अपनी हॉफ सेंचुरी पूरी की, जब वह न्यूजीलैंड की शॉर्ट-बॉल चाल से परेशान हो रहे थे।

# दिल्ली हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के दिल्लीख़लखनऊ हाईवे पर मंगलवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर अचानक सांड के आ जाने से पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पहले बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे स्थित एक मिठाई की दुकान में घुस गया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा पिकअप चालक और उसका हेल्पर भी चोटिल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।घटना मंगलवार रात लगभग 10:30 बजे की है। जानकारी के अनुसार दिल्ली की ओर से मुरादाबाद आ रही पिकअप जैसे ही पाकबड़ा थाने के सामने पहुंची, तभी एक सांड अचानक हाईवे पर आ गया। सांड को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर बगल में चल रही बाइक से टकरा गई। बाइक पर दो युवक सवार थे, जिन्हें



पिकअप ने जोरदार टक्कर मारी और दोनों को अपनी चपेट में लेते हुए आगे स्थित मिठाई की दुकान में घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक और पिकअप चालक व हेल्पर वाहन में बुरी तरह फंस गए।घटना के बाद आस-पास के लोग मौके पर दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निक. लकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने जांच के बाद पाकबड़ा थाना क्षेत्र के ईदगाह निवासी फरमान पुत्र जुबैर को मृत घोषित कर दिया। दूसरा बाइक सवार गंभीर हालत में उपचाराधीन है, जबकि पिकअप चालक और हेल्पर को भी इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।थाना प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हादसे के कारण हाईवे पर करीब आधे घंटे तक यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कराया गया।

# सनातनी अखाड़ा के महा मण्डलेश्वर ने एसएसपी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को सम्मानित किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को सनातनी अखाड़ा के महामण्डलेश्वर एवं विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के संस्थापक ने एसएसपी सतपाल अंतिल को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान मुरादाबाद पुलिस द्वारा हाल ही में की गई सफल मुठभेड़ एवं जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए दिया गया।बताया गया कि प्रॉपर्टी डीलर से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले कुख्यात हिस्ट्रीशीटर बदमाश आसिफ और उसके साथी दीनू की तलाश में पुलिस लगातार सक्रिय थी। दोनों अपराधियों के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज थे और उनकी बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से व्यापारियों व आम नागरिकों में भय का माहौल बन गया था।पुलिस टीम ने



घेराबंदी की, जिस दौरान दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में हुई मुठभेड़ में दोनों अपराधी ढेर हो गए। इस कार्रवाई के बाद जिले में राहत का माहौल बना और व्यापारियों ने पुलिस की तत्परता व सख्त रुख की सराहना की।इसी वीरतापूर्ण एवं निर्णायक कार्रवाई के उपलक्ष्य में महामण्डलेश्वर द्वारा एसएसपी सतपाल अंतिल को सम्मानित करते हुए कहा गया कि मुरादाबाद पुलिस ने कठिन परिस्थितियों में भी साहस दिखाते हुए समाज में शांति और सुरक्षा कायम करने का उत्कृष्ट कार्य किया है।

# थाना मझोला के निरीक्षक विजय सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा थाना मझोला में तैनात निरीक्षक विजय सिंह को पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और अकर्मण्यता बरतने के गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की नियमावली-1991 के नियम 17(1)(।) के तहत की गई है।जानकारी के अनुसार निरीक्षक विजय सिंह के खिलाफ कार्यकुशलता में गिरावट, दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता तथा विभागीय आदेशों की अवहेलना जैसी शिकायतें मिल रही थीं। आरोपों की प्राथमिक जांच में पाया गया कि निरीक्षक द्वारा कानून-व्यवस्था एवं थाना प्रबंधन को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती जा रही थी, जिससे विभाग की छवि प्रभावित होने की आशंका बनी हुई थी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरोपों को गंभीर मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया। निलंबन अवधि में निरीक्षक विजय सिंह पुलिस लाइन से संबद्ध रहेंगे तथा नियमों के अनुसार उन्हें विभागीय जांच का सामना करना होगा। एसएसपी कार्यालय ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता, लाप. रवाही और स्वेच्छाचारिता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विभागीय सूत्रों के अनुसार निलंबन की यह कार्रवाई अन्य अधिकारियों और कर्मियों के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि पुलिस सेवा में जवाबदेही सर्वोपरि है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना होगा।

# फिलिपींस की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में पैरामेडिकल की टीएमयू की तीन सीनियर्स फैकल्टी ने दिया व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की तीन सीनियर फैकल्टीज ने यूनिवर्सिटी ऑफ फिलिपींस की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का प्लेटफॉर्म साझा किया। इस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की थीम- फॉरेंसिक्स ऑफ द फॉरगॉटन: अनक. वरिंग मेमोरी, कल्चर एंड आइडेंटिटी इन द ग्लोबल साउथ रही। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में टीएमयू के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज की मेडिकल लैब टेक्निक्स की एचओडी प्रो. रूचि कांत, फॉरेंसिक के एचओडी श्री रवि कुमार और सीनियर फैकल्टी श्री योगेश कुमार ने अपने-अपने टॉपिक्स पर व्याख्यान दिए। ऑनलाइन आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में प्रो. रूचि कांत ने बायोके. मिकल पाथवेज ऑफ रेजिलिएंस: अंडरस्टैंडिंग हेल्थ, जेंडर, एंड एजिंग इन पोस्ट-क्राइसिस कॉनटेक्स्ट्स, श्री रवि कुमार ने एमर्जिंग फ्रंटियर्स इन फॉरेंसिक साइंस एजुकेशन एंड इना. 'वेशन: बिल्डिंग कैपेसिटीज फॉर द ग्लोबल साउथ और श्री योगेश कुमार ने टैफोनॉमी एंड फॉरेंसिक एंटोमोलॉजी: रिकन्स्ट्रक्टिंग डेथ एंड मेमोरी इन



ट्रॉपिकल एनवायरनमेंट्स पर अपने-अपने विचार साझा किए। प्रो. रूचि कांत ने कहा, लचीलापन (रेजि. लिएंस) समन्वित न्यूरोएंडोक्राइन, इम्यून और मेटाबॉलिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न होता है। संकट के बाद का तनाव कोर्टिसोल नियमन, सूजन, न्यूरोप्लास्टिसिटी और आंत-मस्तिष्क सिग्नलिंग को बदल देता है। लिंग और उम्र इन मार्गों को हार्मोनल बदलावों जैसे एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन, मेनोपॉज और एंड्रोपॉज के माध्यम से प्रभावित करते हैं। जैविक, सामाजिक और लिंग-विशिष्ट तंत्रों को मजबूत करने से रिकवरी तेज होती है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। श्री रवि कुमार ने बताया, फॉरेंसिक में क्या-क्या गैप्स हैं और कैपेसिटी बिल्डिंग क्यों जरूरी है। उन्होंने एआई, नैनोटेक्नोलॉजी, वर्चुअल अटोप्सी, थ्रीडी इमेजिंग, इथिक्स एंड पॉलिसी चौलेंजेज, रोल ऑफ यूनिवर्सिटीज एंड इंटरनेशनल कोलाबोरेशन, करिकुलम मॉर्डनाइजेशन एंड रिकमांडेशन की फॉरेंसिक साइंस में भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री योगेश कुमार ने फोरेंसिक टैफोनोमी पर प्रकाश डालते हुए बताया,मृत्यु के बाद मानव शरीर के साथ क्या होता है। बाहरी वातावरण में शरीर के साथ जो कुछ भी होता है, वह पौधों, जानवरों, मिट्टी, पर्यावरण कई अन्य प्राकृतिक कारकों से हुए परिवर्तन का परिणाम होता है।

शव पर पाए जाने वाले कीड़ों, जैसे ब्लो फ्लाई के लार्वा के जीवन चक्र का विश्लेषण करके, फोरेंसिक एंटोमोलॉजिस्ट यह अनुमान लगा सकते हैं कि व्यक्ति की मृत्यु कब हुई।

# पांच और छह को आयोजित होगी प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विधान सभा स्तर पर उ0प्र0 ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत सव-जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग की मा0 विधायक खेल स्पर्धा कराने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा श्रीमती प्रीति सिंह ने बताया कि विधान सभा खेल स्पर्धा में पुरुष/महिला की एथलेटिक्स/बॉलीवाल/कबड्डी कुश्ती/जूडो/ बैडमिंटन/ फुटबॉल/ भारोत्तोलन आदि प्रतियोगिताएं संपन्न करायी जाएंगी तथा विधान सभा ठाकुरद्वारा के इच्छुक विद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05 एवं 06 दिसम्बर 2025 को सनातन धर्म इंटर कालेज खेल मैदान विकास खण्ड ठाकुरद्वारा में सम्पन्न कराया जायेगा। प्रतिभागी विधान सभा होना अनिवार्य है तथा खिलाडी युवा साथी पोर्टल पर पंजीकृत करते हुए खेल के विवरण की कापी तथा आधार कार्ड की छायाप्रति/खिलाडी का पासपोर्ट साइज फोटो क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ठाकुरद्वारा एवं डिलारी को उपलब्ध कराए जाएंगे। खिलाडी अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

# मुरादाबाद के मोहित पाल ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता गोल्ड, शहर में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के प्रतिभाशाली निशानेबाज मोहित पाल ने जयपुर में 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 50 मीटर शूटिंग इवेंट का गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिभाग करते हुए मोहित ने बेहतरीन एकाग्रता और सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया।मोहित की शूटिंग यात्रा वर्ष 2014 में शुरू हुई थी। साधारण परिवार से आने वाले मोहित ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इससे पहले वे 2024 के ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। मोहित अब तक 9 बार राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।एलपीयू के कोचों का कहना है कि मोहित दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी निरंतर मेहनत और मानसिक मजबूती उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गोल्ड मेडल जीतने के बाद मोहित ने कहा, "जब तक ओलंपिक में तिरंगा नहीं लहराऊँगा, चौन नहीं मिलेगा।" वर्तमान में वे भारतीय टीम के ट्रायल्स की तैयारी कर रहे हैं और उनका लक्ष्य राष्ट्रीय टीम में जगह बनाकर ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना है।मोहित की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। पिता हरि सिंह पाल, जो रेलवे विभाग में कार्यरत हैं, बेटे की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सीमित आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद परिवार ने हमेशा मोहित का साथ दिया।उनके गोल्ड मेडल की खबर मुरादाबाद पहुँचते ही स्थानीय शूटिंग रेंज, खिलाड़ियों और उनके परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग मोहित




को युवाओं के लिए प्रेरणा बताते हुए उनकी सफलता पर बधाइयाँ दे रहे हैं। मोहित की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि लगन और अनुशासन के साथ सपनों को साकार किया जा सकता है।

# भारतीय किसान यूनियन ने 13 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन की बैठक का आयोजन आज तहसील परिसर में किया गया जिसमें किसानो की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम संत दास पवार को 13 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया जिसमें दीवान मिल द्वारा इस सत्र का गन्ना भुगतान शुरू करना, गन्ना केंद्रों पर 21 कुंतल की पर्ची बनवाना, गन्ना ढुलाई प्रत्येक क्रय केंद्र की दूरी के अनुसार निर्धारित करना, किसानों को कम दामों पर मैली दिए जाना, गन्ना वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाना, खनन में चल रहे डंपरों की रफ्तार पर काबू करते हुए उनके ऊपर त्रिपाल डालकर सड़क पर से गुजरना, क्षेत्र में खाद्य केंद्रों पर डीएपी उपलब्ध कराना, सरकारी बीज केंद्रों पर गेहूं का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना, बिजली के बिल मीटर रीडर द्वारा नियमित रूप से निकलवाए जाना,



विद्युत आपूर्ति नियमानुसार किसानों को किया जाना, नहरों में पानी छोड़े जाना, गन्ने के सीजन में कांठ में सड़क पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाना, कावण पथ एवं करनपुर मार्ग पर गन्ना ट्रांसपोर्ट में लगे दो पहिया ट्रालो में क्षमता से अधिक भरे जाने वाले गन्ने पर रोक लगाना आदि मांगों को रखा गया। कहा गया कि इन समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो फिर भारतीय किसान यूनियन को अनिश्चितकालीन धरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह दर्शन सिंह हरदीप सिंह सियाराम बिश्नोई अरविंद बिश्नोई जॉनी आदिल अंसारी हैप्पी बिश्नोई महेश ठाकुर बलराज सिंह अंश ढिल्लों आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेंडर आधारित हिंसा रोकने में युवाओं की भूमिका पर आयोजित हुई कार्यशाला

**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय जयनगर, सुरजन नगर में जेंडर आधारित हिंसा रोकने में युवाओं की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इस महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा और कुलदीप व्यास द्वारा किया गया। कार्यशाला में छात्रों को जेंडर आधारित हिंसा के विभिन्न पहलुओं और इसे रो. कने में उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को हिंसा रोकने के प्रभावी उपायों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से परिवार से मिलने वाले संस्कारों, स्कूल व कॉलेज की शिक्षा और अध्यात्म जैसे कारकों पर बल दिया, जिनके माध्यम से युवा समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।इस अवसर पर डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. सुदामा चौहान, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. अरुण, डॉ. अनुज सिंह और रवि जायसवाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उपस्थित छात्र-छात्राओं में दीपांशी, खुशी, नरगिस, नीरज और सुंदरम जैसे नाम भी शामिल थे।यह कार्यशाला जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ लड़ाई में युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इसने प्रतिभागियों को इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से विचार करने पर मजबूर किया।

# आईएफटीएम में डिजिटल युग विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वावधान में ''डिजिटल युग में न्यायिक पुर्निर्वलोकन: एआई, एल्गोरिदम और संवैधानिक जवाबदे. ही' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईयूएए के अध्यक्ष प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने किया। प्रो. श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में वर्तमान समय में न्यायपालिका की भूमिका की प्रासंगिकता पर चर्चा की और न्यायिक पुर्निर्वलोकन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय से एलएल.एम पाठ्यक्रम के 2020-21 बैच की पूर्व छात्रा व वर्तमान में एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत



सुश्री जूही नसीम

सुश्री जूही नसीम मुख्य वक्ता रहीं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री नसीम ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के डिजिटल युग में न्यायिक पुर्निर्वलोकन की भूमिका तथा महत्व लगातार बड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एल्गोरिदम आधारित निर्णय-प्रणालियाँ न्यायिक प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यों में तेजी ला रही हैं, परंतु इनके साथ संवैधानिक जवाबदेही सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। इस मौके पर कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एस.बी. मिश्रा ने व्याख्यान के दौरान अति महत्वपूर्ण जानकारियां उपलबध कराने हेतु मुख्य वक्ता व एलुमना सुश्री नसीम की सराहना करते हुए उन्हें भविष्यमयी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूर्व विद्यार्थी वर्तमान छात्र, छात्राओं के लिए प्रेरणा के स्रोत होते हैं। अंत में कार्यक्रम की आयोजन सचिव डॉ. चित्रा सिंह ने सभी उपसिथतों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के विभागध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र सिंह समेत अन्य कई शिक्षकों की विशेष योगदान रहा।

विभागध्यक्ष डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि पूर्व विद्यार्थियों की कही गई बातों का नए विद्यार्थियों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इस व्याख्यान में स्कूल के 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# वांछित अभियुक्त को तमन्चा के साथ किया गिरफ्तार

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ पुलिस ने बुधवार को कुढ़फतेहगढ़ थाने में 29 नवंबर को दर्ज किये गये मुकदमा संख्या 223/2025 में वांछित चल रहे अभियुक्त मुकेश पुत्र राजपाल निवासी बेरनी को बेहटा खास के निकट बंद पड़े ईंट भट्टा के पास से गिरफ्तार किया है। तलाशी में एक तमन्चा 12 बोर व एक कारतूस बरामद किया है। कुढफतेहगढ पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए धारा 3/25/37 आर्म्स एक्ट वृद्धि कर न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार मुक. 'श के खिलाफ कुढफतेहगढ थाने में 15 अन्य मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग ने कराया गांव-गांव सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के अंतर्गत अकबरपुर संदलीपुर चंगेरी कोठी भीकनपुर मल्लीवाला आदि गांव में सास बहू बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें परिवार कल्याण के साधनों की जानकारी दी गई। पुरुष नसबंदी और महिला नसबंदी के साधनों के प्रयोग के बारे में बताया गया। सम्मेलन में ग्राम प्रधान आशा संगिनीसीएचओ डब्ल्यू एच ओ व जन समुदाय के लोग मौजूद रहे। भली प्रकार से जागरूक करने वाले ग्रामीणों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बताया गया कि इस पखवाड़े में 139 सास बहू बेटा सम्मेलन आयोजित किए जाने हैं कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ गांव की महिला और पुरुषों ने प्रतिभाग किया।

### टीका उत्सव का गन्ना समिति के अध्यक्ष ने कराया शुभारंभ



**कांठ( शाह टाइम्स )** टीका उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में 27 सत्रों का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के द्वारा कराया गया बताया गया कि अलग-अलग जगह पर हुए सत्रों के आयोजन में अलग-अलग जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और उन्हीं के द्वारा इन कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में बताया गया कि टीका उत्सव के दौरान सात जानलेवा बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूरे माह चलेगा तथा सभी बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा। इस दौरान दिसंबर माह के टीकाकरण का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया।

### 5 दिसम्बर को ई पॉश मशीन जमा करेंगे राशन डीलर



**कांठ ( शाह टाइम्स )** कमीशन वृद्धि एवं समय से कोटेदारों को कमीशन प्राप्त होने की मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के आह्वान पर सभी राशन डीलरों ने अपने-अपने जिला मुख्यालय पर इपॉश मशीन जमा करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने बताया कि आज तहसील कांठ से राशन डीलर जिला मुख्यालय पहुंचे और जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात की जिसमें उन्होंने 5 तारीख को होने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी बताया गया कि राशन डीलरों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को शासन द्वारा आज तक पूरा नहीं किया गया है। इससे नाराज अब राशन डीलर ईपास मशीन जमा कर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने 5 दिसंबर को 11 बजे जनपद के सभी राशन डीलर से अंबेडकर पार्क पहुंच कर ई-पास मशीन जमा करने का आह्वान किया।

इस मौके पर अरुण माथुर रिहान कविता राठी बलराम सिंह सैनी अरशद अली भूदेव सविता और चौधरी विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संत दास पवार ने आज तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया और रिकॉर्ड का रखरखाव दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय जाकर वहां के रिकॉर्ड के रखरखाव वहां के रिकॉर्ड की पेंडिंग एवं अन्य चीजों पर फोकस किया उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

कई चीजों को लेकर उन्होंने उनसे जानकारी मांगी उन्होंने कहा कि संबंधित जानकारी तत्काल उपलब्ध कराई जाए हालांकि किसी प्रकार की खामी पाए जाने पर उन्होंने किसी तरह की कार्यवाही से इनकार किया और बताया कि मांगी गई सूचनाए प्राप्त होने के बाद ही इस संबंध में आगे कुछ जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर एसडीएम न्यायिक भी मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति 5.0 नई दिशा, नए संकल्प



**कुंदरकी।** प्राइमरी विद्यालय जटपुरा में पुलिस विभाग से आई टीम ने बच्चों को टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी ।साथ ही साथ महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति का पांचवां चरण शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन 22 सितंबर 2025 से प्रारंभ हुआ। यह चरण केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन और उद्यमिता को भी केंद्र में रखकर तैयार किया गया है ।मिशन शक्ति फेज-5.0 में शहरी और ग्रामीण अंचलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इसमें जन-जागरूकता, संवाद और प्रत्यक्ष पहुंच की रणनीतियों के जरिए महिलाओं और बालिकाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाई जा रही है तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं । मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य केवल महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रदेश की प्रगति में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना भी है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 4 दिसम्बर 2025

# साइबर अपराधों का जाल

केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन में संचार साथी के प्री-इंस्टालेशन की अनिवार्यता को हटाने की बात कही है। सरकार का कहना है कि सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टाल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है। संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल निर्माताओं के लिए अनिवार्य प्री- इंस्टालेशन को हटाने का फैसला लिया था। सरकार के इस कदम को एपल के फैसले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार से आदेश मिलने के बाद स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एपल ने इसका पालन करने से इन्कार कर दिया था। वहीं साइबर अपराधों की बढ़ती जटिलता, डिजिटल अरेस्ट से लेकर गुमनाम व बड़े पैमाने पर सीमा-पार घपलों, ने उनसे तुरंत निपटना जरूरी और कठिन दोनों बना दिया है। साइबर अपराधियों ने उस सुरक्षा खामी का फायदा उठाया है, जिसमें इंस्टैंट मैसेजिंग एप्स पर उपयोगकर्ताओं के खाते संबद्ध सिम कार्ड हटा दिये जाने के बाद भी चालू रहते हैं। इस गुमनामी का इस्तेमाल करते हुए वे सरकार का रूप धर कर धोखाधड़ी करते हैं। फर्जी या छेड़छाड़ किये हुए आईएमईआई नंबरों के धड़ल्ले से इस्तेमाल ने भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए अपराधियों को खोज निकालना लगभग नामुमकिन बना दिया है। ऐसे में, सरकार द्वारा साफ्टवेयर और हार्डवेयर संबंधी इन कमजोरियों के निवारण के लिए ज्यादा धारदार साधनों के इस्तेमाल की कोशिश शायद अपरिहार्य हो गयी है। दूरसंचार विभाग के 28 नवम्बर और 1 दिसम्बर के निर्देश भी यही बताते हैं। पहला निर्देश सिम बाइंडिंग , यह सुनिश्चित करना कि वास्तविक सिम हटाने पर उपयोगकर्ता का खाता ठप हो जाए, को बाध्यकारी बनाता है। दूसरे में, स्मार्टफोन निर्माताओं को मार्च 2026 तक सभी नये यंत्रों (डिवाइस) में डिवाइस आथेंटिसिटी के सत्यापन के लिए संचार साथी एप प्री-इंस्टाल करना था। पहला निर्देश एक सुरक्षा पैबंद जो व्हाट्सएप/इंटरनेट मैसेजिंग उपयोगकर्ताओं को असुविधा में डाल सकता है, जबकि दूसरा उस कहावत की याद दिलाता है कि नरक का रास्ता बनने की शुरुआत अक्सर अच्छी मंशा से होती है। जाली हैंडसेट और फर्जी आईएमईआई नंबर की समस्या का यह हल एक ऐसा इलाज है, जो बीमारी से ज्यादा नुकसानदेह हो सकता है। निर्देश में बिल्कुल साफ कहा गया था कि एप पहली बार इस्तेमाल या डिवाइस सेटअप के समय अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए आसानी से नजर आने वाला और सुगम पहुंच वाला हो तथा इसकी कार्यशीलताओं को अक्षम या सीमित नहीं किया जा सके, जिसका मतलब यह हुआ कि इस एप को फोन के आपरेटिंग सिस्टम के भीतर उच्च सुरक्षा मंजूरी दी जाएगी, जिससे इसे कैमरा, फोन या एसएमएस एक्सेस जैसी सुविधाओं तक ज्यादा घुसपैठ वाली पहुंच मिलेगी। राज्य निगरानी (स्टेट सर्विलांस) के लिए इस एप के दुरुपयोग और सुरक्षा से समझौते के बाद किसी बदनीयत व्यक्ति या संगठन द्वारा करोड़ों उपयोगकर्ताओं को निशाना बनाये जाने की आशंका साफ तौर पर मौजूद है। केंद्र सरकार ने राजनीतिक विपक्ष, पत्रकारों और एक्टिविस्टों को निशाना बनाने के लिए पेगासस साफ्टवेयर के इस्तेमाल के साथ जो किया है, उसे देखते हुए यह बेबुनियाद डर नहीं है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता



मोदी सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति शुरू से ही गंभीर उदासीनता दिखाई है, वह प्राकृतिक दोहन को बढ़ावा देती है और धरती के लिए तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ने वाले इसके प्रभावों को नजरअंदाज करती रही है, क्या नीति निर्माण कुछ लोगों को तात्कालिक लाभ पहुंचाने के लिए इस कदर कमजोर होनी चाहिए कि उससे लाखों लोगों के हितों को नजरदअंदाज किया जाए, अरावली पहाड़ियों को लेकर जो नीतियां तैयार की हैं, उसके तहत 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन प्रतिबंध लागू नहीं होंगे, गुजरात से लेकर राजस्थान और हरियाणा तक फैली अरावली पर्वतीय शृंखला ऐतिहासिक रूप से देश की भूगोलिक और विरासत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, लेकिन अब सरकार की नई नीतियों ने इन पहाड़ियों के लिए रूप से मौत का फरमान जारी कर दिया है। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# आत्महत्या करते विश्व गुरु के गुरुजन







निर्मल रानी

> **शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र ( वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे ) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है।**

मतदाता सूची के संशोधन के लिए देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा विवादित विशेष गहन संशोधन SIR इन दिनों काफी चर्चा में है। SIR को लेकर कथित तौर पर बरती जा रही अनियमितताएं तो चर्चा में हैं ही साथ ही इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के मामले भी सुर्खियों में हैं। अलग-अलग रिपोर्ट्स के मुताबिक नवम्बर-दिसम्बर 2025 में कम से कम 12 से 20 बीएलओ ने आत्महत्या की है, जबकि आत्महत्या सहित हार्ट अटैक व स्ट्रोक आदि से 30 से अधिक बीएलओ की मृत्यु होने का समाचार है। आत्महत्या करने वाले कई बी एल ओ ने भले ही अपने सुसाईड नोट या आत्महत्या से पूर्व जारी अपने वी डी ओ सन्देश में स्पष्ट रूप से काम के भारी दबाव व तनाव की बात क्यों न की हो परन्तु चुनाव आयोग इन मौतों को SIR से जोड़ने से इंकार करता है और इन्हें अन्य प्रकार के मामलेष बताता है। आयोग ने इन मौतों को लेकर कुछ विपक्षी दलों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को राजनी. तिक करार देते हुए कहा है कि ये मौतें SIR प्रक्रिया से सीधे जुड़ी नहीं हैं, और अधिकांश मामलों की जांच चल रही है।

बहरहाल SIR प्रक्रिया व इसी दौरान बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ की आत्महत्याओं के सन्दर्भ में एक सबसे अहम बात यह है कि आत्महत्या करने वाले इन बूथ स्तरीय अधिकारियों में अधिकांशत: शिक्षक ही शामिल हैं? बीएलओ आमतौर पर सरकारी स्कूल शिक्षक ही होते हैं, क्योंकि चुनाव आयोग सरकारी कर्मचारियों, खासकर शिक्षकों को ही इस भूमिका के लिए नियुक्त करता है। तो क्या राष्ट्र निर्माण की धुरी समझे जाने वाले शिक्षक समाज की नौबत अब यहां तक आ पहुंची है कि उन्हें आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है? वह भी किसी गैर शिक्षण संबंधी कार्य का निर्वहन करते हुए? इन घटनाओं ने एक बार फिर यह बहस छेड़ दी है कि क्या देश के गुरुजनों को ऐसी सरकारी ड्यूटी पर लगाना चाहिए जहां न केवल उन्हें तनावग्रस्त होना पड़े बल्कि उनकी डड्रूटी के दौरान बाधित होने वाले शिक्षण कार्यों से भी देश के छात्रों का भविष्य प्रभावित हो?

भारत सरकार या चुनाव आयोग की नजरों में शिक्षक की अहमियत क्या है यह तो सरकार व चुनाव आयोग की उदासीनता से बखूबी समझा जा सकता है परन्तु भारत रत्न एपी जे अब्दुल कलाम की नजरों में शिक्षक का महत्व क्या है यह विभिन्न अवसरों पर उन्होंने बयान किया है। अब्दुल कलाम शिक्षकों को समाज का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ मानते थे। वे अक्सर कहते रहते थे कि शिक्षक राष्ट्र-निर्माता होते हैं कलाम साहब कहते थे कि शिक्षक वो नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्य ठूंसे, बल्कि एक अच्छा शिक्षक वो है जो छात्र के दिमाग में रचनात्मकता की लौ जलाए। शिक्षक का काम सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि छात्रों के अंदर सपने जगाना और उन्हें पंख देना है। कलाम साहब का मानना था कि अगर कोई देश भ्रष्टाचार-मुक्त और सुन्दर मन वाला समाज चाहता है, तो मुझे पूरा यकीन है कि समाज के तीन सदस्य इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। मां, पिता और गुरु। यहां तक कि शिलांग में अपने जीवन के अंतिम क्षणों में दिए गए अपने अंतिम भाषण में भी उन्होंने अपनी एक स्मृति का उल्लेख इन शब्दों में किया था, मुझे याद है मेरे शिक्षक ने कहा था, अगर तुम अच्छे शिक्षक बनो, तो तुम्हारा छात्र तुम्हें पार कर जाएगा। मैंने यही किया और आज मेरा छात्र (वे IIM शिलांग के छात्रों की ओर इशारा कर रहे थे) मुझे पार कर जाएगा। यह शिक्षक का सबसे बड़ा इनाम है। कलाम साहब के लिए शिक्षक कोई नौकर नहीं, बल्कि वह राष्ट्र की आत्मा को गढ़ने वाले माली के समान है। वे मानते थे कि एक अच्छा शिक्षक पूरे देश के भविष्य को बदल सकता है। शायद यही वजह थी कि वे स्वयं को भारत रत्न,पूर्व राष्ट्रपति या मिसाईल मैन कहलवाना नहीं बल्कि प्रोफेसर कहलाना ज्यादा पसंद करते थे।

इस सन्दर्भ में हरियाणा सरकार के हाल ही में लिए गए उस फैसले की प्रशंसा करना जरूरी है जिसमें राज्य सरकार ने शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य और शिक्षण से जुड़ी गतिविधियों तक ही सीमित रखने का आदेश जारी किया है। यह फैसला शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 27 के तहत लिया गया है जिसमें चुनाव ड्यूटी, सर्वे, डेटा एंट्री जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त कर केवल स्कूलों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। खबर तो यह है कि यह आदेश वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। परन्तु यदि हरियाणा सहित देश के सभी राज्य इस प्रकार के स्थाई आदेश जारी करें तो सम्भवत: चुनावै,प्ट या जनगणना जैसे अन्य विभागों के काम के बोझ से दबकर आत्म हत्या किए जाने जैसी खबरों पर जरूर विराम लग सकेगा, परन्तु बड़े आश्चर्य की बात है कि गुरु को लेकर तरह तरह के उपदेश देने व उनके सम्मान का दिखावा करने वाली सरकारों ने आज गुरु को उस अंजाम तक पहुंचा दिया है जहां उन्हें आत्म हत्या करनी पड़ रही है? आज क्यों नहीं याद आती सरकार को संत कबीर दास की वह वाणी जिसमें उन्होंने कहा था कि गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय। अर्थात गुरु और गोबिंद भगवान एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए। गुरु को अथवा गोबिन्द को? ऐसी स्थिति में गुरु के चरणों में शीश झुकाना उत्तम है जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविन्द का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ या फिर संत कबीर के ही यह वचन कि गुरु बिन ज्ञान न उपजै, गुरू बिन मिलै न मोष। गुरु बिन लखै न सत्य को गुरू बिन मिटै न दोष।। अर्थात- हे सांसरिक प्राणियों। बिना गुरु के ज्ञान का मिलना असम्भव है। तब तक मनुष्य अज्ञान रूपी अंधकार में भटकता हुआ मायारूपी सांसारिक बन्धनों मे जकड़ा रहता है जब तक कि गुरू की कृपा प्राप्त नहीं होती। मोक्ष रूपी मार्ग दिखलाने वाले गुरु ही हैं। बिना गुरु के सत्य एवं असत्य का ज्ञान नहीं होता। उचित और अनुचित के भेद का ज्ञान नहीं होता फिर मोक्ष कैसे प्राप्त होगा? अत: गुरु की शरण में जाओ। गुरु ही सच्ची राह दिखाएंगे। परन्तु कितना दु:खद है कि गुरु पूर्णिमा व शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु सम्मान का दिखावा करने वाली आज की सरकारों के दौर में विश्व गुरु भारत के गुरुजन स्वयं आत्महत्या करते दिखाई दे रहे हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्रदूषण ने छीन ली चेहरे की चमक



शहनाज हुसैन

> **इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है।**

देश में प्रदूषण का स्तर किसी से छिपा नहीं है। पिछले काफी हफ्तों से ज्यादातर शहरों में पी एम लेवल 150 से पार रिकॉर्ड किया जा रहा है जो कोलेजन और इलास्टिसिटी जैसे महत्वपूर्ण तत्वों को नुकसान पहुंचाता है। आज के समय में बढ़ते प्रदूषण का असर पर्यावरण के अतिरिक्त त्वचा और आंखों पर दिखाई देता है। इसकी वजह से त्वचा बेजान और बेरुखी नजर आती हैं तथा त्वचा पर एक्ने, एक्जिमा व हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी समस्याएं बढ़ती हैं जिससे आप समय से पहले ही बूढ़े दिखने लगते हैं। प्रदूषण के कारण त्वचा की सुरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इससे त्वचा में नमी की कमी होती है और ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ता है।

मेरा यह सुझाव है कि बाहर से आते ही चेहरे को हल्के फेस वाश से जरूर धोएं ताकि त्वचा पर जमी धूल, गंदगी को हटाया जा सके जिससे त्वचा की सुरक्षा परत को सुरक्षित रखा जा सके। सनस्क्रीन का इस्तेमाल सूरज की यूवी किरणों के इलाबा प्रदूषण से भी आपकी स्किन की सुरक्षा करता है। एक व्यापक 30 एसपीएफ या उससे अधिक स्पेक्ट्रम वाली सनस्क्रीन का उपयोग करें। सुबह बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि प्रदूषण और धूप मिलकर नुकसान को कई गुना बढ़ा देते हैं। सप्ताह में दो से तीन बार स्किन की गहराई से सफाई और एक्सफोलिएशन करें, ज्यादातर लोग त्वचा की सामान्य तरीके से क्लींजिंग करते हैं। जबकि बढ़ते प्रदूषण में स्किन को डीप क्लीनिंग करनी होती है। चेहरे को धोने के लिए ऑयल बेस्ड क्लींजर का यूज करें दिन में दो बार फेस वॉश जरूर करें। पूरे दिन त्वचा पर प्रदूषण और गंदगी जमा हो जाती है जिसे साफ करने के लिए सोने से पहले डबल क्लींजिंग करें। इसमें पहले तेल आधारित क्लींजर से अशुद्धियों को पिघलाकर चेहरे को साफ किया जाता है। इसके बाद पानी आधारित क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो रोमछिद्रों को साफ करता है। इसके बाद पेप्टाइड युक्त मरम्मत करने वाला सीरम लगाएं और मॉइस्चराइजर उपयोग करें। बाहर जाते समय चेहरे को कपड़े से ढकें और धूल वाले स्थान से दूरी बनाएं। आंखों के लिए चश्मा या धूप का चश्मा पहनें। इससे धूल और धुएं का सीधा असर कम होता है। त्वचा को डिटॉक्स और हाइड्रेट करने के लिए रोजाना पर्याप्त पानी जूस ,सूप पिएं और अपने भोजन में रोज फल व सब्जियां शामिल करें। इस दौरान एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार लेना भी मददगार साबित हो सकता है। एंटीऑक्सीडेंट ज्यादातर फल और सब्जियों में पाए जाते हैं। फलों में ज्यादातर जामुन, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, अंगूर , संतरे और अनार में पाए जाते हैं ६ सब्जियों में पालक , गाजर और ब्रॉक्ली इसके स्त्रोत हैं। प्रदूषण से जंग जीतने में घर से बाहर निकलने से पहले त्वचा पर विटामिन सी युक्त सिरम जरूर लगाएं। इससे स्किन को फ्री रेडिकल से बचाया जा सकता है और त्वचा की रंगत में निखार आता है। एंटीऑक्सीडेंट्स युक्त क्रीम लगाने से चेहरे के पिगमेंटेशन कम होते हैं और त्वचा को कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। इस दौरान ज्यादा गर्म या ठंडे पानी से नहाने से परहेज करें क्योंकि यह त्वचा को शुष्क बना सकता है इसकी बजाय सामान्य या गुनगुने पानी का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा। बार-बार मुंह धोने से त्वचा की सुरक्षा परत कमजोर पड़ सकती है इसलिए दो बार से ज्यादा मुंह न धोएं। अगर आपकी त्वचा में जलन हो रही हो तो कठोर स्क्रब, अल्कोहल। आधारित टोनर और रेटिनॉइड जैसे उत्पादों से परहेज करें क्योंकि ए नुकसान पहुंचा सकते हैं। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेस वाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थो का उपयोग कीजिए। इन पदार्थो में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थो के जमाव तथा फोड़े, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना





योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है शं नो वरुण: अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना 4 दिसम्बर 2025 को तिरुवनंतपुरम के शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ईस्ट इंडिया मरीन से बदलकर बॉम्बे मरीन कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी भारतीय नौसेना कर दिया गया। भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान: 13 साल के बच्चे ने दी मौत की सजा

## स्टेडियम में करीब 80 हजार लोग देखने जुटे, दोषी ने बच्चे के 13 परिजनों की जान ली थी

**काबुल।** अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक स्टेडियम में 80 हजार लोगों के सामने एक अपराधी को गोली मार दी गई। अमू न्यूज के मुताबिक गोली चलाने का काम एक 13 साल के लड़के ने किया। जिस आदमी को 13 साल के लड़के ने मारा, उस पर आरोप था कि उसने उसके परिवार के 13 लोगों की हत्या की थी।

इसमें कई बच्चें और महिलाएं भी थीं। फांसी से पहले तालिबान अधिकारियों ने उस 13 साल के बच्चे से पूछा कि क्या वह आरोपी को माफ करना चाहता है। बच्चे ने इंकार कर दिया। इसके बाद अधिकारी ने बच्चे को बंदूक देकर सामने खड़े शख्स पर गोली चलाने को कहा। तालिबान की सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था। उसने अब्दुल रहमान नाम के शख्स की हत्या की थी। खोस्त पुलिस प्रवक्ता मुस्तगफिर गोरबाज के मुताबिक, मरने और मारने वाले दोनों रिश्तेदार थे। इस मामले में दो और दोषियों को भी मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन उन्हें



■ अफगान सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक मारा गया आदमी मंगाल खान था

फांसी इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि पीड़ितों के कुछ वारिस उस समय मौजूद नहीं थे। इससे एक दिन पहले तालिबान ने आम लोगों को नोटिस जारी कर सार्वजनिक रूप से यह घटना देखने के लिए बुलाया था। इसमें लोगों को खोस्त के सेंट्रल स्टेडियम में जुटने को कहा गया था। मंगला खान को मौत की सजा मिलने के बाद तालिबान के सुप्रीम कोर्ट ने प्रेस रिलीज कर घटना की जानकारी दी है। इसमें बताया गया है कि सार्वजनिक रूप से किसास (जान के बदले जान) की सजा के तौर पर एक कातिल को मार दिया गया है। अपराधी मंगाल खान मूल रूप से पकतिया प्रांत का था और खोस्त में रह रहा था। उसने खोस्त के ही अब्दुल रहमान, साबित, और अली खान की हत्या की थी। इस मामले की तालिबान की तीन अदालतों (प्राथमिक, अपीलीय और तमीज) ने बहुत बारीकी से जांच की। तीनों अदालतों ने सर्वसम्मति से शकिसासश के आदेश को मंजूरी दी। इस आदेश को अंतिम रूप में मौलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा (तालिबान के सर्वोच्च नेता) को भी भेजा गया था, जिन्होंने अपनी मंजूरी दी। हत्या के दौरान स्टेडियम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, खोस्त के राज्यपाल (गवर्नर), खोस्त अपीलीय कोर्ट के प्रमुख, और अन्य सरकारी अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। 15 अगस्त 2021 को तालि. बान ने दोबारा अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

## इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की। उन्होंने सीरिया और इजरायल के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति अल-शरा के प्रयासों की सराहना की।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के मद्देनजर बारिश के बीच बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से लोगों को बचाते हुए।

## ट्रम्प ने बाइडन के हस्ताक्षर दस्तावेजों को शून्य घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन के ऑटोपेन हस्ताक्षर युक्त सभी दस्तावेजों को अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित घोषित कर दिया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट किया। जोसेफ आर. बाइडन जूनियर के प्रशासन में अब कुख्यात और अनधिकृत 'ऑटोपेन' हस्ताक्षरित कोई भी दस्तावेज, घोषणाएं, कार्यकारी आदेश, ज्ञापन या अनुबंध अब पूरी तरह अमान्य, शून्य और आगे से किसी भी कानूनी प्रभाव से रहित हैं। उन्होंने आगे लिखा। जिन लोगों को 'माफी', 'सजा में कमी' या कोई अन्य कानूनी दस्तावेज इस तरह से मिला हो, उन्हें सूचित किया जाता है कि वह दस्तावेज पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और उसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन ने ताइवान के मामले पर फिर जापान से नाराजगी जताई

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान पर जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची के एक हालिया बयान पर एक बार फिर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि जापान को अपने ऐतिहासिक अपराधों पर विचार करना चाहिए और अपने शब्दों को वापस लेना चाहिए। ताइवान मामलों के राष्ट्रीय परिषद के प्रवक्ता झांग हान ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जापान को चीन के आंतरिक मामलों में दखल देना बंद कर देना चाहिए। उसे मजबूत कदम उठाते हुए अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं और 'अखंड-चीन' सिद्धांत पर टिके रहना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया में सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बुधवार को सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध का पालन करने में विफल रहती हैं तो उन्हें लाखों डॉलर का जुर्माना भरना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश 10 दिसम्बर से प्रभावी हो जाएगा और इससे एक सप्ताह पहले अपने भाषण में सुवेल्स ने स्वीकार किया कि कुछ बच्चे नए प्रतिबंधों से बचने का रास्ता खोज लेंगे।

### ईयू की पूर्व विदेश नीति प्रमुख मोगेरिनी हिरासत में

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की पूर्व विदेश नीति चीफ फेडेरिका मोगेरिनी को बेल्जियम पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के लिए हिरासत में लिया है। यूरा. ेपीय संघ की पूर्व उच्च प्रतिनिधि सुमोगेरिनी को धोखाधड़ी-विरोधी जांच के तहत एक पुलिस छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया। इसके बाद पूरे ब्रसेल्स में खलबली मच गई है। सुमोगे. रिनी उन तीन संदिग्धों में से एक हैं जिन्हें मंगलवार सुबह पूछताछ के लिए ले जाया गया।

### अमेरिका-रूस के बीच शांति समझौते पर हुई बात: उशाकोव

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने यूक्रेन शांति समझौते के लिए अमेरिका की ओर से पेश किए गए दस्तावेज के विशिष्ट बिंद. ुओं पर तो चर्चा नहीं की है, लेकिन मोटे तौर दोनों देशों ने बातचीत कर ली है। पुतिन के सहयोगी युरी उशाकोव ने बुधवार को यह जानकारी दी। उशाकोव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने अपने अमेरिकी समकक्षों से उन दस्तावेजों के कुछ बिंदुओं पर बात की जो अमेरिका ने कुछ समय पहले हमारे सहयोगियों को दिए थे।

# इमरान ने साधा आसिम मुनीर पर निशाना

## पाक के पूर्व पीएम ने कहा: पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवाद के लिए फील्ड मार्शल जनरल जिम्मेदार





■ जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने देश के फील्ड मार्शल जनरल आसिम मुनीर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया है कि जनरल मुनीर की नीतियां न सिर्फ पाकिस्तान के लिए विनाशकारी हैं बल्कि उन्होंने जानबूझकर अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ाया है।

इमरान खान ने यह आरोप अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए, जिसमें उन्होंने बढ़ते आतंकवाद, राजनीतिक दमन और जेल में अपने साथ हो रहे कथित अत्याचार का भी जिक्र किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्रीय हितों को दरकिनार कर पश्चिमी शक्तियों को खुश करने में लगे हुए हैं। उनके मुताबिक अफगानिस्तान के खिलाफ कठोर रुख, शरणार्थियों की जबरन वापसी और ड्रोन हमलों जैसे कदमों ने देश में आतंकवाद को और भड़काया है। इमरान खान ने आरोप लगाया कि मुनीर खुद को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर 'मुजाहिद' के रूप में दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि इसका नुकसान पाकिस्तान उठा रहा है। यह बयान इमरान खान ने तब दिया जब उनकी बहन डाक्टर उज्मा खान ने लगभग एक महीने बाद अदियाला जेल में उनसे मुलाकात की। यह मुलाकात शहबाज शरीफ सरकार की स्पेशल परमिशन के बाद हुई। इमरान ने दावा किया कि बढ़ते आतंकी घटनाओं के लिए वे मुनीर को जिम्मेदार मानते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ड्रोन हमले और सैन्य अभियान केवल अस्थिरता बढ़ाते हैं और स्थानीय आबादी में गुस्सा पैदा करते हैं।

खान का कहना है कि मुनीर ने पहले अफगानों को धमकाया, फिर शरणार्थियों को निकालने का आदेश दिया और फिर ड्रोन हमले शुरू किए, जिसके नतीजे आज पाकिस्तान में सामने आ रहे हैं। इमरान खान ने जेल में अपने साथ हो रहे व्यवहार को मानसिक यातना बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें चार सप्ताह से पूरी तरह अकेले एक सेल में बंद रखा गया है, न किसी से मिलने दिया जा रहा है, न किसी तरह की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके राजनीतिक साथियों से मिलने पर पहले रोक लगाई गई और अब परिवार व वकीलों तक का एक्सेस खत्म कर दिया गया। खान ने दावा किया कि उनकी पत्नी को झूठे मामलों में फंसाया गया है और उनकी बहन नूरीन नियाजी को सिर्फ मुलाकात मांगने पर सड़क पर घसीटा गया। इमरान खान ने कहा कि देश में कानून और संविधान पूरी तरह ध्वस्त हो चुके हैं। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने दमन के इस माहौल में समझौते के बजाय प्रतिरोध का रास्ता चुना है। खान ने खैबर पख्तूनख्वा में गवर्नर राज लगाने की धमकियों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर ऐसा करने की हिम्मत है तो तुरंत लागू कर देखें, फिर देखेंगे उनके साथ क्या होता है।

### आसिम मुनीर कट्टरपंथी: अलीमा खानुम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खानुम ने सेना प्रमुख आसिम मुनीर को इस्लामी कट्टरपंथी और रूढ़िवादी बताया। उन्होंने बुधवार को स्काई न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि मुनीर ऐसे लोगों से लड़ना चाहते हैं जो इस्लाम में विश्वास नहीं रखते। अलीमा से जब मई में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने सीधे तौर पर आसिम मुनीर पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मुनीर अपनी कट्टरपंथी सोच की वजह से भारत के साथ युद्ध करना चाहते हैं। अलीमा ने अपने भाई इमरान खान को लिबरल बताया। उन्होंने कहा कि जब इमरान खान सत्ता में आए तो उन्होंने भारत और यहां तक कि बीजेपी से भी रिश्ते सुधारने की कोशिश की। जबकि मुनीर बार्डर पर तनाव और युद्ध का माहौल बनाते हैं, जिससे भारत और उसके

**इमरान की बहन बोलीं: इस्लाम न मानने वालों से लड़ते हैं, इमरान ने भारत से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिश की**

सहयोगी प्रभावित होते हैं। अलीमा खानुम का दावा है कि इमरान पाकिस्तान के 90 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए उन्हें अलग-थलग करके शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान के लोगों का दमन कर रही है। अलीमा ने इमरान खान को पाकिस्तान के लिए 'एसेट' बताते हुए पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे उनकी रिहाई के लिए मदद बढ़ाएं। इमरान भ्रष्टाचार के मामले में 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। इमरान ने कल अपनी उज्मा खान से मुलाकात की थी। इमरान 27 दिन के बाद परिवार का कोई सदस्य मिले थे। इससे पहले उन्होंने 5 नवम्बर को अपनी बहन नौरीन खान से मुलाकात की थी।

# भारत ने श्रीलंका के पीड़ितों को और मदद भेजी

■ पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सेना की टुकड़ी पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर पड़ोसी प्रथम नीति की मिसाल पेश की है। दरअसल, श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है। भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका को इस तबाही से बचने के लिए 'ऑपरेशन सागर बंधु' शुरू किया। भारतीय सेना की एक विशेष टुकड़ी बुधवार को श्रीलंका पहुंची।

पड़ोसी देश को मानवीय आपदा राहत (एचएडीआर) अभियानों, बचाव और राहत कार्यों में मदद की है, जिससे पड़ोसी देश को सहायता प्रदान की जा सके। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहयोग कर रहा है। भारतीय वायु सेना का एक सी-17 विमान चिकित्सा दल और उपकरण लेकर कोल. ंबो पहुंच गया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पोस्ट कर कहा कि एक भारतीय वायु सेना का सी-17 परिवहन विमान, जिसमें एक स्व-निहित, माडयूलर फील्ड अस्पताल, 70 से ज्यादा चिकित्सा और सहायता कर्मी, और वाहन हैं, कोलंबो पहुंच गया है। भारत श्रीलंका के बाढ़ राहत प्रयासों में निरंतर सहायता कर रहा है। इससे पहले, भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने सुनामी, आर्थिक संकट और चक्रवात से हुई तबाही जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्रथम प्रत्युत्तरदाता के रूप में भारत की भूमिका की सराहन की। उच्चायुक्त कोलोन ने कहा कि चक्रवात के कारण श्रीलंका में भारी क्षति हुई है।

400 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। हम अभी भी राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। नुकसान का व्यापक आकलन करने मे कुछ समय लगेगा। हम भारत के आभारी हैं कि वह हमेशा की तरह सबसे पहले मदद के लिए आगे आया है। पहले सुनामी, फिर आर्थिक संकट के दौरान और अब चक्रवात के दौरान भारत हमारी सहायता के लिए सबसे पहले आया। वे राहत और बचाव कार्य कर रहे हैं। जमीन पर मेडिकल टीमें और मोबाइल अस्पताल मौजूद हैं और जब हम बात कर रहे हैं, तब भी वे हमारी मदद कर रहे हैं और श्रीलंका के अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि श्रीलंका इस मुश्किल दौर से गुजर सके।

# पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की सेहत नाजुक

■ अचानक अस्पताल पहुंचे बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख, जल्द ठीक होने की कामना की

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। ऐसे में चौकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश की तीनों सशस्त्र सेवाओं के प्रमुख गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने अस्पताल पहुंचे।

थल सेनाध्यक्ष जनरल वाकर- उज- जमान, नौसेना प्रमुख एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान मंगलवार को एवरकेयर अस्पताल पहुंचे। यह जानकारी बांग्लादेश की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने दी। सूत्रों के अनुसार, तीनों सेवा प्रमुखों की गाड़ियां रात करीब नौ बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर दिखाई दीं। उन्होंने अस्पताल में थोड़ी देर रुककर जिया से मुलाकात की और उनके परिवार और मेडिकल टीम से बातचीत की। इसके बाद रात 9:20 बजे के आसपास वे अस्पताल से चले गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों प्रमुखों ने जिया के जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी 80 वर्षीय जिया से मुलाकात की।

## रूस ने यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय टिप्पणियों की निंदा की

**मास्को।** रूस ने ब्रुसेल्स में अवरुद्ध अपनी संप्रभु निधियों के संभावित उपयोग पर यूरा. ेपीय नेताओं की टिप्पणियों की आलोचना की है और यूरोप पर युद्धोन्माद एवं चोरी का आरोप लगाया है। रूस ने कहा कि यूरोप मास्को की वित्तीय संपत्तियों को चुराकर उन्हें यूक्रेन को ऋण देने की योजना बना रहा है ताकि कीव अपनी 'युद्ध मशीन' को वित्तपोषित कर सके। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा कि वे (यूरोपीय) यूरोप में अवरुद्ध रूसी परिसंपत्तियों को चुराने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। यह 200 अरब डॉलर से अधिक है।

# चीन का पहला रीयूजेबल रॉकेट लॉन्च फेल

## ऑर्बिट तक पहुंचा, लेकिन बूस्टर पृथ्वी पर लौटते समय फटा, केवल अमेरिका के पास ये टेक्नोलॉजी

**बीजिंग।** चीन की लीडिंग प्राइवेट स्पेस कंपनी लैंडस्पेस ने 3 दिसम्बर को अपना पहला रीयूजेबल राकेट जेडआईक्यू-3 वाई1 लॉन्च किया। राकेट ने सफलतापूर्वक आर्बिट हासिल की, लेकिन फर्स्ट स्टेज बूस्टर की लैंडिंग के दौरान खराबी आ गई।



■ अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है

यह रिकवरी साइट के ऊपर फट गया। यह चीन का पहला ऐसा प्रयास था जहां रीयूजेबल राकेट को आर्बिट में भेजा गया। अमेरिका अब भी इकलौता देश है, जिसका आर्बिटल क्लास बूस्टर धरती पर सफलतापूर्वक लौटा है। इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने फाल्कन 9 राकेट के जरिए सबसे पहले ऐसा किया था। इसके अलावा, जेफ बोजेस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ऐसा कर चुकी है। पिछले महीने न्यू ग्लेन राकेट अपने दूसरे मिशन में बूस्टर को रिकवर करने और रीयूज करने में कामयाब रहा था। इस मिशन का मकसद राकेट को लो-अर्थ आर्बिट (एलईओ) तक ले जाना और फर्स्ट स्टेज को वापस पृथ्वी पर लैंड करना था। हालांकि, आग लगने के कारण वो इसमें कामयब नहीं हो सका। राकेट को दोपहर में चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया। राकेट ने लिफ्टआफ से लेकर आर्बिट इंसर्शन तक का पूरा सफर तय अनुसार किया। लैंडस्पेस के इंजी. नियर्स ने लाइव अपडेट्स में बताया कि टेलीमेट्री डेटा परफेक्ट था। फर्स्ट स्टेज रिटर्न के दौरान किसी गड़बड़ी के कारण हवा में ही इसमें आग लग गई। इसकी वजह राकेट की हीट शील्ड या पैराशूट सिस्टम में कोई गड़बड़ी हो सकती है। जेडआईक्यू-3 वाई1 एक मीडियम-लिफ्ट रीयूजेबल राकेट है, जो मिथेन-पावर्ड इंजन से चलता है। इसे चीन की प्राइवेट कंपनी लैंड स्पेस ने बनाया है। राकेट का डायमीटर 4.5 मीटर है। ऊंचाई 66.1 मीटर है। पूरी तरह फ्यूल भरने पर इसका वजन करीब 570 मीट्रिक टन हो जाता है। लिफ्टआफ थ्रस्ट 750 टन से ज्यादा है। यह सैटेलाइट्स को लो-अर्थ आर्बिट या सन-सिंक्रोनस आर्बिट में ले जा सकता है। रॉकेट के प्रोपेलेंट टैंक स्टेनलेस स्टील के बने हैं, जो मजबूत होते हैं, हाई टेम्परेचर और करोशन को झेल सकते हैं और इनकी लागत भी कम आती है। बूस्टर पर चार ग्रिड फिन और चार लैंडिंग लेग लगे है।

# हम यूरोप से जंग के लिए तैयार: पुतिन

## कहा: अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बात. चीत करने वाला कोई नहीं बचेगा। पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप के साथ सीधा युद्ध हुआ तो हालात अलग होंगे और रूस पूरी ताकत से जवाब देगा। यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। यह सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस अभी तक पड़ोसी यूक्रेन पर पूरी तरह कब्जा नहीं कर



■ यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है बल्कि सर्जिकल आपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है: पुतिन

पाया है। यूक्रेन को यूरोपीय देशों और अमेरिका का मजबूत समर्थन मिल रहा है। यूरोपीय देशों और यूक्रेन का कहना है कि अगर पुतिन यूक्रेन युद्ध जीत जाते हैं तो वे किसी नाटो देश पर हमला कर सकते हैं। हालांकि पुतिन इस दावे को बार-बार बकवास बता चुके हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय देशों ने खुद ही रूस से बात. चीत के रास्ते बंद कर लिए हैं। इसलिए अब वे युद्ध के पक्ष में खड़े हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने 25 नवम्बर को दावा किया रूस अगले चार साल में किसी छा्ञ्ज देश पर हमला कर सकता है। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक नाटो के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है। वेडफुल ने चेतावनी दी है कि रूस की ये नई सैन्य यूनिट्स् यूरोपीय संघ और नाटो को निशाना बना सकती हैं।

